लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 281, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

कानपुर नगर, रविवार, 1 जून 2025



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जीवन पर संकट : पर्यावरण में घुलता प्लास्टिक कचरा व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com



कोलंबिया ने बयान लिया वापस, भारतीय नीति का किया समर्थन...12

**आज का मौसम**

39.0° अधिकतम तापमान | 31.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 05 : 16
सूर्यास्त 06 :57


अब हर मौसम में होगा मोतियाबिंद का ऑपरेशन
विश्व की अत्याधुनिक फेको मशीन द्वारा

आयुष्मान कार्ड धारकों एवं पं0 दीनदयाल उपाध्याय राज्य कर्मचारी स्वास्थ्य योजना कार्ड धारकों का बिना इन्जेक्शन, बिना पट्टी, फेको विधि से

निःशुल्क मोतियाबिन्द आपरेशन



आरगोस- ऑप्टिकल बायोमीटर



एल्कॉन वैरिऑन इमेज गाइडेड सिस्टम



सेंचुरियन- फेको मशीन

समस्त हेल्थ इंश्योरेंस (TPA) उपलब्ध

डॉ. यशवंत सिंह कटियार
एम.बी.बी.एस., एम.एस. (वरिष्ठ नेत्र सर्जन)
फोल्डेबल IOL एण्ड फेको विशेषज्ञ

आदर्श हॉस्पिटल

समय: प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे एवं सांय 06 बजे से 08.30 बजे तक

जे—929, बर्रा बैंक (निकट स्टेट बैंक) कानपुर

9415330718, 8400514020

नोट- सभी मरीजो को अपने साथ आयुष्मान कार्ड राशन कार्ड एवं आधार कार्ड साथ लाना अनिवार्य है।

# पुलिस के हत्थे चढ़ा चालक की हत्या का तीसरा आरोपी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● गो तस्करी के विरोध पर हुई थी चालक की हत्या

**अमृत विचार।** जाजमऊ में गो तस्करों का वाहन चलाने से इनकार करने व बकाया वेतन मांगने पर चालक की पीट-पीटकर की गई हत्या के मामले में पुलिस ने तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त कार, मृतक चालक सलीम का मोबाइल व आरोपी शोएब आलम का भी मोबाइल बरामद किया है। दो आरोपी पहले जेल भेजे जा चुके हैं।

मूलरूप से औरैया के खानपुर चौराहा निवासी 45 वर्षीय सलीम अहमद पोखरपुर निवासी शोएब आलम का 10 टायरा ट्रक चलाता था। बीते गुरुवार को सलीम शोएब से वेतन मांगने पहुंचा था, जिस पर शोएब ने अपने भाई हसीब उर्फ शीबू, फरहान और सद्दाम के साथ मिलकर लाठी-डंडों व लोहे की राड से उसकी पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। वहीं परिजनों ने आरोप लगाया था कि सलीम से आरोपी गो तस्करी का वाहन चलवाते थे। जिसका विरोध करने पर उसकी बेरहमी से हत्या की गई।

पुलिस ने मामले में आरोपी शोएब आलम और सद्दाम को जेल भेज दिया था। वहीं तीसरे आरोपी शहनवाज आलम उर्फ राजा को गल्ला गोदाम चौराहा के पास से गिरफ्तार किया है। जाजमऊ थाना प्रभारी ने बताया कि अब चौथे आरोपी की तलाश की जा रही है।

# बस अड्डे के चालक बेलगाम, लगता जाम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● सड़क पर सवारी भर रहीं और उतार रहीं बसें, ट्रैफिक टीम बेबस रहती

● करोड़ों रुपये की लागत से बने समानांतर पुल से कोई फायदा नहीं

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की बसों के चालकों-परिचालकों के बेलगाम होने के कारण शहीद मेजर सलमान खान अंतर्राज्यीय झकरकटी बस अड्डा की व्यवस्था चरमरा गई है। झकरकटी पुल यानी बस अड्डे के मुख्य गेट एवं उसके सामने बसों की अराजकता से जाम लग रहा है जो टाटमिल चौराहा तक पहुंच जाता है। उमस भरी गर्मी में दिनभर हजारों लोग परेशान हो रहे हैं। रेल कार्यालय का रास्ता भी बसें घेरे रहती हैं जिससे रेल अधिकारी परेशान हैं।


झकरकटी बस अड्डे के बाहर सड़क जाम किए बसें। अमृत विचार

झकरकटी बस अड्डा के अंदर बसों को सवारी उतारने एवं बिठाने का आदेश है लेकिन रोडवेज बसें अड्डा के गेट पर ही सवारी उतार रही हैं और बिठा रही हैं। इससे जाम लगता है। झकरकटी बस अड्डा के बाहर बसों को सड़क पर जाम नहीं लगाने देने के लिए यातायात की टीम क्रेन के साथ खड़ी रहती है लेकिन परिवहन बसों के चालक यातायात टीम की एक नहीं सुनते हैं।

### रेलवे कार्यालय का रास्ता बंद

झकरकटी बस अड्डा के सामने वाली पट्टी में रेलवे का कार्यालय है। आरपीएफ की बैरिक व क्वार्टर भी हैं जिससे सैकड़ों रेल अधिकारी, कर्मचारी व आरपीएफ के लोगों का आना जाना इसी रास्ते से रहता है लेकिन बसें रास्ते में ही रोककर सवारी भरती हैं जिससे अधिकारी, कर्मचारी जाम में फंसे रहते हैं।

"शिकायत मिली है। ऐसी बसों के नंबर नोट करके संबंधित परिक्षेत्र के अधिकारी को भेजा जाएगा, ताकि चालक, परिचालकों पर कार्रवाई हो सके। **–पंकज तिवारी, सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक, झकरकटी बस अड्डा**

## सार-संक्षेप


जेके कैंसर संस्थान में मौजूद विशेषज्ञ। अमृत विचार

### तंबाकू से बढ़ता आनुवांशिक बीमारियों का खतरा

**कानपुर।** रावतपुर स्थित जेके कैंसर संस्थान में शनिवार को बागवान वेलफेयर सोसाइटी व जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ (स्वास्थ्य विभाग) ने सेमिनार का आयोजन किया। जेके कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ. एसएन प्रसाद ने कहा कि तंबाकू के दुष्प्रभाव गंभीर हैं, जिसमे विभिन्न प्रकार के कैंसर शामिल है। तंबाकू से अनुवांशिक बीमारियों का खतरा बना रहता है। बीमारियों से लड़ने के लिए मानव शरीर की प्रतिरक्षा क्षमता भी गायब हो जाती है। डॉ. अंशू कुमार गोयल सह आचार्य डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, डॉ. द्रौपती यादव, मंजू मिश्रा, अतुल त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह पाल, सचिव सुनील कुमार तिवारी, संतोष गुप्ता, सुशील काबरा, सुनील राठौर, कामायनी शर्मा, सरोज गुप्ता, नीतू गुप्ता, रेनू चतुर्वेदी समेत आदि रहे।


प्रमाणपत्र प्राप्त करते एलआईसी के अधिकारी। अमृत विचार

### एलआईसी को मिला आईएसओ प्रमाणपत्र

**कानपुर।** भारतीय जीवन बीमा निगम को ब्रिटिश संस्थान से आईएसओ व्यवसाय निरंतररता प्रबन्धन प्राणलि प्रमाणन प्राप्त हुआ है। यह प्रमाणन एलआईसी की परिचलन व्यवस्था, निरंतर नियोजन और जोखिम प्रबंधन क्षमातों को मान्यता देता है। बताया गया कि आएसओ व्यवसाय निरंतररता प्रबंधन के लिए एक अंतरराष्ट्रीय मानक है। जो परिचलन वरदानों को काम करने और संकट के समय में तेजी से रिकवरी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित करता है। इस उपलब्धि पर एलआईसी के सीईओ और प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि हम अपने ग्राहकों के भरोसे और विश्वास को सबसे अधिक महत्व देते हैं।


बीएनएसडी शिक्षा निकेतन से निकली तिरंगा यात्रा। अमृत विचार

### ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में शौर्य अभिनंदन तिरंगा यात्रा

**कानपुर।** ऑपरेशन सिंदूर के समर्थन में एवं देश की सैन्य शक्ति को वंदन व अभिनंदन अर्पित करने के लिए बीएनएसडी शिक्षा निकेतन से "शौर्य अभिनंदन तिरंगा यात्रा निकाली गई। भारत माता की जय का जयघोष किया गया। ये यात्रा कारगिल शहीद पार्क में समाप्त हुई। यात्रा में कानपुर विभाग की मातृ शक्ति ने स्कूटी, बाइक आदि के माध्यम से उत्साहपूर्वक सहभागिता की। मुख्य वक्ता समाजसेवी नीतू सिंह ने आतंकी हमले में शहीद हुए कानपुर के शुभम द्विवेदी को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रांत संयोजिका महिला समन्वय डॉ. प्रियंका सिंह मधु अवस्थी, डॉ. मोनिका अग्रवाल, प्रांत संघ चालक भवानी भीख आदि मौजूद रहे।

### सगी बहनों से दुष्कर्म के आरोपी गए जेल

**कानपुर।** नाबालिग बहनों को अगवा कर दुष्कर्म करने के मामले में काकादेव पुलिस ने उनका न्यायालय के समक्ष बयान दर्ज कराया। इसके बाद पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। काकादेव क्षेत्र की रहने वाली पीड़ित महिला की 14 वर्षीय बड़ी बेटी हाईस्कूल की छात्रा है और 11 वर्षीय छोटी बेटी कक्षा-सात की। महिला का आरोप है कि बीती 26 मई को दोनों बेटियां घर से किताब खरीदने निकली थीं। इस दौरान विजयनगर निवासी आपराधिक प्रवृत्ति का बब्बू और उसका साथी रावतपुर निवासी अजय वर्मा उर्फ चंडाल ने दोनों बेटियों को अगवा कर अपने घर ले गया। जहां आरोपियों ने उनकी बेटियों से दुष्कर्म किया। घटना की जानकारी होने पर वह आरोपियों के घर पहुंची तो उनसे गाली-गलौज व मारपीट की। काकादेव थाना प्रभारी ने बताया कि किशोरियों के न्यायालय के समक्ष बयान दर्ज कराने के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# केबिल डालने में पेयजल और सीवर लाइन टूटी, जलसंकट

## जूही लाल कालोनी और आस-पास के 50,000 लोग प्रभावित, अभी 3,4 दिन रहेगी दिक्कत


जूही में दुर्गा मंदिर चौराहा पर टूटी पेयजल-सीवरलाइन। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● नलों से गंदा व बदबूदार पानी आ रहा, गर्मी में लोग परेशान

● इलाके में बीमारियां फैलने की आशंका भी

**अमृत विचार।** जूही लाल कालोनी में दुर्गा मंदिर चौराहा पर नेट केबिल डालने के दौरान जेसीबी ने पेयजल और सीवर लाइन तोड़ दी। इससे इलाके में भारी जलसंकट है। लाइनें मिल जाने से 50,000 से अधिक लोगों के घरों में सीवर का पानी आ रहा है जिससे खतरनाक बीमारियां फैलने का अंदेशा हो गया है।

कानपुर दक्षिण के जूही कलां वार्ड स्थित जूही लाल कालोनी में पिछले सप्ताह जेसीबी से खुदाई करके नेट की केबिल डाली जा रही थी, तभी दुर्गा मंदिर चौराहा पर पेयजल और सीवरलाइन की पाइप टूट गई। इसके बाद पेयजल और सीवर लाइन मिलने से नलों से गंदा पानी आने लगा। जिससे हजारों लोग परेशान हैं। भीषण गर्मी में नलों से गंदा व बदबूदार पानी आने से लोग पानी खरीदकर पीने को मजबूर हैं। कुछ लोग निजी सबमर्सिबल से भी पानी ले रहे हैं।


"सीवर और पेयजल पाइप लाइन टूटे हुए एक हफ्ता हो गया है। भीषण गर्मी में पानी की समस्या पैदा हो गई है। नलों से आने वाला पानी इतना गंदा है कि उससे कोई काम नहीं किया जा सकता। दूर दराज से पानी लाने को मजबूर हैं।
**–सुशील चौरसिया**

### क्या बोले क्षेत्रीय लोग


"नलों से गंदा पानी आ रहा है। आधा घंटा पानी काला, पीला आता है, उसके बाद कुछ ठीक होता है लेकिन फिर भी पीने के लायक नहीं होता। परिवार को बीमारी से बचाने के लिए पानी की बोतल खरीदकर लाते हैं।
**–इम्तियाज अहमद**


नलों से आने वाले गंदे पानी को लोग डर के मारे प्रयोग में नहीं ला रहे हैं, यहां तक की पीने का पानी, बर्तन धोने का पानी भी बाहर से लाने के लिए हजारों लोग मजबूर हैं। नगर निगम को चाहिए कि समस्या का समाधान करें। ताकि आवागमन में परेशानी न हो।
**–आसिफ अंसारी**


दुर्गा मंदिर चौराहा पर नेट केबिल डालने में गंगा बैराज मेन लाइन तोड़ दी गई जो सीवर लाइन से मिल गई है जिससे घरों में गंदा पानी आ रहा है। कई दिनों से कार्य चल रहा है, 3-4 दिन में कार्य पूरा होने की उम्मीद है।"
**–अमित जायसवाल, क्षेत्रीय पार्षद**


सेमिनार में चेयरमैन सीए अंकुर गोयल व अन्य विशेषज्ञ।

# एमएसएमई की समस्याओं के लिए हेल्प डेस्क बनाई

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया का सेमिनार

**अमृत विचार।** द इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की सेंट्रल इंडिया रीजनल काउंसिल की ओर से शनिवार को एक सेमिनार आयोजित हुआ। इस दौरान नए पेशेवरों को विशेषज्ञों ने आर्थिक समस्याओं के समाधान के बारे में बताया। संस्थान की ओर से एमएसएमई सेक्टर के लिए हेल्प डेस्क बनाए जाने की भी जानकारी दी गई। यह हेल्प डेस्क एक जगह पर समस्याओं का समाधान करने में सक्षम है।

'ओवर व्यू इंडिया एस व बिजनेस वैल्यूएशन' विषय पर हुए सेमिनार की शुरुआत सीपीई , सीआईआरसी के चेयरमैन सीए चेयरमैन अंकुर गोयल ने की। उन्होंने कहा कि इंस्टीट्यूट की ओर से मध्यम और लघु उद्यमों के लिए एक हेल्पडेस्क प्रारंभ किया जा रहा है। जिसका उद्देश्य छोटे व्यापारियों को उनके व्यवसाय से जुड़ी कठिनाइयों का समाधान प्रदान करने में सहायता करना है। सीए शाश्वत गुप्ता ने इंडियन अकाउंटिंग स्टैंडड्र्स की मौलिक अवधारणाओं को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने हाल ही में हुए महत्वपूर्ण संशोधनों तथा उनके प्रभावों पर भी चर्चा की। सीए वैभव गुप्ता ने व्यवसाय मूल्यांकन की प्रमुख अवधारणाओं, उसकी आवश्यकता, विभिन्न आधुनिक पद्धतियों जैसे डिस्काउंटेड कैश फ्लो, कंप्रेटिव कंपनी एनालिसिस आदि को समझाया। संचालन सीए शुभम ओमर एवं अध्यक्षता सीए. हिमांशु कपूर ने किया। सीए. शिवा गुप्ता, सीए सुरेन्द्र निषाद, गोविन्द निमानी, शिशिर शुक्ला, राजीव कपूर, शिवम् ओमर, आरिफ आलम, मोहम्मद अमन रहे।

# कमरे व आश्रम की दीवार मैच

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● युवती से सामूहिक दुष्कर्म में वायरल वीडियो की एडीसीपी ने की जांच

**अमृत विचार।** गोविंदनगर स्थित जिस आश्रम में युवती से सामूहिक दुष्कर्म का आरोप है, उससे संबंधित वीडियो की पुलिस अधिकारियों ने आश्रम पहुंचकर जांच की तो वीडियो में दिख रहा कमरा आश्रम का ही निकला। लेकिन दूसरा पेंच फंस गया। युवती ने आश्रम के जिन लोगों पर आरोप लगाया, उन्होंने घटना के दिन महाकुंभ में होने की बात कही। अब पुलिस उनके मौजूद होने के साक्ष्य जुटाने में लगी है।

आश्रम के सेवादार और अन्य लोगों पर सामूहिक दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली युवती ने लगभग सात मिनट का वीडियो पुलिस अधिकारियों को सौंपा है। जिसमें वह बेहोशी की हालत में दिखाई दे रही है, जबकि एक बुजुर्ग हाथ-पैर दबाने के साथ अश्लील हरकत कर रहा है। युवती के अनुसार उसी दिन आश्रम में बुजुर्ग सहित अन्य ने सामूहिक दुष्कर्म किया। एडीसीपी साउथ महेश कुमार ने बताया कि वीडियो सामने आने पर आश्रम पहुंचकर जांच की। वीडियो में दिख रही कमरे की दीवार आश्रम के कमरे की दीवार से मिलती है, लेकिन युवती ने जिन अन्य लोगों पर आरोप लगाया है। उन्होंने घटना के दौरान महाकुंभ में होने की बात कही है। इसलिए अब उनकी मौजूदगी के साक्ष्य जुटाए जाएंगे। वहीं आश्रम के सेवादार की पत्नी ने शनिवार को डीसीपी व थाने में पेश होकर युवती पर गंभीर आरोप लगाए। कहा कि युवती दो लाख रुपये न देने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की कई माह से धमकी दे रही है। पुलिस ने कहा कि इसकी भी जांच होगी।

### बातचीत का आडियो वायरल

सोशल मीडिया पर शनिवार को एक 3.18 मिनट का एक आडियो वायरल हुआ। आडियो में एक युवती किसी व्यक्ति को धमकाती नजर आ रही है। कहा जा रहा है कि बातचीत पीड़िता व आरोपी सेवादार के बीच का है। वीडियो में युवती व्यक्ति से घर आकर मिलने का दबाव डाल रही है।


आर्यनगर में तंबाकू निषेध दिवस पर जागरुकता फैलाई गई।

## सबका यही है सपना, नशा मुक्त देश रहे अपना

**कानपुर।** आर्य नगर स्थित परशुराम वाटिका में शनिवार को तंबाकू निषेध दिवस पर आरोग्यधाम के डॉ. हेमंत मोहन, डॉ.आरती मोहन व संस्थापिका पुष्पा मोहन ने जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया। 200 से अधिक समाजसेवियों, बुजुर्गों, माताओं, बहनों व बच्चों को डॉक्टरों ने तंबाकू, सिगरेट, शराब व निकोटिन पदार्थ का बहिष्कार करने की शपथ दिलाई। इनके सेवन से कई बीमारियां होती हैं। डॉ. आरती मोहन ने बताया कि सिगरेट से महिलाओं में मोटापा, उच्च रक्तचाप, बांझपन, बच्चेदानी का कैंसर व पुरुषों में नपुंसकता की समस्या बढ़ रही है। इस दौरान शुभांगी शर्मा, एनिमा मोहन, दीपक मालवीय, महेश मिश्रा, भ्राग रघुराज द्विवेदी, सुजीत अवस्थी, आर सोनकर, प्रमोद यादव, पंकज शर्मा, सुबंधु त्रिवेदी, योगेश शर्मा, विट्ठल मोहन व समीर शुक्ला समेत आदि रहे।

**हेल्थ अलर्ट** हुक्के से एक बच्चे के सिर की मुख्य नस हुई ब्लॉक, करना पड़ा इलाज

# हुक्का व स्मोकिंग से सिर की मुख्य नस होती कमजोर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जो उम्र शरीर के ग्रोथ करने की होती है, उस उम्र में बच्चे हुक्का व सिगरेट का सेवन कर रहे हैं, जिसकी वजह से बच्चों का सिर कमजोर हो रहा है। इनके सेवन से ब्रेन की उस नस को नुकसान पहुंच रहा है, जिसकी वजह से हाथ-पैर, आवाज और कान मुख्य रूप से कंट्रोल होता है। सोचने, समझने और सहनशीलता की क्षमता भी प्रभावित हो रही है। अभिभावकों को जागरूक रहने और बच्चों पर नजर रखने की सख्त जरूरत है।


जानकारी देते वरिष्ठ सर्जन डॉ. विकास शुक्ला व डॉ.प्रीति शुक्ला। अमृत विचार

काकादेव स्थित दि पनेशिया हॉस्पिटल में शनिवार को धूम्रपान निषेध दिवस पर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमे वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ.विकास शुक्ला व कैंसर स्पेशियलिस्ट डॉ.प्रीति शुक्ला ने लोगों को तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट व गुटखा से शरीर को हो रहे नुकसान की जानकारी दी। डॉ.प्रीति शुक्ला ने बताया कि तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट व हुक्का के सेवन से युवतियों व महिलाओं में थायराइड, मोटापा व प्रजनन क्षमता प्रभावित होने की भी समस्या हो सकती है। डॉ.विकास शुक्ला ने बताया कि कुछ माह पहले कक्षा आठ में पढ़ने वाला एक बच्चा आया था, जिसके सिर में दर्द के साथ ही चलने-फिरने और कुछ भी खाने में दिक्कत हो रही थी। बच्चे की हिस्ट्री ली गई तो जानकारी हुई कि बच्चे ने काफी मात्रा में घरवालों से छुपकर हुक्का का सेवन किया। हुक्का न मिलने पर वह स्मोकिंग करने लगा। जांचों से पता चला कि बच्चे के सिर की वह नस ब्लॉक हो गई है, जो हाथ, पैर, आवाज, कान आदि को कंट्रोल करती है और याददाश्त मजबूत करती है।

### सिगरेट-तंबाकू से बढ़ रहे अस्थमा के मरीज

कानपुर। सिगरेट, तंबाकू व गुटका का सेवन से लोगों में अस्थमा की समस्या बढ़ रही है। जिसकी वजह से लोगों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। कई लोगों को इनहेलर लेना पड़ रहा है। ऐसे में अगर लोग जागरूक नहीं हुए तो इनहेलर पर ही जीवन बीतेगा। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल में प्रतिदिन 10 से 15 मरीज ऐसे पहुंच रहे हैं, जिसको स्मोकिंग की वजह से सांस लेने और अस्थमा की समस्या है। कानपुर जैसे औद्योगिक शहरों में वायु प्रदूषण के कारण अस्थमा के मरीजों की संख्या में वृद्धि देखी जा रही है। ऐसे में अस्थमा के लक्षणों की शीघ्र पहचान और नियमित इलाज अत्यंत आवश्यक है। मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल के विभागाध्यक्ष डॉ.सुधीर चौधरी ने बताया कि इसकी रोकथाम व उपचार में दवाइयों के साथ सिगरेट व तंबाकू का कंट्रोल भी बहुत जरूरी है। विभागाध्यक्ष डॉ. अवधेश कुमार ने बताया कि अस्थमा एक गंभीर लेकिन नियंत्रित करने योग्य बीमारी है। सही समय पर पहचान, नियमित इनहेलर उपयोग और ट्रिगर से बचाव से रोगी सामान्य जीवन जी सकते हैं। सिगरेट व तंबाकू का सेवन कम करने से व्यक्ति फेफड़े संबंधित बीमारी से दूर रहता है।

## चोरी व रंगदारी मांगने की रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी के मवैया गांव निवासी सुरेंद्र शर्मा के अनुसार उन्होंने कई साल पहले अहिरवां के सदानंदनगर में एक मकान खरीदा था, जो उनकी पत्नी सुपर्णा के नाम है। आरोप है कि गांव के दो भाई व उनके रिश्तेदार सुरेश शर्मा व राकेश शर्मा मकान पर कब्जा करना चाहते हैं। जिसके चलते बीती 13 जनवरी को आरोपी बाइक से आए और मकान में बनी दुकान का शटर तोड़कर सात हजार रुपये, जरूरी कागजात चोरी कर ले गए। उन्होंने पुलिस से चोरी की शिकायत की और सीसीटीवी फुटेज दिखाए। पीड़ित के अनुसार जब वह तहरीर लेकर थाने जा रहे थे तो आरोपियों ने अपने पांच साथियों के साथ मिलकर रास्ते में रोक लिया और मारापीटा, 50 लाख की रंगदारी मांगी।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**REQUIRED**
National level institution - District Team Leader/ Coordinator. Prefe- Own Vehicle/ MBA **(Sales & marketing)**/ MSW. whatsapp **CV** 7081974868. Salary 5fig
Phone numbers
8004682261/ 9792793660

**सूचना**
सूच्य हो कि मेरे एल आई सी बीमा पालिसी संख्या 214507863 में मेरा नाम सहवाक दर्ज है , जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम प्रिंस चौधरी है । यह दोनों नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है और मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना और समझा जाता है । **प्रिंस चौधरी उर्फ सहवाक पुत्र सुभाष चंद्र निवासी – पुरवारा परगना – सलोन , तहसील – ऊंचाहार – रायबरेली**

**सूचना**
सूच्य हो कि मेरे एल आई सी बीमा पालिसी संख्या 214946137 में मेरा नाम कौशलेंद्र शाक्य दर्ज है , जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम कमला कांत लिखा है । यह दोनों नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है और मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना और समझा जाता है । **कमलकांत उर्फ कौशलेंद्र शाक्य पुत्र लक्ष्मीकांत निवासी – छतौना मरियानी परगना – सलोन , तहसील – ऊंचाहार – रायबरेली**

**सूचना**
सर्व साधारण सूचित किया जाता है की मेरे हाईस्कूल मे मेरे पिता का नाम के के सिंह ( K K SINGH ) जो की शार्ट नाम मे लिखा है जबकि मेरी इंटमीडिएट की सर्टिफिकेट में तथा अन्य सभी दस्तावेज मे मेरे पिता का नाम कृष्णा कुमार सिंह (KRISHNA KUMAR SINGH ) दर्ज है। दोनों ही नाम एक है । **कर्मवीर सिंह एफ–608 राजाजीपुरम लखनऊ**
MO-9369777742

**सूचना**
सूच्य हो कि मेरे एल आई सी बीमा पालिसी संख्या 214506141 में मेरा नाम दिनेश कुमार दर्ज है , जबकि अन्य अभिलेखों में मेरा नाम झल्लर लिखा है ।यह दोनों नाम मेरे एक ही व्यक्ति के है और मुझे दोनों नामों से जाना पहचाना और समझा जाता है । **झल्लर उर्फ दिनेश कुमार पुत्र शीतल दीन निवासी – दिकपाल का पुरवा मजरे – उसरैना परगना – सलोन , तहसील – ऊंचाहार – रायबरेली**

**सूचना**
मैं शपथी देवेन्द्र कुमार अस्थाना पुत्र रामदेव कटरा ठकुराना औरास का निवासी हूं। मेरा इंडियन बैंक शाखा इनायतपुर बर्रा में देवेन्द्र के नाम से खाता संचालित है। हमारा नाम देवेन्द्र कुमार अस्थाना बैंक में अंकित किया जाए। **शपथी देवेन्द्र कुमार अस्थाना पुत्र रामदेव, निवासी कटरा ठकुराना औरास उन्नाव।**

**सूचना**
मेरा 10 वर्षीय राष्ट्रीय बचत पत्र जिसका नंबर– 09NA615208 मु.–10,000/–, 01LA725317 मु. –1000/–, 01LA725318 मु.–1000/–, 01LA725319 मु.–1000/–, और 01LA725320 मु.–1000/– पोस्ट आफिस अलीगंज सुलतानपुर में जमा है। जिसमें मेरा नाम GUSARAT FATMA (गुसरत फातमा) दर्ज है जो गलत है। मेरा वास्तविक नाम अन्जुम बानों है जो आधार कार्ड में दर्ज है। उक्त राष्ट्रीय बचत पत्र में मेरा सही नाम अन्जुम बानों दर्ज किया जाए। **अन्जुम बानों पुत्री असगर अली, निवासी– ग्राम दाउदपुर चौकोंदी, बबुरी पोस्ट अलीगंज बाजार, थाना बन्धुआ कलां, तहसील सदर, जिला– सुलतानपुर**



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, जीवन पर संकट : पर्यावरण में घुलता प्लास्टिक कचरा व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष षष्ठी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 3, अंक 281, पृष्ठ -14+4, मूल्यः 5 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

आज का मौसम: 37.0° अधिकतम तापमान | 30.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 16 | सूर्यास्त 06 :57

कानपुर नगर, रविवार, 1 जून 2025




कोलंबिया ने बयान लिया वापस, भारतीय नीति का किया समर्थन...12

## राजीव कृष्ण बनाए गए उप्र के कार्यवाहक डीजीपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- नियुक्ति का आदेश जारी, प्रशांत कुमार को नहीं मिला सेवा विस्तार

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सतर्कता अधिष्ठान के निदेशक व उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती व प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण को पुलिस महानिदेशक का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। उनका कार्यभार डीजीपी पद पर स्थायी नियुक्ति होने तक रहेगा। शनिवार को प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद की ओर से इस आशय का निर्देश जारी हुआ। कार्यवाहक डीजीपी रहे प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिल पाया।

राजीव कृष्ण को 11 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को 'सुपरसीड'



करते हुए डीजीपी की जिम्मेदारी दी गई। मूल रूप से गौतमबुद्धनगर के निवासी राजीव इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्युनिकेशन से इंजीनियरिंग में स्नातक हैं। उनकी सेवानिवृत्ति में अभी चार वर्ष और एक माह का समय बाकी है।

## देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य

### सीजेआई ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के नवनिर्मित चैंबर्स व मल्टीलेवल पार्किंग भवन का किया उद्घाटन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत के प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति (सीजेआई) भूषण रामकृष्ण गवई ने शनिवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उच्च न्यायालय इलाहाबाद के 680 करोड़ से वकीलों के लिए बने चैंबर्स और मल्टीलेवल वाहन पार्किंग भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका हो या कार्यपालिका, देश के अंतिम नागरिक तक न्याय पहुंचाना हमारा मौलिक कर्तव्य है।

न्यायमूर्ति बीआर गवई ने कहा कि संविधान के 75 वर्षों के कालखंड में न्यायपालिका और कार्यपालिका ने ऐसे बहुत से कानून बनाए हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक और आर्थिक समानता लाने के लिए बड़ा योगदान दिया है। जमींदारों से जमीन लेकर लोगों को दी गई है। खेती करने वालों को जमीन का मालिक बनाया गया। ऐसे बहुत से कानून हैं, जिसके तहत देश के वर्किंग क्लास और लेबर क्लास को सशक्त किया गया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश ने वकीलों के लिए इतनी बड़ी सुविधा के लिए फंड्स उपलब्ध कराने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का भी आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जिन्होंने भारत में एक सामाजिक न्याय की भावना से कार्य किया उनकी जयंती के अवसर पर आज इस भवन का उद्घाटन हो रहा है, यह हमारे लिए गौरव की बात है।

इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस जेके माहेश्वरी, जस्टिस पंकज मित्तल, जस्टिस मनोज मिश्र, इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण भंसाली, दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति देवेंद्र कुमार उपाध्याय, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, यूपी के एडवोकेट जनरल अजय कुमार मिश्र आदि मौजूद रहे।



सीजेआई को प्रतीक चिह्न देते मुख्यमंत्री योगी।

### वादकारी का भी बड़ा महत्वः योगी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कानून के शासन में बार-बेंच के साथ ही वादकारी का महत्व भी उतना ही है। कहा कि मल्टीलेवल पार्किंग तभी सफल होगी, जब उसके कुछ स्पेस का कॉमर्शियल उपयोग हो। मल्टीलेवल पार्किंग व अधिवक्ता चैंबर्स के एक्सटेंशन के लिए भी जल्द धनराशि दी जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में महाकुम्भ से देश-विदेश के 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालु अभिभूत होकर गए। इसमें बड़ी भूमिका इलाहाबाद उच्च न्यायालय की भी थी।

### पॉवरफुल सीएम हैं योगी : गवई

सीजेआई ने कहा कि अभी मंच पर मेघवाल जी ने कहा कि योगी जी सबसे पावरफुल और कर्मठ मुख्यमंत्री हैं। मैं कहना चाहूंगा कि इलाहाबाद की भूमि ही पावरफुल लोगों की है। योगी जी तो पॉवरफुल मुख्यमंत्री हैं ही।

### एक नजर

#### प्रख्यात वन्यजीव संरक्षक वाल्मीक थापर का निधन

**नई दिल्ली।** देश के सबसे प्रख्यात वन्यजीव संरक्षणवादियों और लेखकों में से एक वाल्मीक थापर का शनिवार सुबह उनके आवास पर निधन हो गया। वह 73 वर्ष के थे। नई दिल्ली में 1952 में जन्मे थापर ने अपना जीवन खासकर राजस्थान के रणथंभौर राष्ट्रीय उद्यान में बाघों के अध्ययन और संरक्षण के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने 1988 में 'रणथंभौर फाउंडेशन' की सह-स्थापना की जो समुदाय-आधारित संरक्षण प्रयासों पर केंद्रित एक गैर-सरकारी संगठन है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने उनके निधन को एक बड़ी क्षति बताया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि आज का रणथंभौर खास तौर पर उनकी गहरी प्रतिबद्धता और जुनून का प्रमाण है।

#### आय से अधिक संपत्ति में अभियंता गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार के एक वरिष्ठ अभियंता को उनकी सेवानिवृत्ति के दिन आय से अधिक संपत्ति के आरोप में गिरफ्तार किया गया। राज्य सतर्कता विभाग ने शनिवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि अभियंता से जुड़े परिसरों पर तलाशी के दौरान 2 .56 करोड़ रुपये की नकदी बरामद होने और कई अचल संपत्तियों की जानकारी मिलने के एक दिन बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। सारंगी शनिवार को 34 वर्षों की सरकारी सेवा से सेवानिवृत्त होने वाले थे।

## आतंकवादियों ने नारी शक्ति को चुनौती दी, यही उनका काल बना

### प्रधानमंत्री मोदी ने पाकिस्तान को फिर चेताया, अब छद्म युद्ध नहीं चलेगा

भोपाल, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को दो टूक कहा कि भारत अब आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध कतई बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने पाकिस्तान को चेतावनी भी दी कि अब उन्हें (आतंकवादियों को) घर में घुसकर मारा जाएगा और अगर उधर से गोली चली तो जवाब गोले से दिया जाएगा।

लोकमाता देवी अहिल्याबाई की 300वीं जयंती पर आयोजित महिला सशक्तीकरण महासम्मेलन में मोदी ने सिंदूर को वीरता का प्रतीक करार दिया और पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान में आतंकवादियों के खिलाफ चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर को देश के इतिहास का सबसे बड़ा और सबसे सफल आतंकवाद विरोधी अभियान बताया। कहा कि आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है, यही आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है।




कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय ध्वज लहराते प्रधानमंत्री मोदी, मप्र के सीएम मोहन यादव ।

प्रधानमंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने डंके की चोट पर कह दिया है कि आतंकवादियों के जरिए छद्म युद्ध नहीं चलेगा, अब घर में घुसकर भी मारेंगे और जो आतंकियों की मदद करेगा उसको भी इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि अब भारत का एक-एक नागरिक कह रहा है, 140 करोड़ देशवासियों की बुलंद आवाज कह रही है कि अगर तुम गोली चलाओगे, तो मानकर चलो कि गोली का जवाब गोले से दिया जाएगा। इस महीने की शुरुआत में, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए, जिसमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल हैं।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 लोगों की हत्या किए जाने की घटना के दो सप्ताह बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सैन्य हमले किए गए।

### पहलगाम में हमारी संस्कृति पर हुआ था प्रहार

मोदी ने कहा कि भारत संस्कृति और परंपराओं का देश है और सिंदूर हमारी परंपरा में नारी शक्ति का प्रतीक है। राम भक्ति में लीन हनुमान जी भी सिंदूर लगाते हैं। हम शक्ति पूजा में सिंदूर चढ़ाते हैं। यह सिंदूर वीरता का प्रतीक बन गया है। सिंदूर हिंदू महिलाओं की वैवाहिक स्थिति का प्रतीक है और 22 अप्रैल को पहलगाम नरसंहार के बाद सैन्य ऑपरेशन के नाम के रूप में इसका इस्तेमाल जोरदार तरीके से हुआ। मोदी ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने सिर्फ भारतीयों का खून ही नहीं बहाया, उन्होंने हमारी संस्कृति पर भी प्रहार किया है। सबसे बड़ी बात आतंकवादियों ने भारत की नारी शक्ति को चुनौती दी है, ये चुनौती ही आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए काल बन गई है।

## खाई में पलटी कार, दूल्हे के दो चचेरे भाई समेत छह की मौत

### बरात में शामिल होने के बाद देर रात घर लौट रहे थे सभी

- मझिला थाने के भुप्पापुरवा मोड़ पर हुए हादसे के शिकार

संवाददाता, हरदोई/शाहाबाद/पाली

**अमृत विचार :** जिले में एक सड़क हादसे में दूल्हे के दो चचेरे भाइयों और बहनोई समेत छह लोगों की मौत हो गई। जबकि पांच बरातियों को लखनऊ के हायर सेंटर में भर्ती कराया गया है। हादसा मझिला थाने के भुप्पापुरवा मोड़ पर होना बताया गया है। सूचना पर डीएम अनुनय झा, एसपी नीरज कुमार जादौन आदि मेडिकल कॉलेज पहुंचे।

पाली थाने के मोहल्ला पटियानीम निवासी नीरज पुत्र रामसेवक की बरात शुक्रवार को मझिला थाने के कुसुमा गांव गई थी। वहां द्वारचार के बाद खाना-पीना हुआ। उसके बाद दूल्हे के दो चचेरे भाई जितेंद्र (25) पुत्र रघुवीर, आकाश (22), जितेंद्र का पांच वर्षीय पुत्र सिद्धार्थ, पाली थाने के किलकिली मजरा बेझा निवासी बहनोई जौहरी (35) पुत्र रामलाल, पटियानीम निवासी रिश्तेदार उदयवीर (20) पुत्र अमरीश के अलावा अमन पुत्र रामशंकर, प्रवीण पुत्र रामशरण, प्रवीण का भाई नीरज उर्फ निन्नू, रंजीत पुत्र रामप्रकाश और नरेंद्र पुत्र आशाराम वापस गांव जाने को तैयार हुए। बरात के साथ गई आर्टिगा कार से ड्राइवर 30 वर्षीय रामू राठौर उर्फ अरुण कुमार पुत्र विश्राम सिंह निवासी भगवंतपुर पाली के साथ देर रात लौट रहे थे। शनिवार की भोर करीब चार बजे तेज रफ्तार कार मझिला थाने के भुप्पापुरवा मोड़ पर बेकाबू होकर खाई में पलट गई। जिसमें ड्राइवर राजू उर्फ अरुण के साथ जितेंद्र, आकाश, सिद्धार्थ व जौहरी की मौके पर मौत हो गई। जबकि उदयवीर, अमन, प्रवीण, नीरज उर्फ निन्नू, रंजीत और नरेंद्र घायल हो गए, सभी को मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, वहां से उन्हें लखनऊ के हायर सेंटर रेफर कर दिया गया, जहां उदयवीर ने भी दम तोड़ दिया।



आकाश



उदयवीर



जितेंद्र



जौहरी



रामू राठौर



सिद्धार्थ

### मुख्यमंत्री ने जताया शोक, दिए सहायता के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मृतकों के परिजनों के लिए शोक संवेदनाएं प्रेषित कीं। साथ ही जिले के अधिकारियों को तत्काल अस्पताल पहुंच कर घायलों का समुचित उपचार कराने के निर्देश दिए। घायलों को शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## बारिश-भूस्खलन से पूर्वोत्तर में तबाही, 19 लोगों की मौत



असम के गुवाहाटी में एक स्कूल की चारदीवारी ढह जाने के बाद सड़क किनारे क्षतिग्रस्त कार।

नई दिल्ली, एजेंसी

- बाढ़ आने और घर गिरने से पांच राज्यों में हजारों परिवार प्रभावित

देश में समय से पहले आया मानसून पूर्वोत्तर में जमकर तबाही मचा रहा है। बीते तीन दिनों में पूर्वोत्तर के मणिपुर, मिजोरम, असम, अरुणाचल प्रदेश, त्रिपुरा में भारी बारिश, भूस्खलन और बाढ़ में 19 लोगों की मौत हो गई जबकि हजारों परिवार प्रभावित हुए हैं। घर गिरने से बड़ी संख्या में लोग बेघर हो गए हैं। नदियां उफान पर हैं।

अरुणाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण कई जिलों में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन की घटनाओं में नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि पूर्वी कामेंग जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 13 के बाना-सेप्पा खंड पर शुक्रवार देर रात भूस्खलन के कारण एक वाहन के सड़क से बह जाने से दो परिवारों के सात सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि निचला सुबनसिरी जिले में एक अन्य घटना में जीरो-कामले मार्ग पर पाइन ग्रूव क्षेत्र के निकट एक खेत में भूस्खलन होने से दो मजदूरों की मौत हो गई ऊपरी सुबनसिरी में सिगिन नदी के उफान पर आने से जिला मुख्यालय दापोरिजो में अचानक आई बाढ़ से व्यापक क्षति हुई है।

वहीं, असम में पिछले 24 घंटों में हुए भूस्खलन में पांच लोगों की मौत हो गई। भारी बारिश के कारण छह जिलों में बाढ़ आ गई है जिससे 10 हजार से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। मिजोरम में शनिवार को भारी बारिश के कारण हुए भूस्खलन में मकान ढहने से म्यांमा के तीन शरणार्थियों समेत चार लोगों की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। इस मानसून में मरने वालों की संख्या बढ़कर पांच हो गई है। मणिपुर में भी कुछ इलाकों में भारी बारिश के कारण बाढ़ की स्थिति बन गई है। नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। त्रिपुरा में भी बारिश के चलते बाढ़ की स्थिति है।

## जम्मू-कश्मीर सहित छह सीमावर्ती राज्यों में किया गया मॉक ड्रिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- हवाई हमलों से बचाव का किया गया अभ्यास

केन्द्र सरकार के निर्देश पर उत्तर-पश्चिमी सीमावर्ती राज्यों में 'आपरेशन शील्ड' के तहत वायु हमलों से बचाव के लिए छद्म अभ्यास (मॉक ड्रिल) किए गए।

केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात में अलग अलग स्थानों में हुए इस अभ्यास में सिविल डिफेन्स और विभिन्न सरकारी एजेंसियों ने जनभागीदारी के साथ हवाई हमले से बचाव के प्रदर्शन किए। सूत्रो के मुताबिक जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में अमर सिंह निवास में आयोजित इस मॉक ड्रिल में विभिन्न सरकारी और सिविज एजेंसियों ने भाग लिया। जम्मू में भी जिला प्रशासन ने आपातकालीन तैयारियों और सुरक्षा प्रशिक्षण के तहत इस ड्रिल का आयोजन किया गया। उधर राजस्थान में जयपुर में मॉक ड्रिल के दौरान घरों, प्रतिष्ठानों, कार्यालयों और वाहनों की लाइटें बंद कर नागरिकों ने इस प्रयास में विशेष सहयोग दिया। हरियाणा में राज्यभर के 22 जिलों में आयोजित सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल में हवाई हमलों के दौरान आपातकालीन तैयारी और प्रतिक्रिया क्षमता को मजबूत बनाने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया। इस बीच चंडीगढ़ प्रशासन ने आपरेशन शील्ड के तहत यह ड्रिल किशनगढ़ और आईटी पार्क में आयोजित की। ड्रिल में सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों, होम गार्डस, स्थानीय अधिकारियों और एनसीसी एवं एनएसएस जैसे युवा संगठनों और कई गैर सरकारी संगठनो मे भी भाग लिया। उधर गुजरात के जूनागढ़ शहर और केशोद क्षेत्र में भी आपरेशन ब्लैकआउट के तहत मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया।

## कर्नाटक में तंबाकू खरीदने की उम्र बढ़ाकर 21 वर्ष की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने एक कानून अधिसूचित किया है, जिसके तहत हुक्का बार पर प्रतिबंध लगाया गया है और तंबाकू उत्पाद खरीदने की कानूनी उम्र 18 से बढ़ाकर 21 वर्ष की गई है। उल्लंघन के लिए जुर्माने में बढ़ोतरी की गई है। सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद विधेयक, 2024 को 23 मई को राष्ट्रपति की स्वीकृति मिलने के बाद 30 मई को अधिसूचना जारी की गई। तंबाकू उत्पादों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने वाले अधिनियम में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति किसी भी सार्वजनिक स्थान पर तंबाकू उत्पादों का इस्तेमाल नहीं करेगा।

## हेट स्पीच केस में अब्बास अंसारी को दो साल की सजा

मऊ, एजेंसी



- सुभासपा विधायक की विधानसभा सदस्यता भी खतरे में आई

मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक और पूर्व बाहुबली राजनेता मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी को विशेष एमपी/एमएलए अदालत ने नफरत भरे भाषण (हेट स्पीच) के मामले में दोषी करार देते हुए शनिवार को दो साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही अंसारी की विधानसभा सदस्यता भी खतरे में आ गई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार, पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान मऊ सदर सीट से सुभासपा के प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ रहे अब्बास अंसारी ने तीन मार्च 2022 को पहाड़पुर मैदान में एक जनसभा के दौरान मऊ प्रशासन को चुनाव के बाद सबक सिखाने की धमकी दी थी। बचाव पक्ष के वकील दारोगा सिंह ने बताया कि इस मामले में अंसारी के खिलाफ आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

## छह लड़ाकू विमानों को मार गिराने का पाकिस्तान का दावा गलत

### सीडीएस ने विमानों के क्षति की बात स्वीकार की, कहा-विमान का गिरना अहम नहीं, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि वे क्यों गिरे

सिंगापुर/नई दिल्ली, एजेंसी

- सैन्य संघर्ष में नुकसान के बारे में भारतीय सेना की पहली स्पष्ट स्वीकारोक्ति

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने शनिवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ हालिया सैन्य संघर्ष में विमान के नुकसान के बाद, भारत ने अपनी रणनीति में सुधार किया और पाकिस्तानी क्षेत्र में काफी अंदर तक हमला किया।

उन्होंने छह भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराने के इस्लामाबाद के दावे को भी सरासर गलत बताया। 'ब्लूमबर्ग टीवी' को दिए एक साक्षात्कार में चौहान ने कहा कि प्रारंभिक नुकसान के कारणों का पता लगाने के बाद भारत ने अपने सभी लड़ाकू विमान उड़ाए और पाकिस्तान में सटीक हमले किए। सीडीएस ने नुकसान का ब्योरा देने से इनकार कर दिया। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट रूप से इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाया कि भारतीय सेना ने पाकिस्तानी क्षेत्र में काफी अंदर तक हमला किया। भारत ने कहा कि इन सटीक हमलों के बाद पाकिस्तान सैन्य संघर्ष रोकने की गुहार लगाने के लिए मजबूर हुआ। सीडीएस की यह टिप्पणी पड़ोसी देश के साथ चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष में नुकसान के बारे में भारतीय सेना की पहली स्पष्ट स्वीकारोक्ति है।पाकिस्तान के खिलाफ भारत की कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सीडीएस ने कहा कि मुझे लगता है कि लड़ाकू विमान का गिरना महत्वपूर्ण बात नहीं है, बल्कि महत्वपूर्ण यह है कि वे क्यों गिरे। जनरल चौहान से पूछा गया कि क्या इस महीने पाकिस्तान के साथ चार दिनों तक चले सैन्य टकराव के दौरान भारत ने लड़ाकू विमान गंवाए थे। सिंगापुर के दौरे पर गए सीडीएस ने कहा कि अच्छी बात यह है कि हम अपनी सामरिक गलतियों को समझ पाए, उन्हें सुधारा और दो दिन बाद फिर से लागू किया। हमने अपने सभी लड़ाकू विमानों को फिर से लंबी दूरी का लक्ष्य करके उड़ाया। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान छह भारतीय विमानों को मार गिराने के पाकिस्तान के दावे के बारे में पूछे जाने पर जनरल चौहान ने कहा कि यह पूरी तरह से गलत है। भारतीय वायुसेना के वायु संचालन महानिदेशक, एयर मार्शल ए के भारती ने स्वीकार किया था कि नुकसान लड़ाई का एक हिस्सा है। उन्होंने यह भी कहा था कि भारतीय वायुसेना के सभी पायलट सुरक्षित घर लौट आए हैं।



### नुकसान का सच बताए सरकार : कांग्रेस

जनरल चौहान की टिप्पणी के कुछ घंटों बाद कांग्रेस ने सरकार से कहा कि वह देश को सच-सच बताए कि पाकिस्तान के साथ चार दिन तक सैन्य टकराव में कितना नुकसान हुआ। कांग्रेस नेता उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा कि विशेष रूप से सीडीएस की स्वीकृति के मद्देनजर देश यह जानना चाहता है कि क्या सैन्य टकराव के दौरान कोई विमान गिराया गया था। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि 1999 में तत्कालीन वाजपेयी सरकार ने भारत के रणनीतिक मामलों के विशेषज्ञ के. सुब्रमण्यम, जिनके पुत्र अब हमारे विदेश मंत्री हैं, की अध्यक्षता में कारगिल समीक्षा समिति का गठन किया था। रमेश ने 'एक्स' पर कहा कि क्या सीडीएस के खुलासे के बाद सरकार भी वैसा ही कदम उठाएगी?

# प्रदेश के पहले फुटवेयर पार्क में प्लाट आवंटन शुरू

## उद्यमी 26 भूखंडों के लिए निवेश मित्र पोर्टल पर कर सकते हैं आवेदन, यूपीसीडा रमईपुर में विकसित कर रहा है यह पार्क

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** प्रदेश के पहले फुटवियर पार्क में पहले चरण के लिए भूखंडों का आवंटन शुरू हो गया है। 26 औद्योगिक भूखंड के लिए उद्यमी निवेश मित्र पोर्टल पर जाकर आवंटन कर सकेंगे। यूपीसीडा की ओर से रमईपुर में लगभग 131.69 एकड़ क्षेत्र में इस पार्क को विकसित किया जा रहा है।

यूपीसीडा की ओर से यह फुटवेयर पार्क सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को एकीकृत एवं आधुनिक सुविधाएं प्रदान करने के लिए विकसित किया जा रहा है। पार्क के पहले चरण में प्रस्तावित 75 औद्योगिक भूखंडों में से 26 भूखंड 4600 रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से उपलब्ध कराए गए हैं। आवंटन प्रक्रिया के तहत निवेशक को आवेदन के साथ भूमि मूल्य का 5 फीसदी अग्रिम भुगतान करना होगा। इसके बाद आवंटन पत्र जारी होने के 60 दिनों के भीतर 20 फीसदी राशि का भुगतान किया जाना जरूरी है।

शेष 75 फीसदी राशि को निवेशक तीन वर्षों में समान किस्तों में, 10 फीसदी वार्षिक ब्याज दर के साथ चुका सकते हैं। यह भी बताया गया कि यदि कोई आवंटी आवंटन के 60 दिनों के भीतर भूमि का पूर्ण भुगतान करता है, तो उसे भूमि मूल्य में 2 फीसदी की अतिरिक्त छूट प्रदान की जाएगी। इसके अलावा यदि कोई इकाई एंकर यूनिट के रूप में निवेश करती है, तो उसे भूमि मूल्य में 10 फीसदी की विशेष छूट भी प्राप्त होगी।



रमईपुर में फुटवियर पार्क विकसित किया जा रहा है। अमृत विचार

### प्लग एंड प्ले औद्योगिक मॉडल

- यूपीसीडा के अधिकारियों की ओर से बताया गया कि निवेशकों की सुविधा के लिए प्लग एंड प्ले आधारित औद्योगिक मॉडल को बढ़ावा दे रहा है। जिसके तहत तैयार बिजली, पानी, सड़क जैसी सभी बुनियादी सुविधाओं से युक्त भूखंड आवंटित किए जा रहे हैं। इससे निवेशकों को निर्माण कार्य में समय व लागत की बचत होती है और वे शीघ्र उत्पादन प्रारंभ कर सकते हैं।

**131.69**
एकड़ क्षेत्र में पार्क विकसित किया जा रहा

**4600**
रुपये प्रति वर्ग मीटर की दर से प्लाट मिलेंगे

**5%**
अग्रिम भुगतान करना होगा

**75**
75 औद्योगिक भूखंड हैं फुटवेयर पार्क में

### परियोजना की प्रमुख विशेषताएं

- इस परियोजना की कुल लागत लगभग 80 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। इसमें 75 औद्योगिक भूखंड विकसित किए जा रहे हैं। जबकि 5 .46 एकड़ क्षेत्र में दो वेयरहाउस भूखंड प्रस्तावित हैं। पार्क में 5 किलोमीटर लंबा द्वैध सड़क नेटवर्क विकसित किया जा रहा है। जिसमें रिजिड और फ्लेक्सिबल दोनों प्रकार के पैवमेंट शामिल हैं। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन (एसडब्लूएम) की सुविधा 5 टन प्रतिदिन की क्षमता के साथ उपलब्ध होगी। जलापूर्ति के लिए भूमिगत जल स्रोत का उपयोग किया जाएगा। वर्षा जल निकासी के लिए 10 किलोमीटर लंबा आरसीसी सेक्शन आधारित स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। बिजली आपूर्ति के लिए 220 केवी का सबस्टेशन प्रस्तावित स्थल से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है, जो कुल 40 मेगावाट लोड आवश्यकताओं की पूर्ति करेगा।

> मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यूपीसीडा का निरंतर प्रयास है कि हम निवेशकों को विश्वस्तरीय अधोसंरचना और अनुकूल औद्योगिक वातावरण प्रदान करें। कानपुर में प्रस्तावित यह फुटवियर पार्क न केवल क्षेत्रीय औद्योगिक विकास को गति देगा, बल्कि हजारों लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित करेगा।
> –मयूर माहेश्वरी, मुख्य कार्यपालक अधिकारी, यूपीसीडा

## एक नजर

### शेरनी के खून में इंफेक्शन प्लेटलेट्स घटीं

**कानपुर।** कानपुर प्राणि उद्यान में शेरनी उमा के ब्लड में संक्रमण पाया गया है जिससे उसकी प्लेटलेट्स घटकर 80 हजार हो गई है। सुबह और शाम को उमा के इंजेक्शन लग रहे हैं जिससे उसकी तबियत पहले से बेहतर है। गोरखपुर चिड़ियाघर से कानपुर चिड़ियाघर इलाज के लिए आये बब्बर शेर पटौदी की बीते दिनों बर्ड फ्लू से मौत हो गई थी। पिछले सप्ताह से शेरनी उमा ने भी खाना पीना छोड़ दिया था। उसका सैंपल लैब में भेजा गया था जहां से रिपोर्ट आई है कि उमा के ब्लड में संक्रमण है। कानपुर प्राणि उद्यान की निदेशक श्रद्धा यादव ने बताया कि इलाज चल रहा है। सभी पशु–पक्षी स्वस्थ हैं।

### जरूरत और रुचि के बिना कुछ भी सीखना असंभव

**कानपुर।** अगर रुचि और जरूरत नहीं है तो कोई भी नया काम सीखना असंभव है। यह विचार शनिवार को भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ व अनुकृति रंगमंडल कानपुर के संयुक्त तत्वावधान एवं संस्कार भारती के सहयोग से आयोजित रंग पाठशाला में छठे दिन रंगकर्मी डा. ओमेंद्र कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि अच्छे नाटक और स्क्रिप्ट के मुताबिक उपयुक्त कलाकारों के चयन से ही आधी सफलता हासिल हो जाती है। कार्यक्रम में वरिष्ठ रंगकर्मी संध्या सिंह ने एक नाटक के प्रारंभ से प्रस्तुति तक की यात्रा की विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में वरिष्ठ रंगकर्मी सुरेश श्रीवास्तव, दीपिका सिंह, संध्या सिंह, राम गोपाल, जॉली घोष, सम्राट यादव, जिज्ञासा शुक्ला, आरती शुक्ला, आकाश शर्मा मौजूद रहे।

### दरोगा पर लगाया मारपीट व गर्भपात का आरोप

**कानपुर।** एक महिला ने दरोगा पति पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। जिससे गर्भपात हो गया। पीड़िता ने पुलिस कमिश्नर से शिकायत की है। मूलरूप से सुल्तानपुर निवासी महिला के अनुसार उसका 2024 को सुल्तानपुर के ही रहने वाले दरोगा से प्रेम विवाह हुआ था। पति की मौजूदा तैनाती पुलिस लाइन में है और पति के साथ लालबंगले में रह रही हैं। आरोप है कि शादी के कुछ माह जब वह डेढ़ माह की गर्भवती थीं, पति ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था।


भाजपा सांसद रमेश अवस्थी भी मेट्रो में सफर करने पहुंचे। अमृत विचार


मेट्रो की ओर से पिंक फीडर सेवा शुरू की गई। अमृत विचार

# अंडरग्राउंड मेट्रो में पहले सफर से यात्री खुश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- सुरंग से गुजरने वाले पल को लोगों ने मोबाइल में किया कैद

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने शनिवार से कानपुर मेट्रो स्टेशनों पर पिंक फीडर सेवा की शुरूआत की। शुक्रवार को प्रधानमंत्री द्वारा अंडर ग्राउंड मेट्रो का उद्घाटन करने के बाद शनिवार सुबह छह बजे से ही स्टेशन पर लाइन लगी रही। स्टेशन पर टॉप 10 यात्रियों का स्वागत मेट्रो अधिकारियों ने फूल व कुकीज देकर किया। चुन्नीगंज से लेकर घंटाघर सेंट्रल स्टेशन तक लोगों ने अंडरग्राउंड सफर किया और उस पल को मोबाइल व कैमरे में कैद किया।

कानपुर सेंट्रल पहुंचने के बाद यात्रियों ने कहा कि अब जाकर कानपुर सही मायने में मेट्रो वाला शहर बना है। लोगों को सफर करने में दिक्कत नहीं होगी और जाम के झाम में फंसना नहीं पड़ेगा। सांसद रमेश अवस्थी और विधायक सुरेंद्र मैथानी ने भी चुन्नीगंज स्टेशन से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक मेट्रो से यात्रा की। सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि आईआईटी से कानपुर सेंट्रल तक की यात्रा अब मेट्रो की वजह से आधे घंटे से भी कम समय में तय हो रही है। मेट्रो स्टेशनों में कानपुर की संस्कृति और विरासत की झलक देखी जा सकती है। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने कहा कि वर्तमान में मेट्रो स्टेशनों पर पिंक फीडर सेवाएं अजीगो राइड शेयरिंग ऐप के सहयोग से चलाई जाएंगी, जिसमें आगे और भी कंपनियां जुड़ सकती हैं। ये फीडर सेवाएं महिला यात्रियों को मेट्रो स्टेशन से उनके गंतव्य तक सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती यातायात साधन मुहैया करायेंगी। इन सेवाओं के तहत चलने वाले ई-रिक्शा और ई-ऑटो की चालक व कैप्टन भी महिलाएं ही होंगी। राइड शेयरिंग ऐप में जीपीएस ट्रैकिंग, रियल-टाइम लोकेशन व एसओएस बटन जैसे सेफ्टी फीचर्स उपलब्ध होंगे।

**www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें**

# शबद कीर्तन से संगत निहाल

**कानपुर।** साहिब श्री गुरु अर्जन देव जी महाराज के शहीदी दिवस पर गुरुद्वारा कीर्तनगढ़ में दो दिवसीय समारोह आयोजित किया गया। शनिवार को गुरुद्वारा में रागी जत्थों ने शबद गायन किया। श्री दरबार साहिब अमृतसर से आये भाई स्वरुप सिंह रूप पंजाब से आये कथावाचक ज्ञानी मंदीप सिंह ने गुरुओं के इतिहास पर रोशनी डाली। गुरुद्वारा साहिब में मीठे शरबत की छबील लगाई गई। गुरुद्वारा के प्रधान दविंदर सिंह सागरी (टीटू), मीतू सागरी, जसमिंदर सिंह झास, मक्खन सिंह, ज्ञानी मदन सिंह, मोहन सिंह झास, भूपिंदर सिंह तलूजा आदि मौजूद थे।

दूसरी ओर गुरु रामदास सेवा फाउंडेशन ट्रस्ट ने गोविंद नगर में गांधी स्मारक इंटर कॉलेज के पास राहगीरों को दूध का ठंडा शर्बत, छोला और ब्रेड का प्रसाद वितरित किया। उत्तर प्रदेश सिख फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष सरदार अजीत सिंह छाबड़ा कानपुर महानगर के अध्यक्ष सरदार रविंद्र सिंह रिंकू रौनक मौजूद रहे। सरदार प्रतिपाल सिंह बिल्ले ने अरदास की।


पुस्तक का विमोचन करते अतिथि। अमृत विचार

# धागे नेह के पुस्तक का विमोचन

**कानपुर।** मेरे लिए 'धागे नेह के' कविताएं अपठित हैं। अब तक ऐसी कविताएं मेरे देखने में नहीं आई हैं। इनमें रिश्तों का गुणगान है। यह विचार मराठी लेखिका चित्रा पटवर्धन की कृति 'धागे नेह के' के विमोचन कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लक्ष्मी देवी ललित कला अकादमी के महासचिव प्रो. इंद्र मोहन रोहतगी ने व्यक्त किये। मुख्य अतिथि लेखक और सम्पादक राजेन्द्र राव ने कहा कि संग्रह की कविताएं अहसास करती हैं कि अभी भी दुनिया रहने लायक है। वीएसएसडी कालेज के हिंदी विभाग के प्रमुख डॉ. राकेश शुक्ल ने कहा कि इन कविताओं में संबंधों की आत्मीयता, पवित्रता तथा गरिमा है। अतुल पटर्धन, राधेश्याम दीक्षित, डॉ. शीला सिन्हा आदि रहीं।

# मदरसा छात्रों की कुंडली तैयार की जा रही

कार्यालय संवाददाता ,कानपुर

- छात्र का नाम, पिता का नाम, पता, आधार कार्ड सहित सारी जानकारी दें
- जाजमऊ के प्राइमरी मकतब से छात्रों की सूची तैयार करके देने को कहा

**अमृत विचार।** शहर के मदरसों में कहां के छात्र शिक्षा ले रहे हैं, उनकी संख्या कितनी है, कहां के रहने वाले हैं, उनका आधार कार्ड नंबर क्या है, पूरी जानकारी एकत्र की जा रही है। मदरसा संचालकों ने सूची रजिस्टर तैयार कराना शुरू कर दिया है।

जाजमऊ स्थित एक प्राइमरी मकतब में बीते दिनों छात्रों की सूची मांगी गई। मदरसा संचालक का कहना था कि यहां छोटे बच्चों को मुफ्त दीनी तालीम दी जाती है। जांचकर्ता ने कहा कि बच्चे कहीं के हों, उनकी सूची में छात्र का नाम, पिता का नाम, पता सहित सूची उपलब्ध कराएं। इसपर प्राइमरी मकतब ने शहरकाजी हाफिज अब्दुल कुद्दूस हादी से संपर्क साधा। शहरकाजी ने बताया कि इस प्रकार के मामले सामने आ रहे हैं, कई मदरसों में छात्रों की संख्या, छात्रों का पता, पिता का नाम, उनका आधार कार्ड आदि की जानकारी मांगी जा रही है। उनका कहना है कि मदरसों में सारे बच्चे दीनी तालीम के साथ दुनियावी तालीम भी दी जा जाती है।

**दो प्रकार के मदरसे संचालित हो रहे :** उत्तर प्रदेश में दो तरह के मदरसे संचालित हो रहे हैं। एक मदरसा वह है जिसे सरकार के अनुदान मिलता है और दूसरा मदरसा ऐसा है जो सरकार से किसी तरह की कोई मदद नहीं लेता बल्कि मुस्लिम समाज के जो जकात, फितरा या जो भी दान मिलता है, उसी से मदरसे संचालित होते हैं। सरकार के अनुदान से संचालित हो रहे मदरसों को उत्तर प्रदेश मदरसा बोर्ड के द्वारा दिए गए डायरेक्शन के अनुसार पाठ्यक्रम पढ़ाना पड़ता है जबकि जकात से संचालित मदरसे अपने हिसाब से संचालित होते हैं। लेकिन अब वहां भी दीनी तालीम के साथ-साथ दुनियावी तालीम भी दी जा रही है।

## सार-संक्षेप


कांग्रेस ने रानी अहिल्याबाई को नमन किया। अमृत विचार

### अहिल्याबाई का धर्म, संस्कृति के क्षेत्र में योगदान

**कानपुर।** महारानी अहिल्या बाई कभी युद्ध नहीं हारीं और हमेशा अजेय रहीं। उन्होंने धर्म, संस्कृति तथा पुरुषार्थ के क्षेत्र में अपार योगदान दिया। हर नारी के लिए अहिल्या बाई का साहस और वीरता उदाहरण है। शनिवार को कानपुर महानगर कांग्रेस ने तिलक हाल में महारानी अहिल्या बाई होल्कर की जयंती मनाई। इस अवसर पर वक्ताओं ने अहिल्या बाई के जीवन एवं कार्यों पर प्रकाश डाला। कानपुर महानगर अध्यक्ष पवन गुप्ता ने अहिल्या बाई के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी वीरता, समर्पण और धार्मिक कार्यों की सराहना की। शंकर दत्त मिश्र, हर प्रकाश अग्निहोत्री, कैलाश पाल, सुशील पाल, सुनील अग्रवाल, शांतनु दीक्षित, मोहित दीक्षित, पदम मिश्र, आजाद बौद्ध, चंद्रमणि मिश्र, उमाशंकर तिवारी, महेश वर्मा, आदि मौजूद थे।


जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में छात्रा को पुरस्कृत करतीं डॉ.चयनिका काला, डॉ.डॉली रस्तोगी व डॉ.सुनीति पांडेय। अमृत विचार

### रानी अहिल्याबाई जयंती पर हुईं प्रतियोगिताएं

**कानपुर।** रानी आहिल्याबाई होलकर की 300वीं जयंती पर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में महिला सशक्तिकरण पर वाद–विवाद व रंगोली प्रतियोगिता हुई और जागरूकता रैली निकाली गई। वाद–विवाद प्रतियोगिता में अनुष्का और वृंदा ने बाजी मारी। रंगोली प्रतियोगिता में गरिमा, अविरल और महक ने पुरस्कार अपने नाम किए। प्रोफेसर व परिसर प्रभारी डॉ.एसके बर्मन ने रानी अहिल्या बाई के बारे में बताया। प्रोफेसर डॉ. सुनीति पांडेय व प्रोफेसर डॉ. डॉली रस्तोगी ने महिला सशक्तिकरण पर जोर दिया। डॉ. चयनिका काला, डॉ. प्रीति कनौजिया व डॉ. आभा ज्योति ने रानी अहिल्याबाई के योगदान को याद किया।


कॉलेज ऑफ नर्सिंग में छात्रा को प्रमाण पत्र देती राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता व साथ में कॉलेज ऑफ नर्सिंग के कार्यवाहक प्रधानाचार्य प्रो. नवीना जे. एच।

### नर्सिंग कॉलेज के 43 छात्रों को मिले टैबलेट

**कानपुर।** रावतपुर स्थित कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर 43 छात्राओं को टैबलेट वितरण किया गया। भाषण प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता ने रानी आहिल्याबाई के बारे में बताया। इस दौरान डॉ. संतोष बर्मन, डॉ. एसके गौतम, कॉलेज ऑफ नर्सिंग के कार्यवाहक प्रधानाचार्य प्रो. नवीना जे. एच., डॉ. बीना पीटर, डिजिशक्ति पोर्टल की नोडल ऑफिसर रेनू त्रीपाठी, शिक्षक, कर्मचारी व छात्र–छात्राएं मौजूद रहे।



अहिल्याबाई जयंती पर मौजूद सपा नेता। अमृत विचार

### रानी अहिल्याबाई के सिद्धांतों पर चलेंगे

**कानपुर।** नवीन मार्केट स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में शनिवार को रानी अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर पीडीए सेमिनार की शुरुआत की गई। नगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने कहा कि राजमाता अहिल्याबाई होल्कर के जन्मदिन पर सपा ने उनके सिद्धांतों व नीतियों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान प्रदेश सचिव केके शुक्ला, किदवई नगर विधानसभा के प्रभारी मेहताब सिंह यादव, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह यादव मिंटू, नंदलाल जयसवाल, आनंद शुक्ला, महेंद्र सिंह, सत्यनारायण गहरवार, रजत मिश्रा, सुभाष द्विवेदी, सुधांशु मिश्रा, अर्पित त्रिवेदी, दीपक खोटे, राजेश कश्यप, मनोज चौरसिया समेत आदि रहे।

# सामूहिक विवाह समारोह में 32 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे

कार्यालय संवाददाता ,कानपुर


मंच पर बैठे वर–वधु। अमृत विचार

**अमृत विचार।** अहिल्याबाई होल्कर शिक्षा एवं समाजोत्थान, अखिल भारतीय पाल महासभा की ओर से शनिवार को 32 जोड़ों का सर्वजातीय सामूहिक विवाह समारोह हुआ।

सर्वधर्म सर्व जातीय का 15वां सामूहिक विवाह समारोह राष्ट्रीय इंटर कालेज किदवईनगर में हुआ। जिसमें जोड़ों ने जीवनभर का साथ निभाने का संकल्प लिया। सर्वप्रथम अहिल्याबाई होल्कर की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इसके बाद जोड़ों का जयमाल कार्यक्रम हुआ। विधायक, सांसद ने वर-वधुओं को आशीर्वाद दिया। वर-वधुओं को बेड, रजाई, गद्दा, अटैची, अलमारी सहित सभी जरूरी गृहस्थी के सामान भेंट किए गए। वक्ताओं ने अहिल्याबाई होल्कर के किए गए कार्यों पर अपनी बात रखी। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजाराम पाल ने कहा कि मेरा लक्ष्य समाज के अंतिम कड़ी में बैठे व्यक्ति की भी बात सुनकर उसकी समस्या का निदान करना हैं। कार्यक्रम में तिरंगा अगरबत्ती समूह के निदेशक नरेंद्र शर्मा ने वर-वधुओं को अटैची व बेड उपहार स्वरूप दिया। कृष्ण मुरारी पाल, ज्ञान सिंह पाल, दिलीप राजपाल, रामप्रताप, जगदीश पाल, अंबिका प्रसाद, नंदलाल पाल, सियाराम पाल, अधिवक्ता रामकृपाल राघुवेन्द्र पाल, महेन्द्र पाल रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, भरथना–इटावा**

पत्रांक: मेमो / न0पा0परि0भ0 / 2025–26/25 दिनांक: 31/05/2025

**सार्वजनिक सूचना**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, भरथना (इटावा) के कार्यालय द्वारा दिनांक 30.05.2025 को विज्ञापन शुल्क / पड़ाव / टेम्पो शुल्क आदि की वसूली हेतु एवं अन्य की सार्वजनिक बोली लगाने हेतु सूचना दि0– 23/05/2025 प्रकाशित की गई थी। उक्त बोली अपरिहार्य कारणोंवश दिनांक 30.05.2025 को नहीं लगाई जा सकी। उक्त बोली दिनांक 02.06.2025 को प्रातः 11 बजे नगर पालिका परिषद, भरथना के कार्यालय में लगाई जायेगी। शेष नियम व शर्ते पूर्ववत रहेंगी।
सभी उपरोक्तानुसार सूचित हों।

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद,
भरथना–इटावा

**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, कन्नौज।**

पत्राक: एस0एस0ए0/के0जी0बी0पी0 / 1265–68 /2025–26, दिनांक: 30/05/2025

**विज्ञप्ति सूचना**

जनपद में संचालित 05 कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत छात्राओं के लिये भोजन सामग्री, दैनिक सामग्री, स्टेशनरी की आपूर्ति हेतु जेम पोर्टल पर बिड GEM/2025/B/6271435 के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक पंजीकृत फर्म जेम पोर्टल पर दिनांक 10.06.2025 की मध्यान्ह 12:00 बजे तक निविदा अपलोड कर सकते हैं। जो दिनांक 10.06.2025 को समय 12:30 बजे कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी कन्नौज के सभागार में समिति के समक्ष खोली जायेगी।

**रोहित कुमार** जिला समन्वयक (बा0शि0) समग्र शिक्षा कन्नौज।
**सदीप कुमार** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कन्नौज।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road,
Bareilly-243006 (UP) India, Phone : 0581-2526051, 053, 153
Email : registrar@biu.edu.in, Website : www.biu.edu.in
For any query contact : 9520876189, 9105500202, 9105500404

**Applications are invited for Admission to Ph.D. Programmes July 2025 session in the following disciplines**

- **Faculty of Medical Sciences** (All Clinical and Non-Clinical Specialities)
- **Faculty of Nursing** M.Sc. (N) with 3 years teaching or clinical experience
- **Faculty of Dental Sciences** (All Specilities)
- **Humanities and Journalism** English
- **Faculty of Pharmacy**
- **Faculty of Management**

**Last Date of Receiving Application : 30th May, 2025**

Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.) India
For more details and application form & application fee,
visit univerisity website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/reseach/Latest-Application-form-for-PHD-programme.pdf)

नारायना हॉस्पिटल (इकाई नारायना मेडिकल कॉलेज) गंगागंज, पनकी कानपुर
सुपर स्पेशियालिटी - 1050 बेड सुसज्जित अस्पताल
अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सुसज्जित एवं अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा परामर्श की सुविधा उपलब्ध है।
यह योजना प्रथम दो हजार मरीज़ो के लिए मान्य होगी। जल्द ही रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करें।
निःशुल्क ऑपरेशन शिविर
20 मई 2025 से 15 जून 2025 तक
जनरल मेडिसिन विभाग | चर्म रोग विभाग | नेत्र रोग विभाग | दाँत रोग विभाग | मानसिक रोग विभाग | जनरल सर्जरी विभाग
स्त्री रोग विभाग | हड्डी एवं जोड़ रोग विभाग | टी. बी. चेस्ट विभाग | नाक, कान व गला विभाग | नवजात शिशु व बाल रोग विभाग
● आँखों का ऑपरेशन (सफेद और काला मोतियाबिंद)
● डिलीवरी (नॉर्मल एवं ऑपरेशन विधि द्वारा)
● पित्त की थैली का ऑपरेशन (ओपेन एवं दूरबीन विधि द्वारा)
● नाक, कान एवं गला (कान के पर्दे का ऑपरेशन, टेढ़ी नाक, टॉन्सिल्स)
● हड्डी का उपचार एवं सभी प्रकार के ऑपरेशन निःशुल्क
खून की जाँचों पर 65 प्रतिशत तक की छूट, सिर्फ दवाई, इम्प्लान्ट और जाँचों पर इलाज पायें। अन्य कोई चार्ज नहीं।
24 घंटे इमरजेन्सी एवं एम्बुलेन्स की सुविधा उपलब्ध
Mob.:7800007704, 7800007705, 9918601150
www.narainamedicalcollege.com
Email: nhrc@narainagroup.net

### आज का मौसम

बादल छाए रहने के साथ बूंदाबांदी होने की संभावना है। उमस भरी गर्मी के आसार हैं।

37.0⁰ अधिकतम तापमान | 30.0⁰ न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 06:57

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS
• MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

### एक नजर

#### आज 6023 परीक्षार्थी देंगे बीएड प्रवेश परीक्षा

**कानपुर।** शहर में रविवार को 7 केंद्रों में 6023 परीक्षार्थी संयुक्त प्रवेश परीक्षा बीएड में शामिल होंगे। यह परीक्षा सुबह 9 से 12 व दोपहर को 2 से 5 बजे तक आयोजित होगी। दो पालियों में होने वाली परीक्षा के लिए केंद्र प्रतिनिधि व स्टेटिक मजिस्ट्रेट की निगरानी के लिए तैनात किए गए हैं। परीक्षा के लिए बीएनडी कॉलेज, एसएन सेन कॉलेज, डीएवी कॉलेज, डीजी कॉलेज, डीबीएस कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षार्थियों को कड़ी निगरानी व सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रवेश करना होगा।

#### सीएसजेएमयू में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ी

**कानपुर।** सीएसजेएमयू में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब विश्वविद्यालय परिसर व सभी संबद्ध महाविद्यालयों में युवा सत्र 2025-26 प्रवेश के लिए 30 जून तक आवेदन कर सकते हैं। 30 जून के बाद युवाओं को प्रवेश के लिए दिए गए आवेदनों को स्वीकार नहीं किया जा सकेगा।

#### रेट पूछने के बहाने युवक ने पार किया मोबाइल

**कानपुर।** गेमिंग जोन दुकान में गेम का रेट पूछने आए युवक ने दुकान संचालक का मोबाइल ही पार कर दिया। पीड़ित दुकानदार ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। चकेरी के सफीपुर प्रथम निवासी उत्कर्ष चौहान के अनुसार उनकी श्यामनगर में गेमिंग जोन के नाम से दुकान है। बीती 17 मई की शाम को एक युवक दुकान पर आया और उनसे स्नूकर टेबल का रेट पूछा। इसके बाद आरोपी ने उन्हें बातों में फंसाकर उनका मोबाइल उठा ले गया।

### दयानंद विहार, पनकी गंगागंज, आवास विकास-1 व नवाबगंज में मची त्राहि-त्राहि

# कई इलाकों में 24 घंटे से बिजली नहीं, हंगामा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शुक्रवार दोपहर बाद आंधी-पानी में गई बिजली कई इलाकों में 24 घंटे बाद भी नहीं आई। दयानंद विहार, पनकी गंगागंज, आवास विकास-1 व नवाबगंज में बिजली 20 से 24 घंटे तक गुल रही। बिजली न आने से गुस्साए लोगों से बचाव के लिए केस्को सबस्टेशनों पर पुलिस बुलानी पड़ी। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में भी बिजली बाधित रही, जिसकी वजह से कई फैक्ट्रियों का संचालन बंद रहा। उपकेन्द्र बी-ब्लॉक पनकी, बारा सिरोही व दयानंद विहार में उपभोक्ताओं के भारी विरोध प्रदर्शन के कारण विद्युत आपूर्ति बहाल करने में बाधा उत्पन्न हुयी। पुलिस बुलानी पड़ी।



जाजमऊ में आंधी से पोल उखड़ गए थे जिससे कई इलाकों की बिजली गुल हो गई थी। शनिवार को यहां मरम्मत का काम चलता रहा।

शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में आंधी और पानी की वजह से एक दर्जन से अधिक क्षेत्रों के पोल क्षतिग्रस्त हो गए थे और कई जगहों पर पेड़ व पेड़ की डाल गिरने से तार टूट गए थे। जिसकी वजह से कई इलाकों की बिजली गुल हो गई थी। कई इलाकों में बिजली आपूर्ति 20 से लेकर 24 घंटे तक बाधित रही, जिसमे मुख्य रूप से पुरानी शिवली रोड, बगिया रोड, खलवा, कल्यानपुर, आवास विकास, केशवपुरम, गूबा गार्डन, साहब नगर, इंद्रा नगर, पनकी गंगागंज, नवाबगज व दयानंद विहार शामिल हैं।

इनके अलावा दो दर्जन से अधिक क्षेत्रों में भी बिजली का काफी संकट रहा। लोगों को बिजली के लिए सबस्टेशनों में जाकर हंगामा करना पड़ा। कई जगहों पर बिजली शनिवार रात को 11 व 12 बजे तक आ सकी। दक्षिणांचल विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत मंधना, बिठूर, चौबेपुर व पनकी आदि क्षेत्रों में बिजली नहीं आने से फैक्ट्रियों का संचालन बंद रहा। वहीं, ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

**02** लाख लोग बिजली नहीं आने की वजह से गर्मी से हुए बेहाल, पानी को तरसे

#### गुस्साए लोगों ने अन्य जगह की भी आपूर्ति की प्रभावित

- केस्को के अन्तर्गत एलटी के 7 नग पोल व लगभग तीन किमी एबी केबिल क्षतिग्रस्त हुई, जिस कारण 15 वितरण ट्रांसफार्मरों की विद्युत आपूर्ति बाधित हुई थी। 12 नग वितरण ट्रांसफार्मरों की विद्युत आपूर्ति सामान्य कर ली गयी है। 3 नग वितरण ट्रांसफार्मर कल्याणपुर में दो और विकास नगर में एक का कार्य प्रगति पर है।

> शुक्रवार शाम से लेकर शनिवार तक 1912 व अन्य माध्यमों से विद्युत आपूर्ति संबंधी 4241 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिसमें 2213 शिकायतों का समाधान कर दिया गया है, शेष पर कार्यवाही की जा रही है।
>
> सैमुअल पॉल
> केस्को प्रबंध निदेशक

# प्रेमिका को खुदकुशी की धमकी देकर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** मोबाइल पर प्रेमिका से कहासुनी के बाद छात्र ने खुदकुशी की धमकी देकर कॉल डिस्कनेक्ट की और फांसी लगा ली। बाबूपुरवा पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव उतारा और साक्ष्य जुटाए।

बाबूपुरवा के बगाही निवासी जीतू अग्निहोत्री के 21 वर्षीय बेटे अमन ने हरिद्वार के संस्कृत विद्यालय से इंटर की परीक्षा पास की थी और अध्यात्म की पढ़ाई कर रहा था। तीन दिन पहले ही वह घर आया था। छोटे भाई छोटू के अनुसार शुक्रवार को घर में दादी श्यामा और बाबा विनोद नीचे के कमरे में थे और अमन ऊपर कमरे में था। तभी प्रेमिका का भाई के पास फोन आया। दोनों की कहासुनी हो गई। विवाद के बाद भाई ने खुदकुशी करने की बात कहकर फोन काट दिया। इसके बाद युवती ने उसे फोन कर पूरी बात बताई। उसने दादी को जानकारी दी। दादी पहली मंजिल पर पहुंचीं तो दरवाजा अंदर से बंद था।

## 300 सपाइयों पर मुकदमा दर्ज

**कानपुर।** बिजली संकट और अन्य मुद्दों पर बिना अनुमति परेड से बड़ा चौराहा तक रैली निकालने और पुलिस द्वारा रोकने पर नारेबाजी करने पर एकता चौकी प्रभारी ने सपा के नगर पदाधिकारियों समेत 200 से 300 व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

चौकी प्रभारी का आरोप है कि सपा महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद, महासचिव बंटी सेंगर, उपाध्यक्ष शैलेन्द्र यादव मिन्टू, अर्पित यादव समेत अन्य 250-300 सपाइयों ने 29 मई को शांति व्यवस्था को खतरे में डाला।

# मुकदमे दर्ज होने से भड़के वकील हड़ताल करके जताया आक्रोश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- कोर्ट ने मामलों में अगली तारीख दे दी
- स्टांप वेंडरों और अन्य दुकानदारों ने दिया साथ

**अमृत विचार।** अधिवक्ताओं पर अत्याचार के विरोध में शनिवार को लायर्स एसोसिएशन कार्यकारिणी ने हड़ताल की। कार्यकारिणी ने न्यायालयों में जाकर मुकदमे में अग्रिम तिथि देने का आग्रह किया तो कोर्ट ने मामलों में अगली तारीख दे दी। हड़ताल का स्टांप वेंडर, फोटो कापी के दुकानदारों ने समर्थन किया और अपनी दुकानें बंद रखीं।

वकीलों के खिलाफ मुकदमे और अत्याचार के विरोध में 24 मई को बार व लॉयर्स एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात का समय मांगा था, लेकिन शुक्रवार को वकीलों की प्रधानमंत्री से मुलाकात नहीं हो सकी। इस पर शनिवार को वकीलों ने हड़ताल की और नारेबाजी करके आक्रोश जताया।

वकीलों ने कचहरी परिसर में घूमकर दुकानें बंद कराईं, वहीं काफी दुकानदारों ने पहले से ही दुकानें बंद कर रखी थीं। लायर्स कार्यकारिणी ने कोर्ट में जाकर मुकदमों में अग्रिम तिथि देने की मांग की तो कोर्ट से भी उन्हें सहयोग मिला। वकीलों ने परिसर में घूमकर अत्याचार विरोध नारे भी लगाए। कहा, अगर उनकी न सुनी गई तो आगे और आंदोलन होगा। इस मौके

# क्रेडिट कार्ड से दो बार में 1.31 लाख ट्रांसफर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** युवक के क्रेडिट कार्ड से दो बार में 1.31 लाख रुपये ट्रांसफर हो गए। युवक का आरोप है कि बिना रिक्वेस्ट के ओटीपी आया और बगैर अनुमति के ट्रांसफर हो गया। इसमें बैंक कर्मियों की मिलीभगत है। पीड़ित ने चकेरी थाने में पुलिस कमिश्नर के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

लालबंगला के परदेवनपुर निवासी गौरव खन्ना के पास आरबीएल बैंक का सुपर क्रेडिट कार्ड था। गौरव के अनुसार बीती 15 फरवरी को उनके मोबाइल पर बिना रिक्वेस्ट के ओटीपी आया। उसके कुछ देर बाद ही क्रेडिट कार्ड से 1.21 लाख रुपये ट्रांसफर होने का मैसेज आया। उन्होंने आनन-फानन में बैंक से संपर्क कर अपना कार्ड ब्लॉक कराया। जानकारी करने पर पता चला कि क्रेडिट कार्ड से बीईएसई राजधानी पॉवर लिमिटेड को रकम ट्रांसफर हुई है। उन्होंने कार्ड ब्लॉक कराने के बाद नया कार्ड न भेजने की बात कही थी, लेकिन उसके बाद भी 21 फरवरी को दूसरा कार्ड उनके घर आ गया। जिसे वापस करा दिया, लेकिन कार्ड वापस करने के बाद भी उससे 17 मार्च को 10 हजार और निकलने का मैसेज आया। गौरव ने दोबारा बैंक में शिकायत की तो बैंक कर्मियों ने उनपर ही रुपये ट्रांसफर करने का आरोप लगाया। कार्यवाहक थाना प्रभारी कुलदीप सिंह सेंगर ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है। बैंक कर्मियों पर लगाए गए आरोपों की भी जांच की जा रही है।

# मैं अपनी दुनिया में वापस जा रहा हूं...

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चित्रकार ने एक पेज का सुसाइड नोट लिखा और फांसी लगाकर जान दे दी। उसने लिखा मुझे माफ करना, मैं अपनी कल्पनाओं की दुनिया में वापस जा रहा हूं। शनिवार सुबह जब उसकी मां ने बेटे का शव फंदे से लटका देखा तो चीख पड़ीं। सूचना पर पहुंची काकादेव पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल की।



अभिषेक।

#### सुसाइड नोट में ये लिखा

- मुझे माफ करना, सारी गलती मेरी है। मेरा परिवार निर्दोष है, उन्हें कुछ भी न करें। शायद इस दुनिया में कोई नहीं, जो मुझे समझ सके। मैं बस इतना चाहता हूं कि मेरी गलतियों की सजा मेरे परिवार को न दी जाए। उन्होंने कुछ भी नहीं किया। सारी चीजें पहली जैसी हो जाएं, जैसे होती थीं। प्लीज मेरी यह लास्ट इच्छा पूरी कर दो। मैं अपनी कल्पनाओं की दुनिया में वापस जा रहा हूं।

विजयनगर निवासी 24 वर्षीय अभिषेक गुप्ता चित्रकार था। सीएसजेएमयू से उसने फाइन आर्ट्स से स्नातक किया था। पेंटिंग बनाने में वह माहिर था। वह कई महीनों से चौबेपुर स्थित एक कंपनी में काम कर रहा था। मां माया और छोटे भाई अनुराग ने बताया कि शुक्रवार रात खाना खाने के बाद परिजन कमरे में सोने चले गए। इसी दौरान देर रात अभिषेक ने आगे के कमरे में पंखे के कुंडे से लटककर जान दे दी।

शनिवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे उनकी मां उठी और बाहर के कमरे में पहुंची तो शव फंदे पर लटका देख चीख पड़ी। इंस्पेक्टर मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि कमरे में एक पन्ने का सुसाइड नोट बरामद हुआ है। घटना के पीछे के क्या कारण हैं, इसका पता लगाया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि फरवरी 2025 में उसकी बहन कीर्ति की शादी हुई थी। बीते शनिवार को घर में सत्यनारायण की पूजा थी। मृतक के जीजा दिव्यांशु ने बताया कि अभिषेक कुछ समय से किसी बात को लेकर परेशान था। किसी को कुछ बताता नहीं था। कुछ समय पहले वह उनके पास दिल्ली आया था तो उसे काफी समझाया था। अभिषेक के पिता राजेश का आठ साल पहले निधन हो चुका है।

# रूमा हाईवे पर कार की टक्कर से छात्र की मौत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कॉलेज में एडमिशन की जानकारी करने जा रहे छात्र को रूमा हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह उछलकर दूर जा गिरा और गंभीर चोटें आई। घायल छात्र को ग्रामीणों ने समीप के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



देबू।

गुजैनी के पिपौरी निवासी प्रताप सिंह खेती के साथ ठेकेदारी भी करते हैं। उन्होंने बताया कि उनका बड़ा बेटा 18 वर्षीय देबू ने इसी वर्ष इंटर पास किया था। शुक्रवार को वह अपने दोस्तों के साथ रूमा स्थित एक्सिज कॉलेज में बीकॉम में प्रवेश की जानकारी करने जा रहा था। कॉलेज के नजदीक पहुंचा ही था कि कानपुर-प्रयागराज हाईवे पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने देबू की बाइक में टक्कर मार दी। साथी दोस्तों व ग्रामीणों ने काफी दूर तक चालक का पीछा किया, लेकिन वह फतेहपुर की ओर भागने में सफल रहा। दोस्तों ने कार का नंबर पुलिस दिया है। कार की टक्कर से गंभीर रूप से घायल छात्र को ग्रामीण सीएचसी ले गए। डॉक्टर ने हालत गंभीर बताकर उसे कांशीराम ट्रामा सेंटर भेज दिया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हैलट रेफर किया गया, वहां डॉक्टर ने छात्र को मृत घोषित कर दिया।

### सख्ती | सीएम डैशबोर्ड समीक्षा में खराब प्रदर्शन वाले विभागों पर फोकस, डीएम ने दी चेतावनी

# सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा हर माह में तीन बार होगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** जून माह से सीएम डैशबोर्ड के कार्यों की समीक्षा तीन बार होगी जिससे स्थिति में सुधार आए। जिन विभागों की रैंकिंग ए व ए-प्लस है, वह गिरावट से बचने के लिए लगातार बेहतर काम करें। यह दिशा निर्देश जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक में दिए। कहा, आईजीआरएस शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण होना चाहिए। अभी तक आईजीआरएस एप डाउनलोड न करने पर जिला समाज कल्याण अधिकारी को फटकार लगाते हुए लापरवाही पर चेतावनी दी।



समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने दिए निर्देश। अमृत विचार

सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में शनिवार को सीएम डैशबोर्ड पर राजस्व एवं विकास कार्यों की प्रगति पर समीक्षा बैठक हुई। जिसमें उन विभागों पर फोकस रहा, जिनका प्रदर्शन ठीक नहीं रहा। जिलाधिकारी ने कहा कि खराब प्रदर्शन वाले विभाग जून माह में बेहतर काम के लिए तैयार रहें। कहा, जिन विभागों के लंबित काम पूर्ण हो चुके हैं, लेकिन फीडिंग नहीं कराई गई है वह तत्काल फीडिंग कराएं। जिन कामों का निस्तारण बचा है, उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर डैशबोर्ड पर फीडिंग कराएं। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जून माह से सीएम डैशबोर्ड के कार्यों की तीन बार समीक्षा होगी। 11 जून, 21 जून और 28 जून को विस्तृत समीक्षा पर चर्चा होगी। सभी एसडीएम निर्देशित किया कि अपनी तहसीलों में किसान दुर्घटना बीमा योजना के पात्र लाभार्थियों को योजना का लाभ दिलाएं। एडीएम वित्त को निर्देश दिया कि किसान दुर्घटना बीमा योजना के दावों की समीक्षा करें। अधिकारियों को निर्देश दिया कि आईजीआरएस एप डाउनलोड करें और प्रतिदिन पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का निस्तारण कराएं। फील्ड निरीक्षण के बाद ही निरीक्षण आख्या अपलोड कराएं। एडीएम सिटी को निर्देश दिया कि ऐसे विभागों की सूची तैयार करें, जो प्रतिदिन पोर्टल नहीं देख रहे हैं।

#### केस्को एमडी को पत्र भेजने के निर्देश

समीक्षा में पता चला कि केस्को की ओर से जारी 18001801912 शिकायत नंबर पर शिकायतों का न तो उचित पंजीकरण हो पाता है और न ही किसी कंप्यूटर ऑपरेटर से संपर्क। नंबर पर कॉल करने पर उचित प्रतिक्रिया नहीं मिलती है। इस पर जिलाधिकारी ने समस्या के समाधान के लिए केस्को एमडी को पत्र भेजने का आदेश दिया। वहीं उपायुक्त उद्योग ने बताया कि जिले में 44 विद्यालयों को 1260 मोबाइल व 1610 टैबलेट छात्रों में वितरण के लिए उपलब्ध कराए गए थे, लेकिन विद्यालयों ने अभी तक वितरण की सूचना पोर्टल पर अपलोड नहीं की है। इस पर जिलाधिकारी ने विद्यालयों से संपर्क करने और रिकवरी की कार्यवाही के निर्देश दिए।

# जुलाई से हर माह सात रोजगार मेले, बढ़ेंगे नौकरी के अवसर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अभी विभाग की ओर से चार मेले लगते हैं
- एक साल में 45 मेलों के जरिए 6,715 को मिले रोजगार

**अमृत विचार।** सेवायोजन विभाग जुलाई से हर महीने सात रोजगार मेले लगाएगा। शहर में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 45 रोजगार मेलों के जरिए 6,715 युवाओं को निजी कंपनियों मे रोजगार मिला है। इन मेलों में 300 से अधिक निजी कंपनियों ने प्रतिभाग किया था।

युवाओं को रोजगार देने के लिए सेवायोजन विभाग हर महीने रोजगार मेलों को लगाता है। पिछले वित्तीय वर्ष इन मेलों का विस्तार करते हुए विभाग ने डिग्री कॉलेजों में भी रोजगार मेले लगाए। इस वित्तीय वर्ष में विभाग की ओर से महीने में चार के बजाय सात रोजगार मेले लगाए जाएंगे। इससे ज्यादा युवाओं को नौकरी के ज्यादा मौके मिलेंगे। सहायक निदेशक सेवायोजन उज्जवल कुमार सिंह ने बताया कि मेलों की संख्या बढ़ाने के लिए विभाग ने तैयारी कर ली है। निजी कंपनियों को भी मेलों की तारीखों के बारे में जानकारी दी गई है। डिग्री कॉलेजों में भी नया सत्र शुरू होते ही मेले लगाए जाएंगे।

#### पिछले साल 20 हजार को मिला रोजगार

- सेवायोजन विभाग की ओर से पिछले वित्तीय वर्ष में पूरे मंडल में 20,861 युवाओं को इन रोजगार मेलों जरिए रोजगार हासिल हुए हैं। इनमें सबसे अधिक कानपुर नगर में 6715 व सबसे कम रोजगार फतेहगढ़ 2,530 युवाओं को हासिल हुआ है। पूरे मंडल में विभाग की ओर से साल भर में 197 रोजगार मेले लगाए गए। इन सभी रोजगार मेलों में 50,629 युवाओं ने साक्षात्कार दिया था।

#### 21 हजार युवाओं ने किया था प्रतिभाग

- शहर में पिछले वित्तीय वर्ष में लगे मेलों में 21,093 युवाओं ने प्रतिभाग किया था। इसमें 30 फीसदी ग्रामीण व 70 फीसदी शहरी क्षेत्रों के युवा शामिल थे। मेलों में प्रतिभाग करने वालों में 75 फीसदी युवा व 75 फीसदी युवतियों की संख्या रही हैं।

# चोरों ने एक रात में पांच घरों को बनाया निशाना

## माखनपुरवा व तरऊपुरवा में चोरों ने पुलिस को दी चुनौती, लाखों रुपये के जेवर और नकदी उड़ाई

संवाददाता बिल्हौर

**अमृत विचार।** बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात माखनपुरवा और तरउपुरवा गांव में चोरों ने एक के बाद एक पांच घरों में घुसकर लाखों रुपये के जेवर व नकदी पार कर दी। सुबह जब घर के लोग जागे तब जानकारी हुई। जानकारी मिलते ही डीसीपी दिनेश त्रिपाठी, एसीपी अमरनाथ यादव मौके पर पहुंचे और जांच पड़ताल की।

पहली घटना माखनपुरवा गांव निवासी सुनील कुमार जो खेती करते हैं। प्रतिदिन की भांति शुक्रवार की रात को खाना खाने के बाद वे घर के बाहर सो गये और उनकी पत्नी गुड्डी और बेटी शुभी छत पर सो रही थीं। देर रात छत के रास्ते घर से घुसे चोरों ने 10 हजार रुपये नकद और सोने चांदी के जेवरात ले गए।

दूसरी घटना में वृद्ध रामचंद्र खेती किसानी करते हैं। उनका बड़ा बेटा नागेन्द्र नोएडा में नौकरी करता है, मंझला बेटा दीपक रेलवे में नौकरी करता है और छोटा बेटा सत्येंद्र पेशे से ड्राइवर है। घर पर मौजूद तीन लोगों में वह और उनकी पत्नी सरोजिनी घर के बाहर सो रहे थे और बहू सीता घर के अंदर सो रही थी। उनके घर में घुसे चोरों ने अलमारी व बक्से का ताला तोड़कर 7 हजार रुपये नकद व सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गए।

तीसरी घटना में रजोल किसानी करते हैं। उनके घर घुसे चोरों ने बक्सा तोड़कर 30 हजार रुपये नकद और सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लिए और घर के अंदर से ही दीवार फांदकर उनके भाई नरेंद्र राठौड़ के घर पहुंच गए। नरेंद्र बाहर रहकर प्राइवेट नौकरी करते हैं। चोर उनके घर से 50 हजार रुपये और सोने चांदी के जेवरात पार कर दिये।

चौथी घटना तरउपुरवा गांव निवासी राजू यादव खेती किसानी करते हैं और अनाज की आढ़त चलाते हैं। वे रात में घर के बाहर सो रहे थे उनकी पत्नी सुमन और दो बच्चे घर के अंदर सो रहे थे। उनके घर में घुसे चोरों ने अलमारी खोलकर एक लाख रुपये नकद और सोने चांदी के जेवर लेकर फरार हो गए।


चोरी के बाद बिखरा पड़ा सामान। अमृत विचार

### सभी घरों में पीछे के रास्ते से घुसे चोर

घटना में चोर सभी घरों में पीछे से छत के रास्ते घुसे और बड़ी सफाई से सभी घरों में चोरी कर फरार हो गए। बक्से व अलमारी के ताले तोड़ते रहे पर किसी को भनक तक नहीं लगी। सुबह जागने पर घरों में सामान बिखरा देखकर लोगों को घटना की जानकारी हुई। ग्रामीणों की माने इन गांवों में इस तरह की घटना पहली बार हुई है। ज्यादातर परिवार घरों के बाहर सोते हैं। जिससे घरों के बाहर रखा सामान भी सुरक्षित बना रहता है।

### डीसीपी ने किया मुआयना

जानकारी मिलते ही डीसीपी दिनेश त्रिपाठी व क्राइम ब्रांच के सतीश यादव ने टीम सहित मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआयना किया और जानने का प्रयास किया कि घटना के समय कौन कौन मोबाइल नंबर वहां एक्टिव थे। मौके पर पहुंची डॉग स्क्वायड टीम ने भी जायजा लिया किंतु सफलता नहीं मिली। फारेंसिक टीम ने सभी घरों से साक्ष्य एकत्रित किए। डीसीपी के अनुसार घटना के खुलासे और चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस और क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम गठित की गई है, जल्द ही चोर पकड़े जायेंगे।

## उलाहना देने पर पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बिल्हौर।** ककवन थाना क्षेत्र के नादिया गांव में मामूली विवाद में एक युवक ने उलाहना देने पर पीड़ित को ही पीट दिया। निर्मल ने आरोप लगाया कि गांव के ही विकास उर्फ बाबा के घर वह फोन से बातचीत करने की शिकायत करने गया था तभी आरोपी ने उसे जमकर पीट दिया। थाना प्रभारी धर्मेंद्र गुप्ता के अनुसार पीड़ित निर्मल की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध अनुसूचित जाति के व्यक्ति पर जाति सूचक शब्द कहने पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रेन की टक्कर से किशोरी की मौत

संवाददाता घाटमपुर

- किशोरी का क्षत विक्षत शव इंजन में फंसा, 20 मिनट तक खड़ी रही मेमो ट्रेन

**अमृत विचार।** घाटमपुर के सजेती क्षेत्र अंतर्गत यमुना तटवर्ती गांव भटपुरवा गांव में शनिवार को एक किशोरी ट्रेन की चपेट में आ गई। इससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने किशोरी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सजेती थाना क्षेत्र के भटपुरवा निवासी 17 वर्षीय जूली पुत्री राजेंद्र कुरील सुबह शौच के लिए घर से निकली थी। जैसे ही वह गांव के किनारे स्थित दपसौरा रेलवे क्रासिंग के पास पहुंची, तभी कानपुर से बांदा जा रही मेमो ट्रेन की चपेट में आ गई। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना फोनकर पुलिस और परिजनों को दी। ग्रामीणों ने बताया कि किशोरी का क्षत विक्षत शव इंजन में फंस जाने से मेमो ट्रेन लगभग 20 मिनट तक खड़ी रही। परिजनों ने बताया कि किशोरी ग्यारवीं की छात्रा थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने किशोरी के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सजेती थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## सार-संक्षेप



पुस्तक का विमोचन करते विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना व अन्य अतिथि।

### जगदम्बा भाई की काव्य कृति बिखरी पांखुरी का हुआ लोकार्पण

**कानपुर।** खलासी लाइन स्थित शास्त्री भवन में शनिवार को लोक सेवक मंडल व विभिन्न समाज सेवी संगठनों ने कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमे विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने वरिष्ठ गांधी वादी व सर्वोदयी विचारक जगदम्बा भाई की काव्य कृति बिखरी पांखुरी का लोकार्पण किया। सतीश महाना को दीपक मालवीय व सत्य प्रिय बाजपेई द्वारा स्मृति सम्मान प्रदान किया गया सतीश महाना ने कहा कि जगदम्बा भाई शहर के ऐसे गांधी वादी समाज सेवी है, जो जीवन पर्यन्त समाज के निचले तबके, वंचित, दलित एवं बाल साहित्य और गांधी वादी मूल्यों के प्रति समर्पित रहे है। बिखरी पांखुरी में यह झलक हमें देखने को मिलती है। बिना जीवन मूल्य के और सामाजिक समरसता के राष्ट्र निर्माण की बात करना बेमानी है। जगदम्बा भाई के आचरण की शुद्धता सामाज के लिए एक उदाहरण है। इतिहास मर्मज्ञ राम किशोर बाजपेई ने कहा कि जगदम्बा भाई की बिखरी पाँखुरियां हमें यह आभास कराती है कि हम अभाव में रहते हुए भी कैसे विनोद प्रिय, ईश्वर भक्ति, मानवीय मूल्य व सामाजिक सरोकारों को समझते हुए कार्य कर सकते है। ललित निबन्धकार शिव कुमार दीक्षित ने कहा कि क्षितीज के पार देखने की कला और अपनी कथनी व करनी में समानता वरिष्ठ गांधी वादी जगदम्बा भाई के जीवन में परलक्षित है। वह अध्यापक के साथ सामाजिक परिवर्तन के भी वाहक रहे। उन्होंने शहर में तरूण शांति-सेना के माध्यम से युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया। इस दौरान लोक सेवक मंडल के अध्यक्ष दीपक मालवीय, डॉ. विनोद त्रिपाठी, सुधा वाखले, सत्य प्रिय बाजपेई, युवा कवि अक्षत व्योम, डॉ. जहान सिंह, डॉ. वीएन सिंह, कृष्णकान्त अवस्थी, डॉ.सुरेश अवस्थी, भूधर नारायण मिश्रा, शशि कौशिक, छोटे भाई नरोना, सुरेश गुप्ता समेत आदि रहे।

### बकरीद पर्व को लेकर रेउना थाने में संपंन हुई बैठक

**घाटमपुर।** रेउना थाना में शनिवार को बकरीद पर्व को लेकर थाना प्रभारी की अध्यक्षता में पीस बैठक आहूत की गई।इस बैठक में क्षेत्रीय प्रधान, जिला पंचायत सदस्य सहित कस्बा एवं क्षेत्रीय ग्रामीण व्यक्ति मौजूद रहे। बैठक् के दौरान थाना प्रभारी ने शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की और क्षेत्रीय प्रधानों एवं जिला पंचायत सदस्यों सहित सभी व्यक्तियों से त्योहार में होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सभी मौजूद लोगों को थाना प्रभारी ने त्योहार शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को कहा। उन्होंने कहा कि किसी प्रकार की अफवाह न फैलाये और अप्रिय घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य सोमवती शंखवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य पति धीरज द्ववेदी, जीतू चौरसिया, प्रधानों में विमल सचान, प्रधान प्रतिनिधि अमित दीक्षित, प्रधान पति धनविजय सिंह, अरविंद कपाड़िया, रामकुमार सैनी, प्रधान पति ज्ञान सिंह यादव, शिवकुमार द्विवेदी, पवन चौरसिया, रामजीवन कुशवाहा, अजय यादव, अशोक यादव ग्राम प्रधान गिरसी एवं समस्त पुलिस स्टाफ सहित आदि लोग मौजूद रहे।

### झूला और प्रदर्शनी संचालक पर दर्ज हुई रिपोर्ट

**बिल्हौर।** बिल्हौर कस्बे में शुक्रवार की शाम प्रदर्शनी के दौरान हुए हादसे में एक बच्चे समेत कई बच्चों के घायल हो जाने के मामले में झूला संचालक राघव और प्रदर्शनी के संचालक अमित पांडे के ऊपर एफआईआर दर्ज हो गई है। मेला के दौरान झूला टूटने से अनुभव नाम के बच्चे समेत कई बच्चों को चोट लगी थी। उन्ही में एक अनुभव को ज्यादा चोट आई थी। अनुभव के पिता अविनाश द्वारा झूला संचालक व प्रदर्शनी संचालक के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसमें लापरवाही से प्रदर्शनी संचालन करने के साथ बच्चों को धमकाने का आरोप भी लगाया है। प्रदर्शनी संचालक अमित पांडे ने प्रदर्शनी शुरू होने से पहले मेला परिसर में झूले की अनुमति नहीं ली थी तथा प्रशासन को जानकारी दिये बिना झूला संचालित करवा रहा था। इसके संबंध में थाना प्रभारी बिल्हौर अशोक सरोज ने बताया कि आरोपी संचालक के विरुद्ध विवेचना में और भी धाराएं बढ़ाई जाएंगी तथा दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भी भेजा जाएगा।


सीएसजेएमयू में ट्रेनिंग प्रोग्राम में शामिल युवा। अमृत विचार

### युवाओं ने नवाचार बताए

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय में शनिवार को स्टूडेंट एंटरप्रेन्योरशिप एंड ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन हुआ। इसमें 38 टीमों ने हिस्सा लिया। टीम के सदस्यों ने अपने नवविचार प्रस्तुत किए। टीम की ओर से नवाचारों को निर्णायक मंडल में डॉ. शिल्पा डॉ. कैस्था (डीन, इनोवेशन) व सर्वेश सिंह परखा। उन्होंने प्रतिभागियों को उपयोगी सुझाव और मार्गदर्शन प्रदान किया।

### ब्लॉक प्रमुख अरुण कोरी ने लिया पीएम मोदी से आशीर्वाद

**बिधनू।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कानपुर का दौरा किया। वहां पर उन्होंने तमाम विकास कार्यों की सौगात देते हुए जन सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने जन प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की। इस दौरान बिधनू ब्लाक प्रमुख अरुण कुमार कोरी को भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का मौका मिला और उन्होंने मोदी से आशीर्वाद लिया।


पीएम मोदी का अभिवादन करते ब्लाक प्रमुख अरुण कोरी।

## आंधी व पानी से बिजली गुल, लोगों ने काटा हंगामा

संवाददाता बिठूर

**अमृत विचार।** आंधी पानी आने के दो दिन बीत जाने के बाद भी बिजली न मिल पाने से नाराज उपभोक्ताओं ने शनिवार शाम को मंधना सब स्टेशन पर जमकर हंगामा किया। हंगामा बढ़ता देख स्टेशन कर्मियों ने सब स्टेशन का चैनल बंद कर लिया और पुलिस को सूचना दी।

दो दिन से बिजली न आने के कारण शनिवार की शाम को लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और आक्राशित ग्रामीण मंधना सब स्टेशन पहुंच गये और जमकर हंगामा करते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। मौके पर पुलिस पहुंच गई और हंगामा कर रहे लोगो को शांत कराया। शनिवार दोपहर तक केवल राहूमाता फीडर और रामगंगा फीडर के ही उपभोक्ताओं को बिजली मिल पाई थी, जबकि कुरसौली, पचोर, बगदौधी बांगर के फाल्ट शनिवार शाम 8 बजे तक ठीक न हो सके थे। करीब 48 गांवों के हजारों उपभोक्ताओं को 30 घन्टे बीत जाने के बावजूद बिजली नही मिल पाई ।

वहीं चौबेपुर क्षेत्र में भी शुक्रवार शाम करीब 4:00 बजे आई जबरदस्त आंधी व पानी के चलते जगह-जगह बिजली के पोल व पेड़ टूट कर गिर गए। परिणाम स्वरूप क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। शनिवार को पूरे दिन चले मरम्मत कार्य के बावजूद आपूर्ति बहाल नहीं हो पाई।

## लोगों को बताये टीबी के लक्षण व उससे बचाव के उपाय

**चौबेपुर।** टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत कस्बा स्थित सीएचसी में शनिवार को कार्यशाला का आयोजन किया गया।

क्षय रोग (टीबी) को पूरी तरह से खत्म करने के लिए शासन स्तर से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लक्ष्य को हासिल करने के लिए राष्ट्रीय टीबी उन्मूलन कार्यक्रम जगह-जगह आयोजित हो रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को कस्बा स्थित सीएचसी सभागार में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ सुबोध प्रकाश, डॉ शेख व अखिलेश कुमार आदि की टीम ने सीएचओ, संगिनी व आशाओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बताया कि टीबी रोगी के खांसने, छींकने अथवा थूकने से कीटाणु हवा में फैलते हैं। जिससे आसपास रहने वाले लोग भी बीमारी की चपेट मे आ जाते हैं। उन्होंने बताया कि दो हफ्ते से अधिक समय तक लगातार खांसी आना, सीने में दर्द, कमजोरी, वजन कम होना, बुखार, आदि तपेदिक के लक्षण हो सकते हैं। ऐसे रोगियों को चिंहित कर उन्हें तत्काल सरकारी अस्पताल पहुंचाएं और जांच आदि के पश्चात विधिवत उपचार शुरू करायें। कार्यक्रम में डॉ. यशोवर्धन सिंह, शिवानी गौतम, मयंक मिश्रा, शंकर लाल, सुधा गौतम रहीं।

## बजरंग दल ने फूंका आतंकवाद का पुतला

**घाटमपुर।** घाटमपुर के कप्तान सुखवासी सिंह जनता महाविद्यालय में चल रहे बजरंग दल शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में आए हुए शिक्षार्थियों को शनिवार को विश्व हिंदू परिषद कानपुर प्रांत के अध्यक्ष राजीव महाराज का बौद्धिक प्राप्त हुआ।

इस मौके पर विहिप के राजीव महाना ने कहा कि हम सर्वे भवंतु सुखिनाः सर्वे संतु निरामया के भाव को लेकर संपूर्ण मानवता के संपूर्ण विश्व के कल्याण की कामना करते हैं। हमारी संस्कृति, हमारी सभ्यता, हमारे राष्ट्र पर आक्रमण करने वाले इस्लामिक जिहादी आतंकवाद को हम किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे। इस संकल्प को लेकर सैकड़ों बजरंगी घाटमपुर चौराहे पर पहुंचे। वहां पर बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने इस्लामिक आतंकवाद का पुतला दहन किया। इस दौरान प्रांत अध्यक्ष राजीव महाना, अजीत राज, शुभम् शौर्य, मनीष सचान, लल्लू, नरेश तोमर, शुभम् कौशिक आदि रहे।


बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रक्रिया प्रारम्भ सत्र : 2025-26
Accreditations, Affiliations & Approvals
प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG)-2025 में सूचीबद्ध
मेडिकल साइंसेस
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेंटल साइंसेस
डिप्लोमा-डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा-डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/नर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/कम्युनिटी हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी.फार्म/बी.फार्म/एम.फार्म (फार्माकोलॉजी, फार्मास्यूटिक्स, फार्मासियूटिकल कैमिस्ट्री, फार्माकॉगनॉसी)
पैरामेडिकल साइंसेस
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी एण्ड ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/डिप्लोमा इन रेडियोथेरेपी तकनिशियन (DRIT)/ बैचलर इन ऑप्रेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (BOTT)/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी टेक्नोलॉजी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)/एमएससी क्लीनिकल एम्ब्र्योलॉजी/ एम.एससी इन मेडिकल लैबोरेट्री सांइस (MMLS)/ मास्टर्स इन फिजीयोथेरेपी (MPT)
फोरेंसिक साइंसेस
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान, एमएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए/(आईटी और मल्टीमीडिया)/ एम.कॉम (ऑनर्स)/ मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (यू.पी.)
Website : www.biu.edu.in, E-mail : admission@biu.edu.in



Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Management
UG Programs
● BBA (Finance & Taxation) ● B.Com (H)
● BCA (IT & Multimedia)
PG Programs
● MBA ● M.Com. ● MCA
● MPH ● MHA
Contact Details
For Online Registration visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biucm2018@gmail.com
Ph : 8218622744, 9105500202, 9105500404, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)



Admission Open
Session 2025-26
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU College of Humanities & Journalism
UG Programs
● BA (Mass Comm.) ● BA (Journalism)
PG Programs
● MA (Mass Comm) ● MA (Journalism)
● MA (English) ● MA (Psychology)
● MA (Sociology) ● MA (Pol. Science)
Contact Details
For Online Registration Visit : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell, Administrative Block, BIU
e-mail : biuchj2022@gmail.com
Ph : 9105500202, 9105500404, 8218622744, 7409998289
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### पर्यटन स्थलों पर क्यूआर कोड ऑडियो टूर की सुविधा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य के पर्यटन को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए योगी सरकार एक और परियोजना शुरू करने जा रही है। इसके तहत पर्यटन विभाग 100 प्रमुख पर्यटन स्थलों पर क्यूआर कोड आधारित ऑडियो टूर पोर्टल और सामग्री विकसित कर रहा है। पर्यटन स्थलों पर क्यूआर कोड आधारित ऑडियो टूर, जो पर्यटकों को पांच से सात मिनट की ऑडियो कहानियों के माध्यम से प्रदेश के प्रमुख स्थानों की जानकारी देगा। ये ऑडियो टूर 10 क्षेत्रीय भाषाओं (हिंदी, बंगला, तमिल, तेलुगु, मराठी, गुजराती, अंग्रेजी, कन्नड़, ओडिया और मलयालम) तथा पांच अंतरराष्ट्रीय भाषाओं (फ्रेंच, स्पेनिश, जर्मन, जापानी और मंदारिन) में उपलब्ध होंगे। ये ऑडियो कहानियां ऐतिहासिक और सांस्कृतिक तथ्यों को जीवंत करेंगी, जिसमें बैकग्राउंड म्यूजिक और परिवेश ध्वनियां शामिल होंगी। इस परियोजना में प्रयागराज के त्रिवेणी संगम और आनंद भवन, अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि और कनक भवन, वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर और गंगा आरती, आगरा के ताजमहल, मथुरा-वृंदावन के श्री कृष्ण जन्मभूमि और बांके बिहारी मंदिर और लखनऊ के बड़ा इमामबाड़ा जैसे प्रतिष्ठित स्थान शामिल हैं।

### इको पर्यटन की थीम पर 22 जिलों में लगेंगे साइनेज

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड राज्य के प्राकृतिक पर्यटन स्थलों को अंतर्राष्ट्रीय स्तर का गंतव्य स्थल बनाने जा रहा है। इसके लिए लगभग 9.72 करोड़ रुपये से 22 जिलों में साइनेज लगाए जाएंगे। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को बताया कि इको टूरिज्म डेवलपमेंट बोर्ड गंतव्य स्थल के आसपास पर्यटन सुविधाओं का विकास कर रहा है। बताया कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व, दुधवा नेशनल पार्क, किशनपुर वाइल्डलाइफ सेंचुरी और कतर्नियाघाट वाइल्डलाइफ सेंचुरी आदि प्रमुख स्थलों पर आने के लिए लखनऊ और दिल्ली सेंटर प्वाइंट है। यहां से गंतव्य स्थलों को जाने वाले प्रमुख मार्गों पर साइनेज लगाए जाएंगे। साइनेज में नजदीकी गंतव्य स्थल की दूरी के साथ-साथ वहां के प्रमुख आकर्षणों को भी दिखाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी तरह दो अलग-अलग परियोजनाओं में लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर खीरी, गौतमबुद्ध नगर आदि जिलों में साइनेजेज लगाए जाएंगे।

# आउटसोर्स सेवा निगम बनाने में आड़े आ रहे श्रम कानून

## 60 साल में सेवानिवृत्ति तय होते ही संबंधित कार्मिक समान पद-समान वेतन के होंगे हकदार

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

- न्याय विभाग देख रहा कानूनी पक्ष, फिर तय होंगे नियम और अंतर्नियम

**अमृत विचार :** आउटसोर्स सेवा निगम के तय किए गए मसौदे में अब श्रम कानून आड़े आ रहा है। न्याय विभाग को आपत्ति है कि जब चयन बोर्डों के मुखिया डीएम से लेकर प्रमुख सचिव होंगे और सभी को नए मानदेय पर 60 साल की उम्र में सेवानिवृत्ति के नियमों के तहत प्लेसमेंट इंफारमेशन लेटर जारी होगा तो समान पद-समान वेतन की मांग श्रम अदालतों से लेकर हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट तक उठेगी। ऐसे में अब न्याय विभाग कानूनी अड़चनों का समाधान करते कानूनविदों से नए नियम और अंतर्नियम तय कर रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले फरवरी माह के विधानसभा सत्र में आउटसोर्स कार्मिकों की पीड़ा गिनाकर उन्हें शोषण से मुक्ति दिलाने की घोषणा की थी। इसके लिए आउटसोर्स सेवा निगम बनाने का एलान करते हुए न्यूनतम वेतन, सेवा-सुरक्षा और हर माह की पांच तारीख तक कार्मिक के बैंक खाते में वेतन देने का संकल्प लिया था। किसी आउटसोर्स को नौकरी से न निकालने और 60 साल की उम्र में सरकारी कर्मचारी की भांति सेवानिवृत्ति देने जैसे एलान से लाखों कर्मचारी तीन माह से निगम के गठन का इंतजार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने इसे लेकर 25 अप्रैल को मुख्य सचिव समेत आउटसोर्स सेवा निगम का सीमा नियम (मेमोरंडम ऑफ एसोसिएशन) और अंतर्नियम (आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन) बनाने की जिम्मेदारी निभा रहे सचिवालय प्रशासन विभाग, वित्त विभाग, कार्मिक विभाग, न्याय विभाग और श्रम विभाग के एसीएस या प्रमुख सचिव के साथ बैठक की थी। इसके बाद दो कैबिनेट बैठक हो चुकी है, मगर आउटसोर्स सेवा निगम का प्रस्ताव अभी तक कानूनी जामा पहनाने के लिए सामने नहीं आ पाया है।

सूत्र बताते हैं कि कंपनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत गैर लाभकारी उद्देश्यों वाले इस निगम के गठन समेत निदेशक मंडल तय करने के साथ उसके कार्य-अधिकार, कर्तव्य, नियमावली यानि सीमा नियम और अंतर्नियम के प्रावधान और इसी अनुरूप शासन, निदेशालय, नगर निगम, स्थानीय निकाय, सरकारी संस्थाएं, सरकार से अनुदानित संस्थाओं, मंडल और जिला स्तर बनीं समितियों के जरिए नियमानुसार चार श्रेणी के कुल 93 विभागों में नियुक्तियों के लिए तैयार मसौदा में श्रम कानून आड़े आ रहा है।

### कार्यरत 11 लाख संविदा कार्मिकों को एलआईपी देने पर पेंच

सरकारी विभागों और संस्थाओं में कार्यरत करीब 11 लाख संविदा कार्मिक कहीं 11 माह तो कहीं अधिकतम तीन साल के लिए एग्रीमेंट पर कार्यरत हैं। अब निगम सभी को नए मानदेय पर 60 साल उम्र में सेवानिवृत्ति के नियमों के तहत प्लेसमेंट इंफारमेशन लेटर (एलआईपी) और निगम की ओर से आईडी कार्ड चयन समिति के अध्यक्ष को भेजने और उनके डिजिटल हस्ताक्षर से संबंधित कार्मिक को देने में न्याय विभाग कानून विदों से राय के बाद सहमत नहीं है। तर्क दिया जा रहा है कि आउटसोर्स एजेंसी को बाहर करते ही नए नियमों पर नियुक्त कर्मी सरकारी विभाग में स्थाई कर्मी का दावेदार तो होगा ही, वह समान पद पर समान वेतन का दावा भी श्रम न्यायालयों से लेकर हाइकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में कर सकता है।

### ऐसे सामने आ सकता नया प्रस्ताव

शासन के शीर्ष अधिकारी बताते है कि तीन पक्षीय समझौते के तहत विभाग, निगम व आउटसोर्सिंग एजेंसी के बीच समन्वित रूप से सभी प्रक्रियाएं संचालित होंगी। पारदर्शी चयन प्रक्रिया, जेम पोर्टल से एजेंसियों का चयन, मेरिट आधारित भर्ती, आधुनिक तकनीकों का प्रयोग, ईपीएफ/ईएसआई की समयबद्ध जमा व निगरानी और आरक्षण नियमों का पालन सुनिश्चित होगा। किसी भी कर्मचारी को सेवा प्रदाता एजेंसी द्वारा तब तक सेवा से नहीं हटाया जाए, जब तक कि सम्बंधित विभाग के सक्षम अधिकारी की संस्तुति न हो। प्रत्येक माह की 5 तारीख तक सभी कार्मिकों के बैंक खाते में पूरा पारिश्रमिक जमा हो जाए। साथ ही, ईपीएफ व ईएसआई की राशि भी समय से जमा हो। निगम का गठन करते हुए स्पष्ट प्रावधान हो कि नियमों के उल्लंघन पर एजेंसियों पर ब्लैकलिस्टिंग, डिबार, पेनाल्टी व वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

### समान वेतन ही नहीं, स्थायी की भी होगी मांग : कानूनविद

हाईकोर्ट में श्रम मामलों के वरिष्ठ अधिवक्ता आरपी सिंह कहते हैं कि आउटसोर्स सेवा निगम सरकार के द्वारा बनाया गया और शासन के शीर्ष अधिकारियों की ओर संचालित होगा। नियुक्तियां भी वही प्राधिकारी करेंगे, जो सरकारी नियुक्तियां करते हैं, ऐसे में पदों की जो श्रेणियां तय की गई हैं, उन्हीं पदों पर पहले सरकारी कार्मिक भी है। ऐसे में एक ही पद पर दो तरह का वेतन-भत्ता और सुविधाएं क्यों? जब सरकार के पास 60 साल के सेवानिवृत्ति तक पद रिक्त है तो संबंधित व्यक्ति अंशकालिक और संविदा जैसे वेतन का हकदार क्यों होगा। अभी तक सरकार की ओर से तर्क दिए जाते थे कि तय समयावधि के लिए ही जगह खाली था, इसलिए रखा गया।

## सरकारी अस्पतालों में योग दिवस मनाने की तैयारी शुरू

**अमृत विचार, लखनऊ :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (21 जून) पर योगी सरकार प्रदेश के समस्त छोटे-बड़े सरकारी अस्पतालों में कार्यक्रम आयोजित कराएगी। स्थानीय गणमान्य व्यक्ति को योग एंबेस्डर बनाया जाएगा, ताकि सभी आयु वर्ष के ज्यादा से ज्यादा लोग योगाभ्यास कर स्वस्थ्य रहें। मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर विभाग के मुखिया ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों (सीएमओ) व प्रमुख चिकित्सा अधीक्षकों (सीएमएस) को अभी से तैयारी व प्रचार-प्रसार में जुट जाने को कहा है। प्रमुख सचिव चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पार्थ सारथी सेन शर्मा ने शनिवार को बताया कि इस वर्ष की थीम है, एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग। उन्होंने कहा कि योग दिवस का उद्देश्य जनसमुदाय को योग अभ्यास के लिए प्रोत्साहित करना है। समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों पर नियमित योग सत्र संचालित किए जाने की व्यवस्था है।

# खोजा फैटी लिवर का इलाज

## एसजीपीजीआई के चिकित्सकों ने लंबे शोध के बाद पाई सफलता

संवाददाता, लखनऊ (पीजीआई)

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) के विशेषज्ञों ने लंबे शोध के बाद नॉन एल्कोहलिक लोगों के फैटी लिवर का इलाज खोजा है। शोध के मुताबिक, शरीर में पाए जाने वाले प्राकृतिक डीहाइड्रोएपि एंड्रोस्टेरोन हार्मोन लोगों के फैटी लिवर के जोखिम को कम करेगा। यह शोध पीजीआई के इंडोक्राइनोलॉजी विभाग के डॉ. रोहित ए. सिन्हा, डॉ. सना रजा और प्रतिमा गुप्ता ने किया है। इस शोध को मॉलिक्यूलर एंड सेल्युलर एंडोक्रिनोलॉजी पत्रिका ने हाल ही में प्रकाशित किया है।

डॉ.रोहित ने बताया कि आधुनिक दौर में शराब न पीने वाले लोगों में मोटापा, डायबिटीज



टीम के सदस्यों के साथ डॉ. रोहित।

और खराब जीवन शैली सबसे बड़ा फैटी लीवर का कारण बनता जा रहा है। युवा और बड़ों में यह ज्यादा हो रही है। पीजीआई द्वारा किए गये शोध में यह देखा गया कि इस हार्मोन का स्तर बढ़ाने से लोगों में फैटी लिवर का जोखिम कम

- मोटापा, डायबिटीज और खराब जीवन शैली है फैटी लिवर का बड़ा कारण
- डीहाइड्रोएपि एंड्रोस्टेरोन हर्मोन का स्तर बढ़ाने से कम होगा जोखिम

किया जा सकता है। हाइड्रोएपि एंड्रोस्टेरोन हार्मोन लिवर की कोशिकाओं से हानिकारक वसा को हटाने, सूजन कम करने के साथ ही दूसरे नुकसान को रोकता है। यह हार्मोन पुरुष और महिलाओं में सेक्स हार्मोन के उत्पादन के लिए महत्वपूर्ण है। लिहाजा यह शराब न पीने वाले लोगों में फैटी लिवर से बचाने में मददगार साबित होगा। डॉ. रोहित ने बताया कि इस हार्मोन की मात्रा को शरीर में संतुलित कर लोगों में फैटी लिवर को काबू में किया जा सकता है।

## 514 करोड़ से चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे का होगा निर्माण

**अमृत विचार, लखनऊ :** चित्रकूट को बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे को 18 महीने में 514 करोड़ रुपए से अधिक लागत से बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

यूपीडा की ओर से तैयार कार्ययोजना के अनुसार, यह लिंक एक्सप्रेसवे 15.175 किलोमीटर लंबा होगा तथा इसे मुख्यतः फोरलेन बनाया जाएगा जिसकी विस्तार क्षमता 6 लेन की होगी। यह लिंक एक्सप्रेसवे चित्रकूट की कनेक्टिविटी बढ़ाने में मददगार होगा तथा बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से कनेक्ट होगा। इस प्रकार, यह पर्यटकों, तीर्थयात्रियों व स्थानीय यात्रियों के लिए यातायात के उच्च स्तरीय मानक स्थापित करेगा तथा उन्हें विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराने का माध्यम बनेगा।

# ऊर्जा निगमों में नहीं हो सकेगा आउटसोर्स कर्मियों का उत्पीड़न

### मिलेगा समय पर निर्धारित वेतन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** ऊर्जा निगमों में अब आउटसोर्स कर्मियों का उत्पीड़न नहीं हो सकेगा। कर्मियों को समय पर निर्धारित वेतन मिल सकेगा। अब आउटसोर्स कंपनियों को सारा विवरण पोर्टल पर डालना होगा। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन ने विभागीय पोर्टल पर आउटसोर्स कर्मियों का विवरण 'अपलोड' करना अनिवार्य कर दिया है। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने शनिवार को समीक्षा बैठक में इसका सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये।

पारदर्शिता की दृष्टि से पोर्टल पर इन कर्मियों का आवश्यक विवरण ईपीएफ, ईएसआई, मोबाइल नंबर, फोटो,



शक्ति भवन में बैठक करते उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल।

- आउटसोर्स कंपनियों को सारा विवरण पोर्टल पर डालना होगा अनिवार्य

तकनीकी-शैक्षिक योग्यता आदि पोर्टल पर 'अपलोड' करना आवश्यक है। इस पोर्टल के माध्यम से ही आउटसोर्स कर्मियों की बायोमेट्रिक उपस्थिति आदि भी सत्यापित होगी और वेतन भी इसी आधार पर बनेगा। निर्देश के तहत जिस आउटसोर्स कंपनी का पूरा डाटा इस पोर्टल पर नहीं पड़ेगा, उसे उसके लाभ का भुगतान नहीं किया जाएगा। बैठक में कॉरपोरेशन के अध्यक्ष ने सभी वितरण निगमों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि आउटसोर्स पोर्टल पर सभी संविदा कर्मियों का डाटा 'अपलोड' कराएं।

# नए डीजीपी बीहड़ में तोड़ चुके हैं अपहर्ताओं की कमर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कई अधिकारी थे डीजीपी बनने की दौड़ में, राजीव कृष्ण ने सबको पीछे छोड़ा

**अमृत विचार :** प्रदेश के नये कार्यवाहक डीजीपी बनाये गए राजीव कृष्ण वर्ष 2004 में आगरा में एसएसपी के तौर पर अपनी कार्यशैली के कारण काफी चर्चा में रह चुके हैं। उन्होंने उस समय पर आगरा में अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया था। साथ ही, बीहड़ में सक्रिय अपहरण गिरोहों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की थी। नये भूमिका में अपनी नियुक्ति के दौरान उन्होंने दौड़ में शामिल कई अफसरों को पीछे छोड़ दिया।

20 जून 1969 को जन्मे राजीव कृष्ण मूल रूप गौतमबुद्धनगर के रहने वाले हैं। उन्होंने बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग इन इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन की पढ़ाई की। स्नातक के बाद उन्होंने 1991 में संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की और आईपीएस अफसर के रूप में चयनित हुए। उनकी पत्नी मीनाक्षी सिंह वरिष्ठ आईआरएस अधिकारी हैं और लखनऊ स्थित आयकर विभाग के मुख्यालय में तैनात हैं। डीजीपी की दौड़ में राजीव कृष्ण के अलावा 1990 बैच के आईपीएस बीके मौर्य समेत कई अधिकारी दौड़ में थे, पर उन्हें सफलता नहीं मिली।

राजीव कृष्ण मथुरा, इटावा, आगरा, नोएडा और लखनऊ में एसपी/एसएसपी जैसे चुनौतीपूर्ण पदों पर कार्य किया। वह यूपी एटीएस (एंटी टेरर स्क्वाड) के संस्थापक प्रमुख थे। इसके अलावा, उन्होंने बीएसएफ में आईजी ऑपरेशंस के रूप में कार्य किया। उनकी सेवानिवृत्ति में चार वर्ष और एक माह का समय बाकी है, जिसकी वजह से वह प्रदेश के स्थाई डीजीपी भी बन सकते हैं।

## बिना बाईपास सर्जरी खोली जा सकेंगी दिल की बंद नसें

**अमृत विचार, लखनऊ :** दिल की बीमारी को लेकर डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान में कार्यशाला का आयोजन हुआ। इसमें लोहिया संस्थान में कॉर्डियोलॉजी विभाग के डॉ. सुदर्शन के विजय ने जानकारी देते हुए कहा कि वर्षों से बंद पड़ी दिल की नसों को खोलने के लिए बाईपास सर्जरी की जरूरत नहीं पड़ेगी। रेट्रोग्रेड विधि से कोरोनरी एंजियोप्लास्टी कर आसानी से नसों को खोला जा सकता है। उन्होंने बताया कि दिल की 100 फीसदी बंद नसों को बिना ऑपरेशन खोलना आसान हो गया है। इन नसों में आगे के रास्ते से तार ले जाना संभव नहीं होता है। इन नसों को विपरीत दिशा से दूसरे साइड की दिल की नस पतले चैनल के माध्यम से ब्लड सप्लाई करने लगती है। इन चैनलों के द्वारा तार को बंद नस में ले जाकर उसको पीछे से खोला जाता है। एक सामान्य एंजियोप्लास्टी में जहां 15 मिनट से आधे घंटे का समय लगता है। वहीं रेट्रोग्रेड विधि से एंजियोप्लास्टी में दो से चार घंटे का समय लगता है। इस विधि से 70 से 80 हजार रुपये का खर्च आता है।

# कार्मिकों के स्थानांतरण किए जाएंगे ऑनलाइन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय के अधीन विभागों में नई प्रक्रिया
- तबादले मानव संपदा पोर्टल के जरिए मेरिट बेस्ड होंगे
- पोर्टल पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 5 जून

**अमृत विचार :** आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा निदेशालय के नियंत्रणाधीन विभिन्न विभागों में कार्यरत कार्मिकों के स्थानांतरण मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से मेरिट बेस्ड ऑनलाइन किये जायेंगे। स्थानांतरण नीति वर्ष 2025-26 के अन्तर्गत लंबी अवधि से कार्यरत कार्मिकों का स्थानांतरण किया जाएगा।

निदेशक, आंतरिक लेखा एवं लेखा परीक्षा साधना श्रीवास्तव ने बताया कि लेखा संवर्ग के लेखाकार-सहायक लेखाकार, लेखा परीक्षक संवर्ग के ज्येष्ठ लेखा परीक्षक-लेखा परीक्षक तथा सहायक लेखाधिकारी संवर्ग के सहायक लेखाधिकारी के पदों पर कार्यरत कर्मियों के स्थानांतरण होने हैं। इसके लिए निदेशालय की वेबसाइट http://upiaad.up.gov.in पर जानकारी उपलब्ध है। मानव संपदा पोर्टल से स्थानांतरण किये जाने के लिए कार्मिकों से पोर्टल पर ऑनलाइन विकल्प प्राप्त किये जाने की तिथि 31 मई से 5 जून तक निर्धारित की गयी है।

उन्होंने बताया कि मानव संपदा पोर्टल पर 10 विकल्प कार्मिकों द्वारा स्वयं भरने होंगे। जिसके बाद उन्हें उनके विकल्प के अनुसार इच्छित जिले में स्थानांतरण किये जाने की संभावना बढ़ जाएगी। मानव संपदा पोर्टल पर भरे गए विकल्प को पोर्टल पर खोले गए जिला कार्यालय से मैच कराकर पोर्टल द्वारा स्वयं स्थानांतरित कर दिया जायेगा। विकल्प मैच न होने पर पोर्टल किसी भी जिला में स्थानांतरण कर देगा।

# भाजपा चंदाखोरी मिटाए फिर करे महंगाई घटाने की बात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा महंगाई की चैंपियन है। भाजपा सरकार पहले 'मुनाफाखोरी' घटाए और 'भाजपाई चंदाखोरी' मिटाए फिर महंगाई घटाने की बात करे। उन्होंने कहा कि खाद्य तेल पर आयात शुल्क को घटाने का फायदा जनता को भी मिलना चाहिए। लागत घट रही है तो खुदरा मूल्य भी घटना चाहिए।



सपा प्रमुख ने कहा कि ऐसा तो नहीं कि ये दिखावटी आयात शुल्क कटौती बस कुछ खास आयातकों और उत्पादकों के फायदे के लिए ही है। भाजपा सरकार को खाद्य सामग्री की लागत-लाभ के अनुपात को जनता के पक्ष में तय कर देना चाहिए। साथ ही तय होना चाहिए कि एक निश्चित प्रतिशत से अधिक कोई भी मुनाफा नहीं कमाएगा, लेकिन इसके पहले भाजपा सरकार को भी कसम खानी होगी कि 'भाजपाई चंदा वसूली' नहीं करेगी। हर टैक्स और चंदा आखिरकार जनता से ही वसूला जाता है।

## वर्ग पहेली- 448

**बाएं से दाएं**

3. 1. भवन, इमारत आदि बनाने से पहले उसकी नींव में पहला पत्थर, ईंट इत्यादि रखे जाने की क्रिया, शिलान्यास 2. शिला की स्थापना 3. आरंभ, संस्थापना।

4. 1. सभा 2. बैठने का कमरा 3. चौपाल 4. अधिवेशन 5. उठने और बैठने की कसरत, उठक-बैठक।

6. टोंटीदार लोटा, गड़ुआ।

7. 1. देवता आदि के सामने रखा जाने वाला खाद्य पदार्थ, नैवेद्य 2. उपयोग में लाना, भोगने का भाव, उपभोग 3. संभोग, मैथुन 4. लाभ 5. सुख-दुख आदि का अनुभव करते हुए उन्हें अपने मन और शरीर पर सहन या प्राप्त करना 6. संपत्ति 7. शासन 8. भोज, दावत।


8. 1. चूसने की क्रिया या भाव 2. बच्चों को दूध पिलाने की शीशी 3. वह खिलौना जिसे बच्चे मुंह में लेकर चूसते हैं।

**ऊपर से नीचे**

1. जंग (युद्ध) आरंभ करने की घोषणा।

2. वह पुस्तक जिसकी जिल्द मोटे कागज़ या कार्ड बोर्ड की हो।

5. शनि की पत्नी का नाम।, लड़ने वाली, झगड़ालू।





### वर्ग पहेली -447 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 बें | च | ■ | 2 घ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 3 तु | ड़ | वा | 4 ना |
| 5 छ | ठी | ■ | घ | ■ | ली |
| ल | ■ | ■ | ड़ा | ■ | क |
| 6 का | रा | गृ | ह | ■ | ■ |
| री | ■ | ■ | 7 ट | कु | ली |
| ■ | 8 ज | ड़ी | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू -172

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 2 | | | | |
| | 4 | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 1 | | |
| | | | | 4 | | | | |
| | | | | | | | | 1 |
| | | | | 8 | | | | |
| | | 7 | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | | 5 | | | | |

### सुडोकू - 171 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 1 | 8 | 6 | 2 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 8 | 9 | 3 | 1 | 5 | 7 | 6 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 6 | 2 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 9 | 8 | 6 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 |
| 2 | 1 | 7 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 4 | 8 | 6 | 1 | 2 | 9 |
| 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 7 | 6 | 3 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 3 | 1 | 9 | 7 | 4 | 5 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 1 जून, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि- षष्ठी 20.59 तक तत्पश्चात सप्तमी।

### आज का पंचांग





दिशाशूल- पश्चिम। ऋतु- ग्रीष्म।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल- अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र- अश्लेशा 21.36 तक तत्पश्चात मघा।

**मेष** — आज जीवनसाथी की भावनाओं का अनादर न करें। आज आपको अचानक धन खर्च करना पड़ सकता है। आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। त्वचा में किसी तरह का संक्रमण हो सकता है। परिजनों की अपेक्षा आपसे बढ़ सकती है।

**वृष** — आज पुराने रिश्तेदारों और मित्रों से बात हो सकती है। अपने विरोधियों पर भारी पड़ेंगे। व्यवसाय में बिक्री होने की संभावना बन रही है। गंभीर विषयों के अध्ययन का प्रयास करेंगे। दूसरों की सहायता करने से आपका मन प्रसन्न रहने वाला है।

**मिथुन** — आज शब्दों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें इससे आप विवादों से बचे रहेंगे। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। परिवार के सदस्यों की आवश्यकताओं का विशेष ध्यान रखना पड़ेगा। आपको कुछ नकारात्मक समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** — आज सभी काम आपकी आशा के अनुरूप होते रहेंगे। व्यवसाय में पुराने अनुभवों का आप बेहतर लाभ उठा पायेंगे। स्वादिष्ट भोजन व व्यञ्जनों का आनंद उठायेंगे। जीवनसाथी के प्रति मन में गर्व की भावना उत्पन्न होगी। किसी जरूरी काम को कल पर टालना आपके लिए उचित होगा।

**सिंह** — आज नई परियोजनाओं को लेकर मित्रों से चर्चा कर सकते हैं। आसपास के लोगों से अपने संबंध अच्छे बनाए रखें। व्यर्थ के प्रेम संबंधों के कारण आपका मन व्यथित हो सकता है। विरोधी आपके विरुद्ध कुछ गलत बातें फैला सकते हैं।

**कन्या** — आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। अधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। अपने प्रेमी से दिल की बात कर सकते हैं। व्यवसाय में आपको पहले की गई मेहनत का उत्तम परिणाम प्राप्त होगा। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहने वाला है।

**तुला** — आज आर्थिक दृष्टिकोण से आप बहुत भाग्यशाली रहेंगे। घर के सदस्यों की सुख-सुविधाओं का काफी ध्यान रखेंगे। आज आप काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। दोस्तों के साथ भरपूर मनोरञ्जन का आनन्द लेंगे। नया भवन या वाहन खरीदने का विचार बनायेंगे।

**वृश्चिक** — आज धार्मिक कार्यों में आपका मन लगेगा। तीर्थ यात्रा का विचार बना सकते हैं। लोग आपके ऊपर काफी विश्वास करेंगे। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर करना उत्तम होगा। विचारों में लचीलापन हमेशा बनाकर रखें।

**धनु** — आज दिनचर्या थोड़ी असन्तुलित हो सकती है। खांसी-जुकाम की परेशानी हो सकती है। लोग आपके कार्यों में बाधा डालने का प्रयास करेंगे। धन को लेकर असंतोष की भावना रहेगी। पुराना रुका हुआ काम आपको तनाव का अनुभव करायेगा।

**मकर** — आज आप जरूरतमंद लोगों की मदद करेंगे। व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। आपके द्वारा लिए गए निर्णयों से भविष्य में लाभ प्राप्त होगा। आपकी मध्यस्थता से कई विवाद सुलझ सकते हैं। मित्रों के साथ पुरानी यादें ताजा करेंगे। दिन आपके लिए काफी अच्छा रहेगा।

**कुंभ** — आज अपने करियर को लेकर थोड़ा असंतुष्ट हो सकते हैं। घर पर आज शान्तिपूर्वक समय बिताना उत्तम होगा। असामाजिक तत्वों से भय रहेगा। परिवार के लोग आपका काफी ध्यान रखेंगे। लेकिन फिर भी आप अपने सभी कार्य निष्ठापूर्वक करेंगे।

**मीन** — आज पुरुष जातकों को महिलाओं के सहयोग से लाभ मिल सकता है। बच्चे आज मस्ती के मूड में रहेंगे। रुके हुए कार्यों को पूरा करने का प्रयास सफल होगा। विद्यार्थियों के लिये दिन शुभ परिणामकारी है। विरोधियों के बीच आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी।

# इतिहास से बड़ा होता है लोक


हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

भारतीय इतिहास महिलाओं के त्याग, शौर्य और पराक्रम से भरा पूरा है। अपने शौर्य और पराक्रम के लिए यश पाने वाली अनेक महिलाएं भी प्रेरित करती हैं। इसी परंपरा में मराठा साम्राज्य की प्रतिष्ठित महारानी और इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव की धर्मपत्नी अहिल्याबाई होल्कर थीं।

प्रेरणा सामान्य क्षमता की वृद्धि करने वाला असामान्य रसायन है। संभव है कि मस्तिष्क में डोपामाइन जैसा कोई रस इस प्रेरणा के लिए जिम्मेदार हो। प्रेरणा ध्येय निष्ठा के लिए प्रेरित करती है। उत्साह भरती है। स्वाभाविक आलस्य को भी निकट नहीं आने देती। प्रेरणा की शक्ति मूल कार्य में लगने वाली शक्ति की क्षमता को भी प्रभावित करती है। प्रेरित करने वाले तत्व कई प्रकार के हो सकते हैं। वे मोटे तौर पर दो हैं। दो से अधिक भी हो सकते हैं। अच्छे कार्य के लिए उत्साहित करने वाली प्रेरणा। किसी गलत कार्य के लिए उकसाना भी प्रेरणा कहा जा सकता है। महापुरुष प्रेरित करते हैं। स्वयं तपते हैं। समाज को उत्साहित करते हैं। भारतीय जीवन दृष्टि में प्रेरणा का महत्व है। कोई ई-रिक्शा चलाने वाला चालक भी उच्चतर परीक्षाओं में अच्छे अंक पाता है। वह प्रेरित करता है। कोई नदी में डूबते हुए व्यक्ति को अपनी जान पर खेल कर बचाता है। यह प्रेरणादायी है। कोई विपरीत परिस्थितियों में भी समाज के लिए उच्चतम काम करता है। वह प्रेरणादायी है।

भारतीय साहित्य और इतिहास ऐसी कथाओं से भरा पूरा है। सामान्यतया राष्ट्र जीवन के उद्देश्यों के लिए काम करने वाले महानुभावों की कथाएं हम सबको प्रेरित करती हैं। उनके गीत गाए जाते हैं। चारों तरफ उनकी कीर्ति फैलती है। वे यशस्वी होते हैं। वे इतिहास की सीमाओं को लांघकर समकालीनता का अतिक्रमण करते हैं। अमर हो जाते हैं। इतिहास उनका अनुसरण करता है। अपने अंतःस्थल में जगह देता है। स्त्री अपने संपूर्ण वैभव में माता है। माता प्रकृति की आदि और अनादि अनुभूति है। इसके बावजूद दुनिया के अनेक देशों में मानव इतिहास के दीर्घकाल तक स्त्रियों की स्थिति अच्छी नहीं रही। यूरोप में पुनर्जागरण (रेनेसां) के पहले लाखों महिलाओं को डायन बताकर मार दिया जाता था, लेकिन भारत में महिलाओं की स्थिति इससे भिन्न रही है। यहां सामाजिक विकास के साथ-साथ पुरुष और स्त्री में समानता का अधिकार और सहकार रहा है। ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले तक विवाह संस्था का विकास हो चुका था। जान पड़ता है कि अनेक महिलाएं अपने पति का चुनाव स्वयं करती थीं। ऋग्वेद के दसवें मंडल में उल्लेख है कि "जो महिला स्वयं पति का चुनाव करती है वह भद्र है।" परिवार में स्त्री की स्थिति काफी सशक्त थी। ऋग्वेद के एक प्रसंग में नव वधू के लिए आशीर्वाद का उल्लेख है कि "वधू परिवार में अपनी सास, ससुर, ननद आदि पर सम्राट की तरह रहे।" अथर्ववेद के रचनाकाल तक स्त्री समानता का जबरदस्त विकास हो चुका था। अथर्ववेद के एक सुंदर मंत्र में पति पत्नी से कहता है, "मैं साम हूं। तू ऋक् है। मैं द्यावा हूं। तू पृथ्वी है।" एक अन्य सुंदर मंत्र में कहते हैं, "तुम दोनों का भोजन और पानी पीने का स्थान एक हो।" भारत में उत्तर वैदिक काल से ही स्त्री सम्मान के वातावरण का विकास हो चुका था। स्त्रियां युद्ध में भी हिस्सा लेती थीं।

ऋग्वेद के अनुसार विश्पला नाम की महिला का पैर युद्ध में टूट गया था। वेदों की रचनाकार स्त्रियां भी थीं। ऋषि अगस्त्य से तर्क करने वाली लोपामुद्रा ने भी मंत्र रचे थे। उपनिषदों में कहा गया है, "प्रारंभ में वह अकेला था। उस एक को अकेलेपन के कारण अच्छा नहीं लगा-तस्मात् एकाकी न रमते। उसने दूसरे की इच्छा की-स द्वितीयं ऐच्छत। उसने स्वयं को दो हिस्सों में बांट लिया। आधा पुरुष हुआ, आधा स्त्री। परम सत्ता को अर्धनारीश्वर कहा गया। रामकथा में कैकई युद्ध भूमि में अपने पति राजा दशरथ के साथ गईं थीं। युद्ध भूमि में ही उन्होंने अपने पुत्र भरत के लिए राज्य मांगा था। गार्गी ने दार्शनिक याज्ञवल्क्य से अनेक प्रश्न पूछे थे। अंतिम प्रश्न पर महाज्ञानी याज्ञवल्क्य भी तिलमिला गए थे। महाभारत की द्रौपदी इतिहास और पुराण कथाओं में छाई हुई हैं।

भारतीय इतिहास महिलाओं के त्याग, शौर्य और पराक्रम से भरा पूरा है। अपने शौर्य और पराक्रम के लिए यश पाने वाली अनेक महिलाएं भी प्रेरित करती हैं। इसी परंपरा में मराठा साम्राज्य की प्रतिष्ठित महारानी और इतिहास प्रसिद्ध सूबेदार मल्हार राव होलकर के पुत्र खंडेराव की धर्मपत्नी अहिल्याबाई होल्कर थीं। अल्पायु में ही उनका विवाह हो गया। वे 29 वर्ष की उम्र में ही विधवा हो गईं। होल्कर ने अपने शासकीय क्षेत्र से बाहर भी देश के प्रसिद्ध तीर्थों और स्थानों में मंदिर बनवाए। जल संसाधन की चिंता की। कुओं और पेयजल की तमाम व्यवस्थाएं कीं। सड़क बनवाई। गरीबों के लिए निःशुल्क अन्न क्षेत्र खोले। समाज के सभी क्षेत्रों में उनकी सक्रियता उल्लेखनीय रही। उनके काम लोकमत की सराहना का विषय बने। सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार भी उन्होंने कराया था और वाराणसी के विश्वनाथ मंदिर का भी। महिलाओं की शिक्षा के लिए संस्थाएं खोली। समाज जीवन के अन्य क्षेत्रों में भी उन्होंने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। सन् 1725 में उनका जन्म हुआ था। मराठा हिंदू परिवार में चैंडी गांव में उनका जन्म हुआ था। खास बात है कि 18 वीं सदी में भी उनके कार्य प्रेरक थे और भारतीय समाज का आज भी मार्गदर्शन करते हैं। उनके व्यक्तित्व में माता की ममता थी और पुरुष जैसा शौर्य पराक्रम। तत्कालीन समाज ने उन्हें आदर के साथ देखा। देखते ही देखते समाज के बड़े वर्ग ने उन्हें देवी जैसा सम्मान दिया। विभिन्न पुराण कथाओं के मिथक जैसी स्मरणीय नेत्री बनीं। वे अखिल भारतीय स्तर पर सब जगह श्रद्धा का विषय बनी रहीं और अपने निधन (13 अगस्त 1795) के 229 वर्ष बाद भी लोकप्रिय हैं। वे जीवित होतीं तो 300 वर्ष की होतीं, लेकिन इससे क्या वे न होकर भी राष्ट्रीय आदर की पात्र हैं। समाज को प्रेरित करने वाले ऐसे प्रतीक प्रायः कम ही मिलते हैं। आश्चर्य है इतिहास में उनके पद प्रतिष्ठा के सापेक्ष उन्हें जगह नहीं मिली। ऐसे संगठन और कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं, जो उनके स्मरण में श्रद्धापूर्वक अभियान चला रहे हैं।

लोक इतिहास से बड़ा होता है। इतिहास की संपदा की तुलना में लोक ज्यादा समृद्ध होता है। राजा हरिश्चंद्र को भी इतिहास में प्रायः जगह नहीं मिली, लेकिन लोक ने उन्हें अपनी स्मृति में संजोए रखा। सत्यनिष्ठा और राजा हरिश्चन्द्र पर्यायवाची हैं। उनका स्मरण किया जाता है। ऐसे ही होलकर भी इतिहास की छोटी पोथियों से हटकर लोक हृदय सम्राट बनीं और जनसेवा की प्रतिष्ठा की प्रतीक भी। आदर्श स्त्री विमर्श चलते रहना चाहिए और इसके लिए हम सबको अतीत का अध्ययन करना चाहिए। ऐसी महिलाएं विरल हैं। इनमें अनेक पुराकथाओं जैसी दिव्य हो गईं थीं। ऐसी इतिहाससिद्ध व प्रसिद्ध महिलाओं में होलकर का नाम अग्रणी है। झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का नाम भी प्रतिष्ठा के साथ लिया जाता है। अतीत की प्रेरणा से आधुनिक को संवारने के लिए उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए।

# ज्ञान एवं आधुनिक प्रबंधन

भारतीय ज्ञान के स्रोत वेद, पुराण, उपनिषद इत्यादि केवल धार्मिक या आध्यात्मिक ग्रंथों तक सीमित नहीं हैं। ये ग्रंथ मानव व्यवहार, नेतृत्व, निर्णय-निर्माण और संगठनात्मक संस्कृति के ऐसे सिद्धांत प्रस्तुत करते हैं, जो आज के कॉरपोरेट और प्रशासनिक ढांचे में भी पूरी तरह प्रासंगिक हैं। 'धर्म' केवल व्यक्ति विशेष की धार्मिक मान्यता या पूजा पद्धति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक जिम्मेदार और न्यायसंगत आचरण के रूप को परिभाषित करता है। एक अच्छा प्रबंधक वही है, जो फैसले लेते समय केवल लाभ नहीं, बल्कि नैतिकता, पारदर्शिता और सभी हितधारकों की भलाई एवं कल्याण को ध्यान में रखता हो। 'सत्य' और 'आत्म-ज्ञान' की अवधारणाएं न केवल आत्मिक उन्नति के लिए, बल्कि नेतृत्व की परिपक्वता के लिए भी आवश्यक है। इसलिए जीवन में परिणाम की चिंता छोड़कर कर्म को प्राथमिकता देने की प्रेरणा निष्काम कर्म के सिद्धांत द्वारा प्रदर्शित होती है।


प्रो. एच. सी. पुरोहित
दून विश्वविद्यालय

"कर्म करो, फल की चिंता मत करो" का संदेश भगवद गीता का मूल मंत्र ही नहीं है, बल्कि यह तनावमुक्त और प्रभावशाली नेतृत्व का रहस्य भी है। जब कोई व्यक्ति अपने कर्म को उद्देश्य की शुद्धता के साथ निष्पादित करता है, तो उसकी टीम के सदस्यों में भी विश्वास और समर्पण की भावना जागृत होती है और कार्य स्थल पर बेहतर व स्वस्थ कार्यसंस्कृति का निर्माण होता है। यह विचार विश्व बंधुत्व को प्रेरित कर वसुधैव कुटुम्बकम् और गवर्नेंस में वैश्विक स्तर पर पारस्परिक हितों के संरक्षण के दृष्टिकोण को व्यक्त करता है।

वेदों की अवधारणा हमें सिखाती है कि संगठन केवल एक सीमित इकाई नहीं है, बल्कि यह एक वैश्विक परिवार का हिस्सा है और इस सोच से आधुनिक समय में कॉरपोरेट सोशल रेस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) की अवधारणा को बल मिलता है। आज वैश्विक स्तर पर सतत् विकास और पर्यावरण संरक्षण की अवधारणा काफी प्रबल है। हमारे धर्मशास्त्र प्रकृति के साथ तालमेल, प्रकृति प्रेम एवं संरक्षण का संदेश देते हैं। इसलिए इको-फ्रेंडली नीतियां और दीर्घकालिक भारतीय सोच ही भविष्य को टिकाऊ बना सकती हैं।

मानव संसाधन के सफल प्रबंधन के लिए योग, अनुशासन की सीख कार्यसंस्कृति, कार्यस्थल पर प्रत्येक कर्मचारी को अपनी सर्वोत्तम क्षमता के प्रदर्शन एवं योगदान की भावना को अभिप्रेरित करता है। हमारे वेद और उपनिषद हमें कठिनाइयों में धैर्य और संकट प्रबंधन की दृष्टि प्रदान करते हैं, क्योंकि परिवर्तन ही जीवन का नियम है, जो हमें परिस्थितियों के अनुसार ढलने की क्षमता विकसित करने एवं जीवन में लचीला दृष्टिकोण अपनाने और नवाचारी निर्णय लेने में सक्षम बनाता है। यह हमें संकट के समय आत्मनियंत्रण और संतुलित मनः स्थिति बनाए रखने में सहायक होता है। हमारे ग्रंथ हमें निरंतर ज्ञान प्राप्ति की सीख देते हैं। प्राचीन काल में 'गुरु-शिष्य परंपरा' केवल शिक्षण तक सीमित नहीं थी, बल्कि यह सतत् विकास और व्यक्तित्व निर्माण का प्रक्रिया भी थी। आज के समय में संगठनात्मक नेतृत्व, नवाचार और टीम प्रबंधन में सामंजस्य के साथ ज्ञान साझा करने की संस्कृति उसी परंपरा का आधुनिक रूप है। वेद और उपनिषद केवल अतीत की गाथाएं नहीं, बल्कि ये ऐसे दिशासूचक हैं, जो हमें आज के बदलते जटिल और प्रतिस्पर्धी प्रबंधन जगत में नई दिशा और स्थिरता देने के साथ ही व्यावसायिक और सामाजिक परिदृश्य में नैतिक, प्रभावी और दूरदर्शी नेतृत्व का मार्ग दिखाते हैं। जब आधुनिक प्रबंधन इन प्राचीन सिद्धांतों को अपनाता है, तो वह केवल लाभ कमाने वाला नहीं, बल्कि समाज के लिए मूल्य निर्माण करने वाला मानवीय उपक्रम बनेगा, जो संस्थान की दीर्घकालिक सफलता और संतुलन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

# भारत से नक्सलवाद समाप्ति की ओर


पारसनाथ राय
वरिष्ठ अधिवक्ता

भारत सरकार नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कई कदम उठा रही है, नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ी है, जिससे नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ है।



भारत नक्सलवाद की समस्या से तेजी से उबर रहा है और अब इसकी उपस्थिति सिर्फ नौ राज्यों के कुछ जिलों तक सीमित रह गई है। भारत में उग्रवाद के प्रभाव क्षेत्र को लाल गलियारा या रेड गैलरी कहा जाता है। भारत के मध्य, दक्षिणी और पूर्वी राज्यों में इसका विस्तार देखा जा सकता है। केंद्र सरकार की ओर से संसद को बताया गया है कि छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, झारखंड, केरल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, ओडिशा, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल उन नौ राज्यों में शामिल हैं, जहां नक्सलवाद का प्रभाव बचा है।

भारत ने बीते तीन दशकों में उल्लेखनीय आर्थिक प्रगति की है, जिसने इसे दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते लोकतांत्रिक अर्थव्यवस्था का दर्जा दिलाया है। हालांकि इन वर्षों के दौरान कई ऐसे मुद्दे भी रहे हैं, जिन्होंने भारत की प्रगति, इसके विकास और इसकी राष्ट्रीय एकता को खतरे में डाला है। इनमें से एक प्रमुख मुद्दा नक्सलवाद भी रहा है। भारत में नक्सलवाद, जो एक समय में काफी व्यापक था, अब तेजी से कम हो रहा है और इसके समाप्ति की ओर है। भारत सरकार ने 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है, क्योंकि यह सुदूरवर्ती इलाकों एवं जनजातीय गांवों के विकास में एक बड़ी बाधा है। शाह की इस रणनीति का परिणाम रहा कि 2024 में सबसे अधिक 290 नक्सली मारे गए, 1090 को गिरफ्तार किया गया और 881 ने आत्मसमर्पण किया। इस साल तीन महीने से कम समय में ही 90 से अधिक नक्सली मारे जा चुके हैं, 104 को गिरफ्तार किया जा चुका है और 164 ने आत्मसमर्पण किया है। अबूझमाड़ नक्सल एनकाउंटर में सुरक्षा बलों के जवानों ने नक्सलियों की रीड़ की हड्डी तोड़ दी। इस मुठभेड़ में बस्तर में हुए पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक करोड़ रुपये का वांटेड ईनामी सीपीआई का सेक्रेटरी बसव राजू को ढेर किया गया, जो नक्सलियों के संचालक के रूप में काम कर रहा था। इसकी सुरक्षा में लगी टीम के नक्सली भी मारे गए। नक्सलियों के लिए ये बहुत बड़ा झटका है। इससे कुछ दिन पहले 31 नक्सलियों के शव और बड़ी मात्रा में हथियार मिले।

सरकार की कार्य प्रणाली से सुप्रीम कोर्ट भी सहमत हुआ। कोर्ट ने पीआईएल खारिज कर टिप्पणी कि छत्तीसगढ़ में शांति बहाली की प्रक्रिया चल रही है। लगातार नक्सली आत्मसमर्पण कर रहे हैं। ऐसे में शांति के लिए चल रहे प्रक्रिया में हम अनावश्यक रूप से दखल नहीं देंगे। इस तरह के मुकदमे शांति व्यवस्था के लिए चलाई जा रही प्रक्रिया में बाधा पैदा करते हैं। इलाके में शांति आ रही है ऐसे में इस तरह की अनावश्यक रूप से चीजों को करने का कोई औचित्य नहीं है। साफ है कि नक्सल के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में अब ऐसे लोगों को बहुत राहत नहीं मिलने जा रही है, जो राजनीतिक या फिर अपने फायदे की रोटी सकते थे।

भारत सरकार नक्सलवाद को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए कई कदम उठा रही है, नक्सलवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती बढ़ी है, जिससे नक्सलियों को काफी नुकसान हुआ है। भारत से नक्सलवाद के समाप्त होने के कई कारण हैं। सबसे महत्वपूर्ण कारण है सरकार द्वारा नक्सलवाद के खिलाफ व्यापक और समन्वित अभियान। सरकार ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास और कल्याणकारी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया है, जिससे लोगों को नक्सलवाद से दूर रहने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सरकार प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे, कौशल विकास, शिक्षा, ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार पर काम कर रही है। सरकार वामपंथी अतिवाद से प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें बनाने की योजना पर तेजी से काम कर रही है। वर्ष 2013 में आजीविका योजना के तहत 'रोशनी' नामक विशेष पहल की शुरूआत की गई थी ताकि सर्वाधिक नक्सल प्रभावित जिलों में युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। वर्ष 2017 में नक्सल समस्या से निपटने के लिए केंद्र सरकर ने आठ सूत्रीय 'समाधान' नाम से एक कार्ययोजना की शुरुआत की है।

सरकार अब जनजातीय लोगों और स्थानीय लोगों को विकास योजनाओं में शामिल करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है, जिससे वे नक्सलवाद से दूर हो रहे हैं। नक्सलवाद से आम लोगों को होने वाली हिंसा और डर से भी लोग इससे दूर हो रहे हैं। नक्सलवाद से मुक्त क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार हो रहा है। नक्सलवाद से मुक्त क्षेत्रों में कनेक्टिविटी में सुधार हो रहा है, जिससे लोगों को अन्य क्षेत्रों से जुड़ने में मदद मिल रही है। सरकार नक्सलियों को समर्पण करने के लिए प्रोत्साहन प्रदान करती है, जिसमें वित्तीय सहायता, स्टार्टअप अवसर और नौकरी की व्यवस्था शामिल है। ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में रहने की स्थिति, ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं में सुधार के लिए विभिन्न मंडलियों पर कार्य किया जा रहा है।

# शिक्षक विचार शून्य रोबोट नहीं


प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

अतः यह समय की मांग है कि शिक्षक को उसकी निजी विचारधारा के साथ जीने और शिक्षण करने की स्वतंत्रता दी जाए, जब तक वह छात्रों में स्वतंत्र सोच, प्रश्नवृत्ति और मूल्यों के प्रति निष्ठा विकसित कर रहा है। क्योंकि विचारधारा से डरने के बजाय, हमें उस विवेक को पोषित करना चाहिए, जो विचारों का मूल्यांकन करना सिखाता है।

आज का समाज विचारधाराओं में इस कदर विभाजित है कि हर बात, हर विचार और हर व्यक्ति को किसी न किसी पक्ष में खड़ा कर दिया जाता है। ऐसे समय में एक शिक्षक की भूमिका केवल ज्ञान का प्रसार करने तक सीमित नहीं रह जाती, बल्कि वह समाज के उस संवेदनशील सेतु का काम करता है, जो छात्र को मूल्यबोध, विवेक और संतुलन की दिशा में ले जाता है, लेकिन जब खुद शिक्षक की विचारधारा को संदेह की दृष्टि से देखा जाने लगे या जब उससे यह अपेक्षा की जाए कि वह अपने निजी विचारों को या तो छुपा ले या किसी खास विचार के साथ कदम मिलाए, तो यह केवल उसकी स्वतंत्रता पर हमला नहीं, बल्कि शिक्षा की आत्मा पर प्रहार होता है।

एक शिक्षक की विचारधारा उसकी आंतरिक समझ, अनुभव और सामाजिक सरोकारों से उपजती है। यह जरूरी नहीं कि वह विचारधारा छात्रों पर थोपे, लेकिन यह भी उचित नहीं कि वह अपने विचारों को जीने के अधिकार से वंचित कर दिया जाए। शिक्षक का मूल्य इस बात में नहीं है कि वह किस विचारधारा से जुड़ा है, बल्कि इस बात में है कि वह छात्रों को समाज के शाश्वत मूल्यों-जैसे सत्य, करुणा, न्याय, सहिष्णुता और प्रश्न पूछने की स्वतंत्रता से कैसे जोड़ता है।

यदि किसी शिक्षक की विचारधारा उसके शिक्षण में पूर्वाग्रह, कट्टरता या एकपक्षीय दृष्टिकोण लाती है, तो वह छात्रों के विवेक का हनन करती है। यदि वही विचारधारा शिक्षक को अधिक मानवीय, संवेदनशील और विवेकशील बनाती है, तो वह शिक्षण को सजीव बनाती है। समाज को यह समझना होगा कि शिक्षक कोई विचार शून्य रोबोट नहीं होता और न ही वह समाज की राजनीतिक लड़ाइयों का मोहरा है। उसकी भूमिका उस संतुलनकारी शक्ति की है, जो छात्रों को सोचने, समझने और आत्मनिर्भर निर्णय लेने योग्य बनाती है। अतः यह समय की मांग है कि शिक्षक को उसकी निजी विचारधारा के साथ जीने और शिक्षण करने की स्वतंत्रता दी जाए, जब तक वह छात्रों में स्वतंत्र सोच, प्रश्नवृत्ति और मूल्यों के प्रति निष्ठा विकसित कर रहा है। क्योंकि विचारधारा से डरने के बजाय, हमें उस विवेक को पोषित करना चाहिए, जो विचारों का मूल्यांकन करना सिखाता है।

# वैश्विक शिक्षा का नया सूर्योदय

भारत, जो कभी नालंदा और तक्षशिला जैसे ज्ञान के दीपों से पूरे विश्व को आलोकित करता था, आज एक बार फिर शिक्षा के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर है। इस परिवर्तन की आहट अब केवल विचारों में नहीं, बल्कि ठोस नीतियों और क्रियान्वयन में स्पष्ट सुनाई दे रही है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा पांच अंतर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों को भारत में डिग्री प्रदान करने वाले परिसर खोलने की स्वीकृति देना इसी दिशा में एक ऐतिहासिक और निर्णायक कदम है। यह महज एक नीतिगत निर्णय नहीं, बल्कि उस बौद्धिक आत्मविश्वास की पुनर्प्राप्ति है, जिसने भारत को सदियों तक ज्ञान का केंद्र बनाए रखा। यह निर्णय राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के उस दृष्टिकोण की पूर्ति करता है, जिसमें शिक्षा को न केवल समावेशी और गुणवत्तापूर्ण बनाने की बात कही गई है, बल्कि भारत को वैश्विक ज्ञान व्यवस्था में नेतृत्वकारी भूमिका में लाने का संकल्प भी निहित है।


डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

आज भारत में शैक्षिक नवाचार की गति तीव्र हो रही है। अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, ऑस्ट्रेलिया, इटली और अन्य देशों के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय-जैसे इलिनोइस इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूनिवर्सिटी ऑफ लिवरपूल, वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी, विक्टोरिया यूनिवर्सिटी, यूनिवर्सिटी ऑफ साउथैंपटन और इस्तितूतो यूरोपियो डी डिजाइन- अब भारत के प्रमुख शहरों मुंबई, बेंगलुरु, नोएडा, गुरुग्राम और गिफ्ट सिटी में अपने परिसर स्थापित करने जा रहे हैं। यह एक नई दिशा है, जो केवल अकादमिक क्षेत्र में परिवर्तन नहीं लाएगी, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक स्तर पर भी दूरगामी प्रभाव डालेगी। यह किसी तात्कालिक प्रयास का परिणाम नहीं, बल्कि एक दीर्घकालिक रणनीति की परिपक्वता का संकेत है। इसके परिणामस्वरूप हर वर्ष जो भारी विदेशी मुद्रा छात्रों की विदेश यात्रा पर व्यय होती है, वह देश के भीतर ही निवेशित होकर न केवल अवसंरचना को सशक्त बनाएगी, बल्कि प्रतिभा पलायन पर भी प्रभावी अंकुश लगाएगी। जब वैश्विक स्तर की शिक्षा भारत में ही सुलभ होगी, तो यह न केवल युवा प्रतिभाओं को अंतर्राष्ट्रीय अवसरों से जोड़ने का कार्य करेगी, बल्कि देश की स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बल प्रदान करेगी। साथ ही यह भारतीय विश्वविद्यालयों को भी अपनी गुणवत्ता में और अधिक सुधार करने को प्रेरित करेगी और अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को भारत में आकर्षित कर शैक्षिक पर्यटन को नया आयाम देगी। किंतु इस उदीयमान सूरज की किरणों के साथ कुछ प्रश्नों या यूं कहें कि चिंताओं की छाया भी है। जैसे कि एक चिंता समावेशिता को लेकर है। यह आवश्यक होगा कि सरकार और संस्थान मिलकर छात्रवृत्तियां, ऋण सहायता और क्रेडिट ट्रांसफर जैसी योजनाओं को प्रभावी बनाएं ताकि ग्रामीण और वंचित तबके के छात्र भी इस बदलाव का हिस्सा बन सकें।

सांस्कृतिक और भाषायी विविधता को समाहित करना भी एक बड़ी चुनौती होगी। विदेशी पाठ्यक्रमों और शिक्षण पद्धतियों को भारतीय संदर्भों के अनुरूप बनाना आसान नहीं होगा। यह आवश्यक है कि शिक्षा केवल वैश्विक ब्रांडिंग तक सीमित न रहे, बल्कि उसमें स्थानीय भाषाओं, संदर्भों और संवेदनाओं के लिए भी पर्याप्त स्थान हो। जब तक पाठ्यक्रम भारतीय विद्यार्थियों के सामाजिक और सांस्कृतिक यथार्थ से नहीं जुड़ेंगे, तब तक वे सार्थक नहीं बन पाएंगे। यदि यह संकल्प समावेशी, सुलभ और दूरदर्शी ढंग से क्रियान्वित हुआ, तो भारत न केवल वैश्विक शिक्षा का केंद्र बनेगा, बल्कि एक नए बौद्धिक पुनर्जागरण का अग्रदूत भी बनेगा।

# तंबाकू और धूम्रपान, विनाशकारी प्रवृत्ति


डा. श्रीधर द्विवेदी
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ, नेशनल हार्ट इंस्टिट्यूट, नई दिल्ली

यह आवश्यक है कि हर माता-पिता अपने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति अच्छे संस्कार दें। इन्हें भ्रामक विज्ञापनों से बचाइए, अपनी आगे की पीढ़ी को समझाइए और देश को स्वस्थ मजबूत बनाइए।

तंबाकू का सेवन 28 अक्टूबर, 1492 को कोलंबस ने क्यूबा के आदि निवासियों को 'टैबोकास' द्वारा धूम्रपान करते देखा गया था। 1605 में भारत में इसका प्रवेश गोवा के मार्ग से पुर्तगाली व्यापारियों द्वारा हुआ। प्रारंभ में मुगल शासकों को इसके प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया गया, परंतु 1619 में बुद्धिमान जहांगीर ने धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभाव की आशंकावश इस पर प्रतिबंध लगा दिया, फिर 13 अप्रैल 1699 में सिख गुरुओं ने इसको धर्मविरुद्ध घोषित कर दिया। इसी प्रकार बौद्ध धर्म में भी तंबाकू का प्रयोग वर्जित है।

दुर्भाग्यवश अंग्रेजों के शासन आते ही तंबाकू और धूम्रपान को राज्याश्रय मिल गया और धूम्रपान को बड़प्पन की निशानी भारत ही नहीं वरन पूरे विश्व में मन जाने लगा। भारतवर्ष में जो गरीब थे महंगी सिगरेट या सिगार नहीं पी सकते थे, उन्होंने तंबाकू को तेंदू के पत्ते में लपेट कर बीड़ी के रूप में पीना शुरू कर दिया, जिनके पास बीड़ी भर का भी पैसा नहीं वे तंबाकू के पत्तों को सुखा कर हथेली पर रगड़ कर उसका स्वाद और नशा उठाने लगे। तंबाकू के विभिन्न प्रकार हैः धूम्रपान-सिगरेट, बीड़ी, हुक्का, ई-सिगरेट (वेपिंग), मौखिक तंबाकू-सुर्ती, खैनी, गुटखा, पान मसाला आदि है। धूम्रपान के धुएं में 7000 विषैले पदार्थ होते हैं। संक्षेप में कहें तो बीड़ी-सिगरेट की छिपी हुई आग आपके कोमल अंगों ( होंठ, मुख, परानासा गह्वरों, श्वसन पथ व हृदय) को धीमे-धीमे ऑक्सीकृत प्रक्रिया द्वारा जलाती रहती है। तंबाकू के कारण होने वाले असंक्रामक महामारियां है, जैसे उच्च रक्तचाप, डायबिटीज हृदयाघात, दिल का दौरा, कैंसर, पक्षाघात, सांस-खांसी आदि है। हर दिन 3,500 की जान ले रही है। भारत में तंबाकू का सेवन तकरीबन 20 करोड़ से ज्यादा लोग कर रहे हैं। इसमें 11 करोड़ लोग खैनी, 7 करोड़ लोग गुटखा तथा 5 करोड़ लोग तंबाकू के साथ सुपाड़ी का सेवन करते हैं (सोसाईटी फॉर रिसर्च ऑन निकोटीन एण्ड टोबैको जर्नल,2024)।

भारत में पिछले दस सालों में असंक्रामक रोगों जैसे बीपी, डायबिटीज, हार्ट अटैक, कैंसर, पक्षाघात (लकवा) और सांस-खांसी की बाढ़ सी आ गई है। महामारी की सी स्थिति है। इस महाविनाश के मूल में तंबाकू या धूम्रपान प्रमुख कारण होता है (लैंसेट,2016)। तंबाकू के कारण कैंसर से 10 लाख लोग हर साल जान गवां रहे हैं। हमारे देश में कम उम्र में (35 वर्ष से कम) लोगों में होने वाले मुख कैंसर या हृदयाघात के पीछे बहुधा तंबाकू या धूम्रपान का हाथ होता है। वे महिलाएं, जो धूम्रपान करती हैं, उन्हें कम उम्र में हृदयाघात की संभावना उन स्त्रियों की अपेक्षा अधिक होती है, जो धूम्रपान नहीं करती हैं।

यही नहीं कभी-कभी तो मौखिक तंबाकू और धूम्रपान दोनों करने के कारण उस व्यक्ति को मुख का कैंसर और हृदयाघात दोनों एक साथ हो सकते हैं। मुंह वाणी अन्न का घर है तंबाकूखाना नहीं, गिरा अमृत की जगह है, जहर का ठिकाना नहीं। दिन भर निरंतर बीड़ी पीने के कारण किसी किसी को एक साथ दो जगह, दो अंगों में कैंसर हो सकता है। इसे कहते हैं तंबाकू की दोहरी मार। इतनी खतरनाक हो सकती है तंबाकू और धूम्रपान। किशोरों पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, क्योंकि बच्चे हमारे देवदूत होते है, इन्हें जागरूक करना चाहिए। साथ ही स्कूल में स्वास्थ्य व्याख्यान का आयोजन/माता-पिता द्वारा अच्छे संस्कार देना/समाज के संभ्रांत और शीर्षस्थ लोगों द्वारा अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करना न कि उसका प्रचार -प्रसार करना/टेलीविजन पर विमर्श/सरकार द्वारा इस पर प्रतिबंध, स्वयं बच्चों द्वारा इसकी मांग। तंबाकू से पर्यावरण-प्रदूषणः छोटी-छोटी प्लास्टिक की थैलियों का निस्तारण, जगह-जगह थूक, लार और खखार का घिनौना दृश्य, उससे उत्पन्न संक्रमण का भय। एक ही हुक्के से कई लोगों द्वारा धूम्रपान से एक दूसरे को टीबी जैसे संक्रामक रोगों का आदान-प्रदान।

आप जब धूम्रपान या शराब का सेवन करते हैं, तो आपकी अपनी संतति विशेषतः पुत्र को अपरोक्ष रूप से इन आदतों के लिए प्रेरित करते हैं। आप कितना भी न चाहें, उन्हें मना करें 100 में से 70 प्रतिशत बच्चे आपकी इन विषमय आदतों के जाल में फंस जाते हैं और अनेक प्रकार की मारक बीमारियों का छोटी उम्र में शिकार होते हैं। इसलिए यह आवश्यक है कि हर माता-पिता अपने बच्चों को स्वास्थ्य के प्रति अच्छे संस्कार दे। इन्हें भ्रामक विज्ञापनों से बचाइए, अपनी आगे की पीढ़ी को समझाइए और देश को स्वस्थ मजबूत बनाइए।

संक्षेप में तंबाकू, धूम्रपान, गुटखे और वेपिंग से उत्पन्न बहुतेरी महामारियों की विनाशलीला को देखते हुए हम सबका यह परम कर्तव्य बनता है कि हम इन समस्त हानिकारक पदार्थों से कोसों दूर रहें ताकि हमारे किशोर इसके चंगुल में न फंस सके। यह जिम्मेदारी समाज के शीर्ष और श्रीमंत कहे जाने वाले लोगों पर और अधिक बनती है कि वे ऐसे आदर्श कदापि न प्रस्तुत करें, जो किसी भी प्रकार तंबाकू-धूम्रपान की विनाशकारी प्रवृत्ति को प्रोत्साहित करती हो। यह कहना अतिशयोक्ति न होगी की हमें तंबाकू मुक्त धरा के लिए हम सबको 'हर पल हर क्षण, तंबाकू विरुद्ध रण' करना पड़ेगा।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह***
0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# सीएचसी में 'कुत्ता' की जांच, डॉक्टरों-कर्मचारियों पर आंच

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** सलेमपुर सीएचसी की ओपीडी में शुक्रवार को कुत्ता कैद होने के मामले की जांच शुरू हो गई है। इस जांच में डॉक्टर और कर्मचारियों पर आंच आ रही है। माना जा रहा है कि घर जाने की जल्दबाजी में डॉक्टर और कर्मचारी चैनल पर ताला लगाकर चले गए, जिसके बाद अंदर बंद कुत्ता भौंकता रहा। इस मामले का संज्ञान लेते हुए डिप्टी सीएमओ ने प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक से तीन दिन में जांच कर रिपोर्ट मांगी है।

सलेमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को डॉ. आरपी सागर, फार्मासिस्ट अजीत कटियार, आयुष फार्मासिस्ट शंकर सिंह, वार्ड ब्वॉय गोविंद सिंह और चतुर्थ श्रेणी

- डिप्टी सीएमओ ने अमृत विचार की खबर का लिया संज्ञान
- प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक से तीन दिन में मांगी जांच रिपोर्ट



31 मई को प्रकाशित खबर।

कर्मचारी कपिल सचान की ड्यूटी थी। अस्पताल से घर जाने की जल्दबाजी में कर्मचारियों ने दोपहर 01:55 बजे ही सीएचसी के चैनल में ताला डाल दिया और घर चले गए। इस दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओपीडी में बैठे कुत्ते चैनल के अंदर ही कैद हो गए। चैनल के पास कुत्ते को कूदते और भौंकते देख कुछ ग्रामीणों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। हालांकि अमृत विचार वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

वीडियो वायरल होने के बाद स्वास्थ्य कर्मी ने सीएचसी के चैनल का ताला खोलकर कुत्ते को बाहर निकाला था। राजपुर पीएचसी के प्रभारी डॉ. अमित निरंजन ने आयुष फार्मासिस्ट शंकर सिंह को मौके पर भेजा था। इस मामले में डिप्टी सीएमओ डॉ. आदित्य सचान का कहना है कि सीएचसी में कुत्ते को बंद करना गंभीर बात है। राजपुर पीएचसी के प्रभारी को पत्र जारी कर तीन दिन के भीतर जांच कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।


सलेमपुर सीएचसी में खाली पड़ी डाक्टरों की कुर्सियां। अमृत विचार

### देर से आना-जल्दी जाना आम बात, जांच की भी सुविधा नहीं

- स्थानीय लोगों का कहना है कि सीएचसी में डॉक्टरों की मनमानी चल रही है। देर से आना और जल्दी जाना आम बात है। समय से पहले ही सीएचसी में तालाबंदी हो जाती है। अस्पताल में जांचें भी नहीं होती। मरीजों को निजी लैब में जांच कराने पर मनमाने दाम चुकाने पड़ते हैं।

### बिना सूचना डॉक्टर नदारद, दोपहर डेढ़ बजे तक चली ओपीडी

सलेमपुर सीएचसी में डॉक्टरों की मनमानी नहीं रुक रही है। शनिवार को फिर एक डॉक्टर बिना सूचना के नदारद रहे। बीहड़ पट्टी की सलेमपुर सीएचसी में लापरवाही बरती जा रही है। 13 मई को जिलाधिकारी आलोक सिंह को निरीक्षण में यहां तमाम खामियां मिली थीं। एमबीबीएस डॉक्टर न होने पर डीएम ने सीएमओ को फौरन तैनाती के निर्देश दिए थे। 14 मई को सीएमओ ने दो एमबीबीएस डॉ. प्राणवीर सिंह व डॉ. आरपी सागर को सीएचसी में तैनात किया। अब यहां दो एमबीबीएस डॉक्टरों के साथ आयुष डॉ. ध्रुव सिंह व डॉ. जीपी द्विवेदी के अलावा फार्मासिस्ट अरुण सिंह, आयुष फार्मासिस्ट शंकर सिंह, वार्ड ब्वाय गोविंद सिंह, चतुर्थ श्रेणी कर्मी कपिल सचान व अजय कुमार की तैनाती है। शनिवार को दोपहर डेढ़ बजे तक ओपीडी चली। डॉ. आरपी सागर बिना सूचना के नदारद रहे। राजपुर पीएचसी प्रभारी डॉ. अमित निरंजन ने कहा कि शनिवार को डॉ. ध्रुव सिंह का डे-ऑफ था।

## सार-संक्षेप


स्थानांतरण पर आयोजित विदाई कार्यक्रम में मौजूद शिक्षक। अमृत विचार

### राजनीति व समाजशास्त्र विभागाध्यक्ष का स्थानांतरण

**पुखरायां।** कस्बे के रामस्वरूप ग्राम उद्योग परास्नातक महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. हेमेंद्र सिंह का लखनऊ स्थानांतरण होने एवं डॉ. कमलेश कुमार सिंह का जौनपुर स्थानांतरण होने पर संयुक्त रूप से महाविद्यालय प्रबंधन समिति के मंत्री प्रबंधक श्रीप्रकाश द्विवेदी, पूर्व प्राचार्य डॉ. एसपी तिवारी, प्राचार्य डॉ. हरीश कुमार सिंह के नेतृत्व में माल्यार्पण कर मुंह मीठा कराकर विदाई दी गई। इस मौके पर एसएन सिंह, प्रो. मुकेश चंद्र द्विवेदी, प्रो. सविता गुप्ता, डॉ. आरपी चतुर्वेदी, डॉ. रमणीक श्रीवास्तव, डॉ. पीपी सिंह, डॉ. पर्वत सिंह, डॉ. जितेंद्र कुमार, डॉ. निधि अग्रवाल, डॉ. अंशुमन उपाध्याय, डॉ. इदरीश खान, डॉ. शिवनारायण यादव, संजय सिंह, सुनील कुमार, अशोक कुमार, ज्ञान सिंह, अतुल कुमार आदि रहे।

### पर्यावरणीय चुनौतियों एवं सतत विकास पर वेबिनॉर

**पुखरायां।** कस्बा के रामस्वरूप ग्राम उद्योग परास्नातक महाविद्यालय में संचालित इग्नू अध्ययन केंद्र में गूगल मीट के माध्यम से पर्यावरणीय चुनौतियां एवं सतत विकास विषय पर वेबिनार का आयोजन किया गया। पर्यावरणविद डॉ. एमए खालिद ने कहा कि युवाओं की सक्रियता से ही पृथ्वी को बढ़ते हुए तापमान से बचाया जा सकता है। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने कहा कि पर्यावरण को बचाना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उपनिदेशक डॉ. रीना कुमारी ने कहा कि इग्नू में पर्यावरण संरक्षण से संबंधित अनेक ऐसे पाठ्यक्रम है। जिनसे रोजगार के अवसर तलाशे जा सकते हैं। प्राचार्य डॉ. हरीश कुमार सिंह ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल भारत के लिए नहीं बल्कि विश्व के लिए एक बड़ी चुनौती है। इस मौके पर डॉ. हेमेंद्र सिंह, सहायक कुल सचिव डॉ. निशीथ नागर, डॉ. योगेश पांडेय, डॉ. एसपी सिंह, डॉ. आलोक शुक्ला, डॉ. प्रभात शुक्ला, डॉ. वंदना शर्मा, डॉ. अरुण सिंह आदि मौजूद रहे।

### एसपी ने तंबाकू का सेवन न करने की दिलाई शपथ

**कानपुर देहात।** विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर पुलिस कार्यालय में एसपी अरविंद मिश्र ने सभी अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को तंबाकू का सेवन न करने तथा दूसरों को भी तंबाकू का सेवन न करने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई। सभी ने संकल्प लिया कि वह स्वयं तंबाकू उत्पादों का उपयोग नहीं करेंगे और अपने परिजनों, मित्रों व परिचितों को भी तंबाकू सेवन से दूर रहने के लिए जागरुक करेंगे। इसके अतिरिक्त पर्यावरण को तंबाकू उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभावों से बचाने के लिए भी सभी ने शपथ ली। इस दौरान एसपी राजेश पांडेय समेत पुलिस कर्मी मौजूद रहे।


शपथ दिलाते एसपी, साथ में एएसपी।

### कपूरपुर गांव में अवैध खनन में शामिल ट्रैक्टर ट्रॉली सीज

**रूरा।** थाना क्षेत्र के कपूरपुर गांव में हो रहे अवैध खनन पर नायब तहसीलदार मैथा अनिरुद्ध सिंह ने एक मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्रॉली को पकड़कर सीज कर दिया। साथ ही उसे थाना परिसर में खड़ा करा दिया है। रूरा थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने बताया कि अवैध खनन में पकड़ी गई ट्रैक्टर व ट्राली को सीज कर खनन विभाग को कार्रवाई के लिए जानकारी दी गई है।


अवैध मिट्टी खनन में सीज ट्रैक्टर ट्रॉली।

## एक नजर

### नशे में खाया जहर, मौत

**कानपुर देहात।** कानुर नगर के रेउना थाना क्षेत्र के गिरसी निवासी हनुमंत सिंह (65) ने शुक्रवार देर शाम शराब के नशे में घर में जहरीला पदार्थ गटक लिया। हालत बिगड़ने पर पुत्र विजय प्रताप मेडिकल कालेज लाया, जहां डॉ. निशांत पाठक ने मृत घोषित कर दिया।

### 6 लोगों पर मिनी गुंडा एक्ट

**राजपुर।** थानाध्यक्ष कालीचरन कुशवाहा ने बताया कि रमऊ गांव के लालाराम, सिलहरा के रोहित सिंह, जल्लापुर के जब्बार व तौसीफ, जरी के धर्मेन्द्र, दमनपुर के आशीष कुमार पर मिनी गुंडा एक्ट की कार्रवाई की गई है।

### अहिल्याबाई ने राष्ट्र के हित में किए कार्य: सुब्रत पाठक

**शिवली।** अहिल्याबाई होलकर ने देश व महिलाओं के हित में कई कार्य किए। यह बात पूर्व सांसद सुब्रत पाठक ने बक्शपुरवा कैलई गांव में 300 वीं जन्मशती के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि अहिल्याबाई ने देश के मंदिरों का जीर्णोद्धार कराया। ब्लाक प्रमुख छुन्नी दुबे, चेयरमैन देवशरण कमल ने बुजुर्गों को अंगवस्त्र भेंट किए। यहां रामजी अग्निहोत्री, ऋषि सिंह, शीपू पाल, शैलेंद्र पांडेय, किशन मिश्रा, छोटे पाल, रमाकांत, धर्मेंद्र, तेजपाल, कमल पाल, अमित पाल, प्रशांत पाल आदि रहे।

# अपहरण में दोषी को 7 साल का कारावास

## अकबरपुर क्षेत्र के बारा नसरतपुर से 5 वर्ष पहले हुआ था अपहरण

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- अदालत ने अभियुक्त पर 50 हजार रुपये अर्थदंड लगाया
- घटना में आरोपी बनाए गए दो लोग साक्ष्य के अभाव में बरी

**अमृत विचार।** अकबरपुर क्षेत्र के नसरतपुर बारा गांव में करीब पांच साल पहले युवक के अपहरण मामले में शुक्रवार को दोषी ठहराए गए अभियुक्त को अपर जिला जज पंचम की अदालत ने शनिवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए सात साल कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उसपर 50 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

विशेष लोक अभियोजक राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के नसरतपुर बारा गांव निवासी बंटे उर्फ गोपालकृष्ण को 6 अक्टूबर 2020 को उसका साथी मुकेश सिंह अपने साथ ले गया था। उसके घर वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। इस पर बंटे उर्फ गोपालकृष्ण की मां रामप्यारी ने गांव के मुकेश सिंह व अंकुर के खिलाफ पुत्र का अपहरण कर हत्या कर करने का आरोप लगा मुकदमा दर्ज कराया था। मामले में पुलिस की पूछताछ में मुकेश सिंह ने अपने साथियों अंकुर व विकास सिंह के साथ मिलकर बंटे उर्फ गोपालकृष्ण की रस्सी से गला दबाकर उसकी हत्या कर शव सेंगुर नदी में फेंकने की बात कही। इसपर पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं गोताखोरों से नदी में शव की तलाश की। शव बरामद न होने पर पुलिस ने विवेचना पूरी करते हुए तीनों आरोपियों के खिलाफ अपहरण व हत्या कर साक्ष्य छिपाने के अपराध में आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज पंचम पूनम सिंह की अदालत में चल रही थी। शुक्रवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी मुकेश सिंह को अपहरण का दोषी ठहराया था। जबकि अन्य दोनों आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया था। शनिवार को अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई करते हुए दोषी मुकेश सिंह को सात साल के कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उसपर पचास हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। वहीं अर्थदंड की 80 प्रतिशत राशि वादिनी मुकदमा को दिए जाने व अर्थदंड अदा न करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।

# दो लुटेरों को पांच-पांच साल की कठोर सजा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- सजेती क्षेत्र में पांच साल पहले हुई थी लूट, अमौली के लुटेरे

**अमृत विचार।** सजेती थाना क्षेत्र में करीब पांच साल पहले ऑफिस से घर लौटते समय युवक से मारपीट कर बाइक व रुपये लूट के मामले में एंटी डकैती कोर्ट ने दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए 5-5 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। प्रत्येक पर अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता केके सिंह ने बताया कि कानपुर नगर के घाटमपुर क्षेत्र के रामसारी निवासी ओमहरी बाजपेई ने सजेती थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह 10 जून 2021 को महिंद्रा ऑफिस हमीरपुर से काम निपटाकर शाम को बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में पत्नी का फोन आया तो वह रुककर बात करने लगा। इसी दौरान पीछे से किसी ने सिर पर ईंट मार दी। वह जमीन में गिरे तो दो व्यक्तियों ने मारपीट करते हुए पर्स व मोबाइल छीन लिया। फिर बाइक लेकर भाग गए। शोर मचाने पर गांव वाले आ गए। उनकी मदद से भाई ओम नारायण के साथ पुलिस को सूचना दी। मौके पर बड़े भाई ओम नारायण के आने के बाद गांव वालों से लूट कर भागे बदमाश अमौली के रामनजर सिंह व रामसिंह होने की जानकारी हुई। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे लूट का माल बरामद कर शिनाख्त वादी मुकदमा से कराने के बाद उन्हें जेल भेज दिया था। साथ ही आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। मामले की सुनवाई एंटी डकैती कोर्ट पारुल श्रीवास्तव की अदालत में चल रही थी। शनिवार को अदालत ने मामले में दोनों आरोपियों को दोषसिद्ध करते हुए उन्हें पांच-पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही प्रत्येक पर आठ-आठ हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है। वहीं अर्थदंड अदा न करने पर छह-छह माह का अतिरिक्त कारावास काटने के आदेश दिए हैं।

# च्विंगम चबाएं और तंबाकू छुड़ाएं

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर सीएचसी रूरा में तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई गई। वहीं इस वर्ष का उद्देश्य तंबाकू छोड़ने के लिए प्रतिबद्ध रखा गया है।

शनिवार को कार्यक्रम के दौरान डॉ. सुनील कुमार ने बताया कि प्रदेश को तंबाकू मुक्त राज्य बनाने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग द्वारा तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम नियमित रूप से चलाया जाएगा। कहा कि सरकार द्वारा कार्यक्रम के तहत सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत दंड व जुर्माना करने का अधिकार दिया गया है। होटल, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, कार्यालय, विद्यालय, पार्क आदि सभी सार्वजनिक स्थानों पर सिगरेट, बीडी या किसी अन्य ढंग से धूम्रपान प्रतिबंधित है। वहीं तंबाकू उत्पादों पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष ढंग से बोर्ड, टीवी, पंपलेट, स्टीकर होर्डिंग आदि का विज्ञापन कराना कानूनन अपराध है। तंबाकू छोड़ने के लिए अस्पताल में च्विंगम उपलब्ध है, जो धीरे-धीरे तंबाकू छोड़ने में सहायक है। इस दौरान डॉ. सुनील कुमार, डॉ. संध्या, डॉ. अर्चना आदि मौजूद रहे। इसके साथ ही रूरा थाना परिसर में थाना प्रभारी जनार्दन प्रताप सिंह ने सभी पुलिस कर्मियों को तंबाकू व अन्य नशीला पदार्थ सेवन न करने की शपथ दिलाई। इस मौके पर शिवकुमार शर्मा, अभिनेष चौधरी, दयानंद झा, कैलाश बाबू आदि लोग उपस्थित रहे।


रूरा सीएचसी में तंबाकू के प्रति शपथ दिलाते डॉक्टर। अमृत विचार

- रूरा सीएचसी और थाने में लोगों को शपथ दिलाई गई

# कुंडी काट लाखों के जेवर और कैश चोरी

संवाददाता, सिकंदरा

- मूड़ादेव गांव में महिला के शोर मचाने पर भाग निकले शातिर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के मूड़ादेव गांव में चोरों ने घर के दरवाजे की कुंडी काटकर सोने-चांदी के आभूषण व नगदी पार कर दी। ग्रामीणों के शोर मचाने पर चोर भाग निकले। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की।

सिकंदरा थाना क्षेत्र के मूड़ादेव निवासी शंभूदयाल गुड़गांव में निजी कंपनी में काम करते हैं। शुक्रवार की देर रात घर पर उनकी पत्नी नीरज देवी, पुत्र अनुज, पुत्री ज्योति थे। नीरज ने बताया कि रात में चार से पांच चोर घर के दरवाजे की कुंडी काटकर घुसे और कमरे में रखी अलमारी से लाखों रुपये के जेवर व ढाई हजार रुपये चोरी कर ले गए। शोर सुनकर देखा तो घर का दरवाजा व अलमारी खुली थी। सामान बिखरा था। रसधान चौकी पुलिस ने ग्रामीणों के साथ चोरों के भागने वाले स्थान पर तलाश की, लेकिन चोरों का पता नहीं चल सका। थाना प्रभारी हरिओम त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।


घर में छानबीन करती पुलिस।

# परीक्षा में अव्वल मेधावी पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष पर कराई गई थी परीक्षा
- 8 से 15 वर्ष के तीन नौनिहालों ने झटके पुरस्कार

**अमृत विचार।** भाजपा की ओर रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती वर्ष स्मृति अभियान के अंतर्गत ऑनलाइन परीक्षा कराई गई थी। जिसमें 8 से 15 वर्ष की आयु वर्ग में तीन छात्रों ने स्थान पाया है।

ऑनलाइन परीक्षा के घोषित परिणाम में प्रथम स्थान आनंद सिंह, द्वितीय स्थान साक्षी यादव व तीसरा स्थान लक्ष्मी ने प्राप्त किया है। आयु 16 से 25 वर्ग की परीक्षा में इस्बा फातिमा प्रथम व आशीष तोमर ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, जिलाध्यक्ष रेणुका सचान, एमएलसी अविनाश सिंह चौहान ने मेधावियों को रानी अहिल्याबाई होल्कर त्रिशताब्दी पर नगद पुरस्कार एवं मेडल प्रदान देकर पुरस्कृत किया।


अव्वल मेधावियों के साथ कैबिनट मंत्री राकेश सचान, जिलाध्यक्ष रेणुका सचान।

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भाजपा का मुख्य प्रादुर्भाव देश को समृद्ध बनाने एवं अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति का विकास करना है। रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपना सारा जीवन व निजी धन समाज की सेवा में समर्पित कर दिया। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौहान, बबलू शुक्ला, रामजी गुप्ता, बबलू कटिहार, राम प्रकाश कुशवाहा, रामजी मिश्रा, सौरभ मिश्रा, मलखान सिंह चौहान, राकेश तिवारी, शिव विलास मिश्रा, जिला मीडिया प्रभारी विकास मिश्रा आदि मौजूद रहे।

**वॉकिंग ट्रैक भी बनेगा** | दौलतपुर में निर्माणीधीन मिनी स्टेडियम के काम में देरी पर डीएम ने जताई नाराजगी

# भोगी सागर तालाब में लगेंगी सोलर लाइटें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी ने शनिवार को भोगनीपुर तहसील क्षेत्र में निर्माणाधीन ग्रामीण मिनी स्टेडियम और भोगीसागर तालाब के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने तालाब को सुसज्जित करने के लिए चारों तरफ टहलने के लिए ट्रैक बनाने और सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाने के निदेर्श दिए। गंदगी पर नाराजगी जताते हुए सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

शनिवार को डीएम आलोक सिंह ने युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल के भोगनीपुर तहसील क्षेत्र दौलतपुर में नवनिर्माणाधीन ग्रामीण मिनी स्टेडियम का निरीक्षण किया गया। इस परियोजना की लागत 4.14 करोड़ रुपये है। जिसे 31 मार्च तक पूरा किया जाना था, लेकिन देरी होने पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताते हुए कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड यूपीपीसीएल को जल्द कार्य पूर्ण करने के बाद हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने निर्माणाधीन ट्रैक, मल्टीपरपज हॉल आदि का निरीक्षण करते हुए घास एवं पौधरोपण व्यापक रूप से कराने के निर्देश कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता को दिए। वहीं कार्य की गुणवत्ता में कुछ कमियां मिलने पर तत्काल सही कराने के निर्देश दिए।

इसके बाद डीएम ने भोगनीपुर स्थित भोगी सागर तालाब पर 100.63 लाख रुपये की लागत से कराए जा रहे पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर कराए जा रहे कार्य की प्रगति पर कड़ा रोष व्यक्त किया। कहा कि तालाब के चारों ओर सोलर स्ट्रीट लाइटों को स्थापित किया जाए और टहलने के लिए रास्ते का भी निर्माण शीघ्र पूर्ण किया जाए। वहीं तालाब के पास गंदगी देख नाराज़गी व्यक्त करते हुए तत्काल सफाई कराने व तालाब के समीप कराए गए निर्माण कार्य के पास के जलाशयों में भी सफाई कराने के निर्देश दिए।


भोगी सागर तालाब का निरीक्षण करते डीएम आलोक सिंह। अमृत विचार

### वर्षा जल संचयन के लिए बनेंगे 54 खेत-तालाब

- भूमि संरक्षण अधिकारी देवेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि आरकेवीवाई योजना अंतर्गत वर्षा जल संचयन के लिए जनपद में 54 खेत तालाब वर्ष 2025-26 में किसानों के खेतों में बनाए जाएंगे। इच्छुक किसानों को योजना का लाभ प्रथम आवक प्रथम पावक के आधार पर दिया जाएगा। किसान विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण करेंगे। जिसमें लघु तालाब 22 मीटर लंबा, 20 मीटर चौड़ा एवं 3 मीटर गहरे आकार का खोदा जाएगा। खुदाई कार्य किसान अपनी निजी भूमि पर स्वयं कराएंगे। तालाब खुदाई कार्य के पूर्व स्प्रिंकलर सिंचाई प्रणाली के लिए संबंधित फर्म से टीपीए कराना आवश्यक होगा। कृषकों को दो किश्तों में 52500 रुपये का अनुदान दिया जाएगा।

# प्रतिमा क्षतिग्रस्त हंगामा, प्रदर्शन

**पुखरायां।** बरौर थाना क्षेत्र के कैलई गांव में डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को अराजकतत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। जानकारी पर बसपा कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन व नारेबाजी शुरू कर दी।

कैलई आंबेडकर समिति के अध्यक्ष बालकिशन ने बताया कि शुक्रवार रात किसी ने प्रतिमा क्षतिग्रस्त कर दी। भोगनीपुर तहसीलदार प्रिया सिंह, नायब तहसीलदार सूर्यप्रकाश, डेरापुर सीओ संजय वर्मा, बरौर थानाध्यक्ष अमिता वर्मा फोर्स के साथ पहुंचे। उन्होंने दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन देते हुए लोगों को शांत कराया और नई प्रतिमा लगवाई। रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की गई है। यहां बसपा मंडल प्रभारी जीतेंद्र संखवार, नरेंद्र दोहरे, जिलाध्यक्ष ज्ञानचंद संखवार, महासचिव संजय सचान, विधानसभा प्रभारी रामस्वरूप अटल, धर्मेंद्र संखवार, जवाहर संखवार, किशन शुक्ला, संजय कटियार, धर्मेंद्र संखवार, शालिनी गौतम, शिवा गुर्जर रहे।

# पक्षियों को दाना-पानी देने को बांटे गए सकोरे



रूरा स्टेशन पर यात्रियों को संकोरे बांटते रेल अधिकारी व कर्मी। अमृत विचार

संवाददाता, रूरा

**अमृत विचार।** रेल कर्मचारियों और ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन के बैनर तले स्टेशन अधीक्षक अशोक कुमार, प्रयागराज़ मंडल उपाध्यक्ष उदित नारायण मिश्रा व मंडल कोषाध्यक्ष विनय विश्वकर्मा की उपस्थिति में स्टेशन मास्टरों व कर्मचारियों ने यात्रियों को संकोरा वितरित किए। साथ ही प्यासे पशु-पक्षियों के लिए दाना-पानी रखने की अपील की गई।

अधीक्षक ने बताया कि आइस्मा का यह अभियान पक्षियों व जल संरक्षण की दिशा में एक प्रयास है। मंडल अध्यक्ष इंद्रसेन ने बताया कि यह अभियान प्रयागराज मंडल के 140 स्टेशनों पर चलाया जा रहा है। हर साल गर्मियों के दो-तीन महीने दाना-पानी रखने के लिए अपील की जाएगी। यह कार्यक्रम 12 जून तक 15 दिनों में प्रयागराज मंडल के अलग-अलग स्टेशनों पर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान स्टेशन मास्टर विनय कुमार, उदित नारायण मिश्रा, शेर अली, सौरभ सिंह समेत अन्य रेल कर्मचारी मौजूद रहे।

**न्यायालय उप जिलाधिकारी मैथा जनपद कानपुर देहात।**
वाद सं0-टी202503400702295 सन्- 2025
अन्तर्गत धारा- 24 उ0प्र0राजस्व संहिता-2006, ग्राम- बैरी सवाई, तहसील- मैथा, जनपद कानपुर देहात
**छुन्नालाल उर्फ चन्द्रप्रकाश**
बनाम
**गांव सभा**
1. मनजीत खाँ पुत्र ख्वाजा, 2. संजीत खाँ पुत्र ख्वाजा, 3. अशोक कुमार पुत्र श्याम लाल, 4.मनोज कुमार पुत्र श्याम लाल, 5. बेटन पुत्र अयोध्या प्रसाद, 6. रजोल पुत्र अयोध्या प्रसाद, 7. रामशंकर पुत्र अयोध्या प्रसाद, निवासीगण- बैरी सवाई, तहसील-मैथा, जनपद-कानपुर देहात बाजेह हो कि आपके नाम एक नालिस बाबत...दायर की है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 03/06/2025 ई0 बवक्त बमुकाम असलिता या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वार्किफ किया गया हो और कुल उमर अहम मुतालिका मुकदमा का जवाब दे सकें या जिसके साथ कोई और शख्स हो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाबदेरी दावा को कीजिए और आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जमला गवाही की जिनकी शहादत पर नीव जुमला दस्तावेजात जिस पर आप बताइद अपनी जवाबदेही के इस्तदलात कराना चाहते हो उसी रोज पेश किरए। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज कजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा गैरहाजिरी आपके मसमूआ फैसला होगा। बसक्ष्न मेरे दस्तखत और मुहर अदालत आज बतारीख 27/05/2025 ई0 को जारी किया गया।
उप जिलाधिकारी,
मैथा, कानपुर देहात।

# विद्यालय के बाहर फैली सिल्ट पर भड़के ईओ, सफाई नायक को लगाई फटकार

## चेतावनी देते हुए कहा - साफ-सफाई में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** नगर पालिका परिषद शुक्लागंज द्वारा चलाए जा रहे सफाई अभियान के तहत शनिवार सुबह ईओ मुकेश कुमार मिश्रा ने सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान एसबीएम प्रभारी अनूप शुक्ला भी उनके साथ मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान प्रमुख मार्गों और वार्डों की गलियों में चल रही सफाई व्यवस्था की हकीकत सामने आई। सुबह करीब 5 बजे ईओ मिश्रा ने नगर के मुख्य मार्गों के दोनों ओर हो रही सफाई का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़कों से निकलने वाले कूड़े-कचरे को तत्काल ट्रैक्टर-ट्राली से हटाने के निर्देश सफाई नायक को दिए। ईओ ने साफ शब्दों में कहा कि साफ-सफाई में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जब वे नाथू खेड़ा स्थित प्राथमिक विद्यालय के बाहर पहुंचे तो वहां नाले से निकाली गई सिल्ट सड़क पर फैली मिली। गंदगी देखकर ईओ नाराज हो गए और सफाई नायक को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने तुरंत कर्मचारियों की टीम लगाकर पूरे क्षेत्र में फैली सिल्ट हटवाने के निर्देश दिए। ईओ मिश्रा ने कहा कि स्कूलों के आसपास की सफाई में विशेष ध्यान दिया जाए ताकि बच्चों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने सफाई व्यवस्था को नियमित और प्रभावी बनाए रखने के लिए अधिकारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए।



सुबह के समय साफ सफाई की हकीकत देखते ईओ मुकेश मिश्रा। अमृत विचार

# नवीन पुल पर लगा जाम लोगों को हुई परेशानी


नवीन पुल के रास्ते में जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

**संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** शनिवार को सुबह के पीक ऑवर में शुक्लागंज स्थित नवीन पुल पर भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। तेज धूप और बढ़ते तापमान के बीच जाम में फंसे लोग बेहाल नजर आए। करीब साढ़े नौ बजे पुल पर वाहनों का अत्यधिक दबाव बढ़ गया, जिसके चलते धीरे-धीरे लंबा जाम लग गया। देखते ही देखते नवीन पुल से लेकर फोरलेन स्थित दुर्गा मंदिर तक वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर मौजूद यातायात पुलिस, स्थानीय पुलिस और पीआरडी के जवानों ने स्थिति संभालने की कोशिश की। आड़े-तिरछे खड़े वाहनों को व्यवस्थित कर रेंगते हुए यातायात को आगे बढ़ाया गया। हालांकि इसी दौरान कानपुर और शुक्लागंज की ओर से आईं ई-बसों ने दोबारा जाम की स्थिति बना दी। जाम में फंसे लोग पसीने से तरबतर हो गए।

## सार-संक्षेप

### बच्चों ने पोस्टर व रंगोली बना अहिल्या बाई को किया नमन

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार : विकासखंड सिकंदरपुर कर्ण के उच्च प्राथमिक विद्यालय गौरी त्रिभानपुर में आयोजित समर कैंप में बच्चों ने रानी अहिल्या बाई होल्कर की जयंती पर उनके जीवन से परिचित होकर पोस्टर व रंगोली बनाकर अहिल्या बाई को नमन किया। इसमें कैंप प्रभारी नरेंद्र नाथ व रीतेश शर्मा के नेतृत्व में छात्र मनीष, अरुण, नवीन व छात्रा श्रद्धा, आराधना, संतोषी ने रानी की धार्मिक प्रवृत्ति व उनके अदम्य साहस को रंगों के माध्यम से कला कृतियों में उकेरा। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने महिला सशक्तिकरण की जरूरत को समझा। छात्रा श्रद्धा व आराधना ने रानी अहिल्याबाई का सुंदर पोस्टर बनाकर सबका मन मोह लिया। शिक्षक प्रदीप भदौरिया ने कहा कि अहिल्याबाई होल्कर का जन्म 31 मई 1725 को हुआ था। उनके माता-पिता धार्मिक प्रवृत्ति के थे। पिता मानकाजी शिन्दे सहज व सरल स्वभाव इंसान थे। मां सुशीला बाई बेटी को नित्य मंदिर ले जाकर पूजा अर्चना करातीं और कथा-भागवत और पुराण सुनाती थीं। वहीं से अहिल्या बाई में श्रेष्ठ आचरण और व्यवहार के संस्कार पड़े।


अहिल्या बाई के चित्र की रंगोली बनाते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### मेधावी शिक्षक को अयोध्या में मिला सम्मान

**संवाददाता गंजमुरादाबाद उन्नाव,अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव आलमऊ सरांय स्थित प्राथमिक विद्यालय के एक मेधावी सहायक शिक्षक को अभिनव प्रयोग अंतर्गत काव्य और लेख के लिए चयनित कर उन्हें भगवान राम की नगरी अयोध्या में सम्मानित किया गया है। जिससे क्षेत्र के शिक्षकों में खुशी की लहर दौड़ गई है। स्थानीय विकासखंड के प्राथमिक विद्यालय आलमऊ सरांय में तैनात सहायक शिक्षक प्रांजल गुप्ता की रुचि छात्र जीवन में भी काव्य रचना और समसामयिक लेखन में रही है। उन्होंने बच्चों को शिक्षा देने के साथ ही परिवर्तन और अनुभव विषय पर लेख लिखा और काव्य रचना अंतर्गत मन की शीतलता शीर्षक से कविता की भी रचना की। इन दोनों विधा की रचनाओं को सृजन अंतरराष्ट्रीय कला संस्कृति अयोध्या द्वारा चयनित कर लिया गया। बीती 26 मई को अंतर्राष्ट्रीय संस्था द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में संयोजक मनीष देव, उप्र शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के निदेशक गणेश कुमार, उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग के सदस्य डॉ. कृष्ण चंद्र वर्मा, अंतर्राष्ट्रीय रामायण एवं वैदिक शोध संस्थान के निदेशक संतोष शर्मा आईएएस व अयोध्या के सीडीओ कृष्ण कुमार सिंह आईएएस ने शिक्षक को मोमेंटो भेंटकर सम्मानित किया। इस उपलब्धि पर शनिवार को विद्यालय में दर्जनों शिक्षकों ने शिक्षक को फूल-मालाओं से सम्मानित किया।


शिक्षक प्रांजल गुप्ता को सम्मानित करते संस्था के निदेशक।

### जेनरेटर से निकला धुआं, मची अफरा-तफरी

**अमृत विचार औरास।** कस्बा औरास स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में केंद्र प्रभारी अनूप तिवारी द्वारा भंडारे व सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और प्रसाद वितरण किया गया।

# चंपापुरवा बस्ती के सामने बढ़ा कटान का खतरा

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** मानसून की दस्तक और गंगा में बाढ़ आने से पहले पश्चिमी गंगाघाट क्षेत्र के चम्पापुरवा में गंगा नदी के कटान को लेकर स्थानीय लोगों की चिंता बढ़ गई है। लगातार हो रहे कटान के चलते अब बस्ती के करीब पहुंच चुका है, जिससे लोग परेशान हैं। इस संबंध में स्थानीय सभासद द्वारा अधिकारियों को सूचना दी गई, जिसके बाद शनिवार को सिंचाई विभाग के जूनियर इंजीनियर मोहम्मद अरशद ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया।

बताया जा रहा है कि मिश्रा कॉलोनी और चम्पापुरवा बस्ती के सामने में पिछले तीन वर्षों से लगातार कटान हो रहा है। एक बार तो गंगा के तेज बहाव के चलते ट्रांसमिशन पॉवर का टॉवर भी नदी में समा चुका है। बावजूद इसके अब तक इस क्षेत्र में प्रभावी कटान रोकथाम के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि जहां शक्ति नगर में जियो बैग डालकर कटान रोकने का कार्य हो रहा है और रविदास नगर में पांच साल पहले सुरक्षा कार्य कराया गया था, वहीं चम्पापुरवा को प्रशासन ने अब तक नजरअंदाज किया है। लोगों का कहना है कि अगर इस बार भी कटान नहीं रोका गया तो रिहायशी इलाके भारी खतरे में आ सकते हैं। जेई मोहम्मद अरशद ने बताया कि निरीक्षण के आधार पर रिपोर्ट बनाकर उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।


कटान की हकीकत देखते सिंचाई विभाग के जेई मोहम्मद अरशद।

# सरकारी भूमि पर बने 3 मंजिला अवैध निर्माण ध्वस्त

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचारः** सहजनी में सरकारी पार्क की भूमि पर अवैध रूप से बने तीन मंजिला भवन को प्रशासन ने सख्ती दिखाते हुए दो दिनों में पूरी तरह ध्वस्त करा दिया। शुक्रवार को शुरू की गई कार्रवाई को शनिवार को पूर्ण कर लिया गया।

सहजनी स्थित गाटा संख्या 145 रकबा 0.0400 हेक्टेयर भूमि में से 0.0130 हेक्टेयर भूमि का स्वामित्व विनिमय वाद संख्या 1962/24 के तहत कानपुर निवासी राजीव किशोर भरतिया के नाम है। लेकिन राजधानी मार्ग निवासी सुमित मिश्रा पुत्र स्व. विश्वनाथ मिश्रा, शिवप्यारी मिश्रा और कविता वर्मा द्वारा इस जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर पक्का तीन मंजिला निर्माण करा लिया गया था। प्रशासन ने मामले का संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को कानूनगो रामेन्द्र मोहन बाजपेई, लेखपाल अवनीश तिवारी, अशोक सैनी और गंगाघाट पुलिस बल की मौजूदगी में मिस्त्री-मजदूरों की मदद से अवैध निर्माण गिराने की कार्रवाई शुरू कराई। शनिवार को भवन को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने साफ किया है कि सरकारी भूमि पर कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।


प्रशासन द्वारा ध्वस्त कराया गया तीन मंजिला अवैध निर्माण। अमृत विचार

# धोखाधड़ी में तीन नाइजीरियन को 4-4 साल कैद

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रिचा वर्मा ने एक फैसले में धोखाधड़ी व जालसाजी के मामले में आरोपित तीन विदेशी नागरिक (नाइजीरियन) को जुर्म साबित होने पर चार-चार साल की कड़ी कैद और 75- 75 हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार उदाला चकउडी पैट्रिक जूनियर, नेल्सन व फ्रांसिस ईमेका ने वादिनी मुकदमा रुचि सिंह निवासी थाना कोतवाली शहर हरदोई के साथ जालसाजी व धोखाधड़ी की। यह धोखाधड़ी 9 मई 2020 से 21 मई 2020 के दौरान की गई।आरोपियों पर यह भी आरोप है कि वह नाइजीरियन है और भारत देश के किसी क्षेत्र से उस अवधि इसके लिए उन्हें वीजा जारी किया गया था समाप्त हो जाने के बाद भी उन्होंने भारत देश में निवास किया और छल करके मोबाइल फोन में मैसेज ,फर्जी मेल आईडी के जरिए वादिनी रुचि सिंह को पार्सल भेजना कहकर उसे बेईमानी की और पार्सल के बदले अपनी संपत्ति उसे दी। इस प्रकार कुल 6 लाख 31548 फुट रचित खातों से प्राप्त कर लिए। वादिनी से छल कपट करते हुए फर्जी सिम कार्ड ,लैपटॉप, मेल आईडी ,पासबुक, फर्जी खातों की कूट रचना की और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण छल प्रयोग से इसके साथ ही यह जानते हुए के उपयोग इलेक्ट्रॉनिक उपकरण कूट रचित है वादिनी के साथ छल करते हुए वह असली रूप में उपयोग में ले जाएंगे। उक्त संचार उपकरण लैपटॉप, मोबाइल सिम कार्ड, पेन ड्राइव, मेल आईडी का छलपूर्वक उपयोग कर वादी से धनराशि प्राप्त की ।सीजेएम ने इस मामले में तीनों को दोषी करार देते हुए उन्हें चार-चार साल की कैद और विभिन्न धाराओं में 75-75 हजार जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई है।

## जानलेवा हमले में पिता-पुत्र को करावास

**संवाददाता, हरदोई, अमृत विचार।** अपर सत्र न्यायाधीश कुसुम लता ने एक फैसले में मारपीट करके गंभीर चोटे पहुंचने के मामले में पिता पुत्र को जुर्म साबित होने पर चार-चार साल की कड़ी कैद की सजा सुनाई है। जज ने इन आरोपियों पर 20-20 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया है। शासकीय अधिवक्ता संजीव कुमार सिंह ने बताया कि थाना बिलग्राम क्षेत्र के सरियापुर निवासी रमेश चंद्र और उनके पिता रामचंद्र ने 8 मार्च 2012 को गांव के श्याम बाबू को डंडों व कुल्हाड़ी से पीट कर से गंभीर चोटे पहुंचाई। इस मामले की रिपोर्ट घायल श्याम बाबू ने दर्ज कराई । कहा की घटना के पूर्व वह होली मिलने जा रहा था गांव के सुखलाल के दरवाजे पर बैठकर पापड़ खा रहा था इ ।स दौरान आरोपी आए और घटना को अंजाम दिया। न्यायाधीश ने अदालत के समक्ष पेश हुए सबूत के आधार पर और दोनों पक्षों की को सुनकर आरोपी पिता पुत्र पर जुर्म साबित पाया और उन्हें सजा सुनाई। जुर्माना की आधी धनराशि घायल के विधिक वारिसों को दिलाये जाने का आदेश दिया गया है।

## छुट्टियों में लग रही है हुनर की पाठशाला

**हरदोई, अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा इस वर्ष गर्मियों की छुट्टियों के दौरान 21 मई से 10 जून तक समस्त उच्च प्राथमिक एवं संविलियन परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत बच्चों के लिए समर कैंप के माध्यम से पढ़ाई के साथ-साथ अन्य विभिन्न विधाओं के ज्ञान को सुनिश्चित करने की नई पहल की गई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विजय प्रताप सिंह के निर्देशन एवं खंड शिक्षा अधिकारी बावन आरके द्विवेदी की देखरेख में विकासखंड के विभिन्न उच्च प्राथमिक एवं संविलियन विद्यालयों में कक्षा 6 से कक्षा 8 के बच्चों के लिए समर कैंप का संचालन किया जा रहा है। समर कैंप के माध्यम से बच्चों के हुनर को निखारा जा रहा है।

# शटरिंग कारोबारी से तमंचे के बल पर 35 हजार की नकदी व मोबाइल लूटा

संवाददाता, शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र में अपराध रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। चोरियों के बाद अब लूट पाट की घटनाएं भी प्रारंभ हो गई है। शुक्रवार की रात्रि आठ बजे लोनी चीनी मिल से पहले नगरिया मोड पर तीन बाइक सवार नकबधारी बदमाशों ने असलहों की दम पर एक शटरिंग कारोबारी से 35 हजार रुपए की नगदी और मोबाइल लूट लिया और आराम से चलते बने। पीड़ित ने जब कोतवाली पुलिस को सूचना दी तो क्षेत्राधिकारी और प्रभारी निरीक्षक मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना करने के बाद पीड़ित शटरिंग कारोबारी से जानकारी ली।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के शरमा गांव का रहने वाला खुशीराम आंझी रेलवे स्टेशन पर शटरिंग का काम करता है। शनिवार की सुबह उसको घरेलू कार्य के लिए बल्लियां लेने जाना था। इसलिए दुकान की 35 हजार की नकदी उसने जेब में रख ली। शुक्रवार की रात्रि आठ बजे वह साइकिल से अपने घर के लिए चल दिया जैसे ही नगरिया मोड पर निर्माणाधीन टंकी के पास पहुंचा। एक बाइक पर सवार तीन बदमाश आए उन्होंने पेड़ के नीचे अंधेरे में बाइक खड़ी कर दी और हाथ में तमंचा लेकर उससे 35 हजार की नगदी और मोबाइल लूट लिया। पीड़ित खुशीराम के अनुसार सभी बदमाश चेहरे पर कपड़े का ठाटा बांधे हुए थे। पीड़ित खुशीराम लुटा पिटा घर पहुंचा और परिजनों तथा गांव वालों को सारी बात बताई । तब पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पाकर क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार मिश्रा और प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार राय मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना करने के बाद खुशीराम से पूछताछ की। 16 घंटे बीत जाने के बाद भी कोतवाली पुलिस ने खुशीराम की लूट की रिपोर्ट दर्ज नहीं थी। अपराधों पर अंकुश लगाने की शेखी बघारने वाली शाहाबाद कोतवाली पुलिस पूरी तरह से अपराधों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

# 5 दिनों से बिजली गुल, लोग बेहाल

संवाददाता, अतरौली, हरदोई

**अमृत विचार।** ट्रांसफार्मर खराब होने से भीषण गर्मी में पांच दिनों से ग्रामीण परेशान हो गए। शनिवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन किया। बताते चले कि विकास खण्ड भरावन भरावन के पत्थरताली गांव में पांच दिन पूर्व ट्रांसफार्मर शार्ट सर्किट से खराब हो गया था। ग्रामीणों द्वारा टोल फ्री 1912 पर भी शिकायत दर्ज कराई गई और एसडीओ को भी फोन पर अवगत कराया गया। लेकिन कोई लाइन मैन अभी तक नहीं आया न ही कोई सुनवाई हुई है। ग्रामीणों ने बताया जेई को फोन किया गया लेकिन फोन नहीं उठा। ग्रामीणों का कहना है जखवा पॉवर हाउस फोन मिलाया, जहां पर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों की समस्या सुनने के बजाय अभद्रता से बातचीत की। गांव निवासी विनोद कुमार सिंह, संतोष सिंह, हरिगोपाल तिवारी, पवन तिवारी, रूद्र प्रताप सिंह, गंगाराम, गौतम, सोनेलाल, गया प्रसाद, परागी लाल, अवधेश तिवारी, सिरदार, उत्तम सिंह ने विभाग के रवैये के खिलाफ प्रदर्शन किया।


विद्युत विभाग के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण।

# सड़क हादसे में बाइक पर बैठी सास की मौत, दामाद घायल

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** सास, दामाद के साथ बाइक से अपने मायके जा रही थी। उसी बीच गौसगंज में तेज़ रफ्तार पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे सास की मौत हो गई और दामाद का पैर टूट गया। पुलिस ने सास का शव कब्जे में लेते दामाद को सीएचसी पहुंचाया है।



शनिवार की सुबह कासिमपुर थाने के मेढ़ौआ सुभानखेड़ा निवासी रामजीवन की 50 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी उर्फ सुधा अपने दामाद बब्लू निवासी दहती दहिगवां थाना सुरसा के साथ बाइक से बीमार मां को देखने मायके तलहटिया कोतवाली मल्लावां जा रही थी। कासिमपुर थाने के गौसगंज में सई नदी पुल पर तेज़ रफ्तार पिकअप ने पीछे से टक्कर मार दी,जिससे सास और दामाद दोनो घायल हो गए, जिन्हे सीएचसी सण्डीला ले जाया जा रहा था। रास्ते में सास सुनीता की मौत हो गई, जबकि दामाद को वहां भर्ती कराया गया है।



## सड़क पर कीचड़ भरे गड्ढे में फंसकर पलटा ई-रिक्शा

**हरदोई, अमृत विचार।** दावों के इतर सड़कों की क्या हालत है, यह राहगीर अच्छे से समझते हैं। इसका उदाहरण शनिवार को तब देखने को मिला जब शहर के नघेटा रोड पर एक ई-रिक्शा पानी भारे गड्ढे में फंसा और पलट गया। ई-रिक्शे पर कई सवारियों के साथ एक महिला कांस्टेबल भी सवार थी। कीचड़ के बीच ई-रिक्शा पलटते ही लोग दौड़ पड़े और लोगों को बाहर निकाला। महिला कांस्टेबल ने तुरंत कूदकर अपना बचाव किया।

## कोरोना मॉकड्रिल का किया निरीक्षण

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** कोरोना के बढ़ते मरीजों को देखते हुए शासन के निर्देश पर शुक्रवार को डिप्टी सीएमओ ने सीएचसी पहुंचकर कोरोना के मरीजों का मार्कड्रिल करवाया और सीएचसी अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शुक्रवार को जिले के सर्विलांस अधिकारी डिप्टी सीएमओ डा. सुरेंद्र कुमार ने टीम के डाक्टर सीबी सिंह, डाक्टर राजेश वर्मा के साथ कोविड मार्कड्रिल का निरीक्षण किया। सीएचसी में लगे ऑक्सीजन प्लांट को चलवा कर हर बेड पर उसकी सप्लाई चेक करवाई।

**जयंती** जिले में धूमधाम से मनाई गई लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की जयंती, भाजपा, कांग्रेस व सपा ने दी श्रद्धांजलि

# अहिल्याबाई मातृ शक्ति की एक विराट उदाहरण : शंकर लाल लोधी

संवाददाता, हरदोई

**अमृत विचार।** अहिल्याबाई होलकर की जयंती जिले में धूमधाम से मनाई गई। भाजपा, सपा व कांग्रेस ने अहिल्याबाई को याद करते हुए उनके बताए हुए रास्ते पर चलने की बात कही।

भाजपा कार्यालय पर जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी ने कहा कि भारत के इतिहास में अहिल्याबाई मातृ शक्ति की एक विराट उदाहरण है। उनका शौर्यपूर्ण जीवन सभी देशवासियों के लिए प्रेरणा का श्रोत है। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन पर आधारित ऑनलाइन ऐप के माध्यम से जूनियर एवं सीनियर वर्ग में प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें उत्तीर्ण बच्चों को शील्ड, प्रमाणपत्र, एवं नगद पुरष्कार राशि जिलाप्रभारी, जिलाध्यक्ष एवं नगर के प्रमुख व्यवसायी उमंग जैन ने प्रदान की।

सपा कार्यालय पर लोक माता अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाई गई लोक माता अहिल्याबाई के चित्र पर पार्टी जनों ने पुष्प अर्पित कर उनके विचारों को आत्मसात करने का संकल्प भी लिया इसके उपरांत एक गोष्ठी का भी आयोजित किया। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली, पूर्व सांसद ऊषा वर्मा, पूर्व विधायक राजेश्वरी, अनिल वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष पदमगराग, डा. अरुण मौर्या सहित कई सपा नेता मौजूद रहे।

कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेसियों ने होलकर के चित्र पर पुष्पांजलि समर्पित की तथा गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष विक्रम पांडे ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होलकर देश के लिए प्रेरणा हैं। लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने देश, धर्म और राष्ट्र के बीच सामंजस्य बिठाया जो आज के युग के लोगो के लिए प्रेरणा है।



भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम को संबोधित करते जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी।


सपा कार्यालय पर अहिल्याबाई को पुष्पांजलि देते सपा जिलाध्यक्ष शराफत अली। अमृत विचार

# हॉस्पिटल संचालक ने युवती से की छेड़छाड़, केस दर्ज

संवाददाता, हरदोई

▸▸ आरोपी के हॉस्पिटल में काम करती है युवती

**अमृत विचार।** हास्पिटल संचालक ने अपने चैंबर में बुलाया और हाथ पकड़ कर खींचते हुए छेड़खानी की और अपने साथी के साथ अश्लील हरकतें करने की कोशिश की' इस तरह की तहरीर आने पर कछौना पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। इस तरह का वाक्या गुरुवार को बालामऊ के एक निजी हास्पिटल में होना बताया गया है।

बताया गया है कि कछौना कोतवाली के एक गांव की 19 वर्षीय एक युवती ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि वह बालामऊ के एनबी हास्पिटल में नौकरी कर रही थी,गुरुवार को दिन में लगभग 11 बजे हास्पिटल संचालक मुख्तार पुत्र नन्हे निवासी बालामऊ ने उसे अपने चैंबर में बुलाया, जहां उसका साथी राजुल दीक्षित भी मौजूद था। युवती का आरोप है कि मुख्तार ने उसका हाथ पकड़ कर खींचा और छेड़खानी करते हुए अश्लील हरकतें की कोशिश की। युवती के शोर मचाने पर वहां कुछ लोग पहुंचे,उसी बीच हास्पिटल संचालक उसे धमकाते हुए वहां से चला गया। पुलिस ने दी गई तहरीर के मुताबिक मुख्तार और राजुल दीक्षित के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2)/351(3)/74 के तहत रिपोर्ट दर्ज की है। मामले की जांच एसआई ओमकार नाथ सिंह को सौंपी गई है।

# अलग-अलग घटनाओं में 6 लोगों की मौत, पीएसी जवान समेत 7 घायल

## लखनऊ-कानपुर हाईवे पर टायर में हवा चेक करते समय मिनी ट्रक चालक की वाहन की टक्कर से जान चली गई, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

**अमृत विचार:** जिले में अलग-अलग दुर्घटनाओं में कुल छह लोगों की मौत हुई जबकि पीएसी जवान समेत सात लोग घायल हुए है। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर शनिवार भोरपहर टायर में हवा चेक करते समय मिनी ट्रक चालक की वाहन की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस की सूचना पर पहुंचे परिजन शव देख बेहाल हो गए। वहीं सफीपुर कोतवाली क्षेत्र में ठेला से टकराकर अनियंत्रित हुई बाइक काफी दूर तक घिसटती चली गई। इससे बाइक सवार महिला की मौत हो गई। वहीं पति गंभीर घायल हो गया। इसके अलावा सदर कोतवाली क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत हो गई। संबंधित क्षेत्रों की पुलिस ने जांच के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### जेब में मिले मोबाइल से हुई युवक की पहचान


शिवम की फाइल फोटो।

रायबरेली के महाराजगंज थानाक्षेत्र के अतरेहटा गांव निवासी शिवम मौर्य (28) पुत्र स्व. रामप्यारे मिनी ट्रक चालक था। शुक्रवार को वह हरिद्वार से कोल्डड्रिंक लादकर आजमगढ़ जा रहा था। दही थानाक्षेत्र के लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित रोडवेज वर्कशॉप मोड़ के पास शनिवार भोरपहर ट्रक सड़क किनारे खड़ा कर टायरों की हवा चेक कर रहा था। तभी पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे एंबुलेंस से जिला अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। उसके पास मिले मोबाइल फोन से पुलिस ने सूचना परिजनों को दी तो वहां कोहराम मच गया।

मोर्चरी पहुंचे चचेरे भाई जितेंद्र ने बताया कि शिवम दो भाइयों में गौरव से छोटा व बहन सुनैना से बड़ा था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। उसकी मौत से मां संतोष बेहाल है। एसओ संजीव कुशवाहा ने बताया की शव मोर्चरी भेजा गया है। टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

### ठेला से टकराई बाइक, पत्नी की मौत, पति घायल


ज्ञानेन्द्री की फाइल फोटो।

सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव देवगांव निवासी दृगपाल सिंह शनिवार को पत्नी ज्ञानेन्द्री (40) के साथ बाइक से दवा लेने हसनगंज गए थे। शाम को लौटते समय गांव के सामने चौराहे पर अचानक सामने आए ठेला से टकराकर उसकी बाइक सड़क पर काफी दूर घिसटती चली गई। इससे बाइक में पीछे बैठी पत्नी सड़क पर सिर के बल गिरकर गंभीर घायल हो गई।

वहीं दृगपाल को भी चोटें आई हैं। ग्रामीणों ने उन्हें सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने ज्ञानेंद्री को मृत घोषित कर दिया। मां की मौत से दो बेटे शिवा, शिवांश व बेटी प्रतिभा बेहाल हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर शव मोर्चरी भेजा है।

### हसनगंज में बाइक फिसलने से युवक की गई जान

हसनगंज कोतवाली क्षेत्र के भवानी खेड़ा गांव निवासी रामू (35) पुत्र सरजू शहर के कांशीराम कालोनी के पास स्थित एक गेस्ट हाउस में काम करता था। इसी से वह परिवार की जीविका चलाता था। शुक्रवार शाम वह बेटे अनुराग के कपड़े खरीदने सदर बाजार गया था। लौटते समय वाहन की टक्कर से उसकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इसमें वह गंभीर घायल हो गया। लोगों की सूचना पर बेटी कुमकुम ने उसे जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। यह सुन पत्नी बसंती व बच्चे बिलख पड़े। अस्पताल के मेमो पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

## आम तोड़ते समय पेड़ से गिरकर युवक की हुई मौत

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव,अमृत विचार :** बाग में पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा युवक अचानक संतुलन बिगड़ने से नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गया। देररात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। माखी थानाक्षेत्र के धौकल खेड़ा गांव निवासी गुड्डू (38) पुत्र स्व. रामदयाल बटाई पर खेती लेकर जीविका चलाता था। इसी से उसने गांव निवासी गोकरन का आम का बाग ठेके पर लिया था। बीते गुरुवार को वह पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ रहा था। तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से वह सिर के बल नीचे गिरकर गंभीर घायल हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। जहां से उसे कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर किया गया था। लेकिन परिजनों ने उसे लखनऊ के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजनों के मुताबिक इलाज में काफी रुपये खर्च होने पर भी उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ। निजी अस्पताल के चिकित्सक ने भी शुक्रवार को जबाव दे दिया। इस पर परिजन उसे केजीएमयू ले जा रहे थे तभी उसकी मौत हो गई। इसकी खबर मिलते ही परिजनों में चीख पुकार मच गई। पत्नी सोनी व वृद्ध मां विशुना सहित बेटे अरुण, तरुण, वरुण, शिवम व बेटी सिमरन बेहाल रही। पत्नी की सूचना पर माखी पुलिस ने जांच के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।


गुड्डू की फाइल फोटो। अमृत विचार

### युवक की संदिग्ध हालत में हुई मौत

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** बाइक की मरम्मत कराने निकले युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद शव मोर्चरी भेजा है। असोहा थानाक्षेत्र के शंकरखेड़ा गांव निवासी संजय यादव (45) पुत्र स्व. रामकुमार शुक्रवार को बाइक की मरम्मत कराने कालू खेड़ा कस्बा गया था। लौटते समय थानाक्षेत्र के पितान खेड़ा गांव स्थित एक ईंट भट्ठा के पास पेड़ के नीचे उसका शव पड़ा होने की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के बाद परिजनों को सूचना दी और शव मोर्चरी भेजा। भाई राजबहादुर ने बताया कि संजय 30 साल से मानसिक बीमार था और उसका मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा था। इसी से शादी के तीन साल बाद आपसी सुलह समझौते से उसका पत्नी से अलगाव हो गया था। तभी से वह शराब का लती भी हो गया था। एसओ विमलकांत गोयल ने बताया कि भाई ने मानसिक बीमार व शराब का लती होने की बात बताई है। पोस्टमार्टम कराया गया है। पीएम रिपोर्ट के आने पर मौत का सही कारण स्पष्ट होगा।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत व महिला गंभीर

**अमृत विचार बांगरमऊ :** बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव मिट्ठू खेड़ा निवासी रामस्वरूप के बेटे संजय (28) ने घरेलू कलह के चलते शनिवार दोपहर घर में रखा जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। यह देख मां रामकली आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। लखनऊ ले जाते समय रास्ते में संजय की मौत हो गई। परिवार के कमाऊ सदस्य की अचानक मौत से मां रामकली व पत्नी आरती रो-रोकर बेहाल हैं। पिता की अचानक मौत से उसकी डेढ़ वर्षीय बेटी आरती के भरण-पोषण की समस्या उत्पन्न हो गई है। इसके अलावा इसी थानाक्षेत्र के गांव हरईपुर निवासी अंकित की पत्नी प्रिया (20) ने शनिवार सुबह संदिग्ध परिस्थिति में जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर ससुरालीजन उसे गंभीर हालत में सीएचसी लाए। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पीएसी के ट्रक की टक्कर से पीएनसी के दो श्रमिक व एक पीएसी जवान घायल

**अमृत विचार, नवाबगंज :** लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित एक निर्माणधीन यूनिवर्सिटी के सामने शनिवार को पीएनसी कंपनी के कर्मी टैंकर से डिवाइडर पर लगे पौधों की सिंचाई कर रह थे। तभी कानपुर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम से विशेष ड्यूटी निपटाकर पीएसी की गोंडा 30 बटालियन के जवान अपने वाहन से लौट रहे थे। तभी पीएसी का वाहन पानी के टैंकर से टकरा गया। इसमें पीएनसी के दो मजदूर रवि (20) निवासी गांव डंडी थाना सफदरगंज जिला बाराबंकी व रंजीत (35) निवासी मुर्तजा नगर थाना दही उन्नाव व पीएसी के ट्रक में आगे बैठा मुख्य आरक्षी दूधनाथ यादव (55) निवासी गांव सहजनवा थाना हरपुर बुदहट जिला गोरखपुर गंभीर घायल हो गये। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायलों को नवाबगंज सीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद तीनों को जिला अस्पताल भेज दिया गया।


हादसे के बाद हाईवे पर खड़ी पीएसी वाहन व लगी भीड़।

### बस की टक्कर से लोडर सवार दो मजदूर घायल, भर्ती

**गंजमुरादाबाद, अमृत विचार :** नई दिल्ली से रुपैडिहा जा रही निजी बस शनिवार भोरपहर बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के गौरिया कला गांव के पास निर्माणाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे की सुरक्षा बेरिकेडिंग तोड़ती हुई दूसरी लेन में जाकर निर्माण एजेंसी के लोडर में टकरा गई। इससे गंगा एक्सप्रेस-वे निर्माण में लगे मजदूर वीर यादव व अवनीश गंभीर घायल हो गए। जिन्हें पास के अस्पताल लाया गया। जहां उन्हें गंभीर देख जिला अस्पताल भेजा गया। हादसे के बाद चालक, परिचालक व अन्य स्टाफ बस छोड़कर भाग निकले। सूचना पर पहुंची यूपीडा की रेस्क्यू टीम ने बस को सुरक्षित स्थान पर खड़ा करवाया और यात्रियों को हसनगंज क्षेत्र के टोल प्लाजा भेजा। जहां से वह दूसरे साधनों से अपने गंतव्य को रवाना हुए। एसओ मुन्ना कुमार ने बताया कि बस मालिक को दुर्घटना की सूचना दी गई है। बस को थाने में खड़ा कराया गया है।

## एक नजर

### मवेशी से टकराई बाइक, चाचा की मौत, भतीजा घायल

**उन्नाव, अमृत विचार :** अचानक सामने आए मवेशी से टकराकर बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। इससे बाइक चला रहे चाचा की मौत हो गई। वहीं पीछे बैठा भतीजा गंभीर घायल हो गया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला गांधी नगर निवासी सुशील (40) अपने भतीजे शुभम (29) पुत्र ओमकार के साथ दोपहर में बाजार गए थे। लौटते समय कोतवाली क्षेत्र के गांधी नगर तिराहे के पास अचानक बाइक के सामने आवारा मवेशी आ गया। जिससे टकराकर बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और सड़क पर गिरे चाचा-भतीजा गंभीर घायल हो गए। आनन-फानन उन्हें जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने सुशील को मृत घोषित कर दिया।

### बाइक से गिरी महिला की मौत, बच्चा घायल

**अमृत विचार, उन्नाव :** बारासगवर थानाक्षेत्र के लालगंज प्रथम गांव निवासी गजराज अपनी पत्नी के साथ अजगैन कोतवाली क्षेत्र के बगहरी गांव ससुराल गया था। शनिवार को लौटते समय पत्नी 2 वर्षीय बेटे व एक बकरी के बच्चे को लेकर बाइक में बैठी थी। तभी बीघापुर कोतवाली क्षेत्र के कुलहा गांव के पास अचानक पीछे बैठी पूजा मासूम बेटे के साथ उछलकर कर नीचे गिर गई। सिर में आई गंभीर चोट से वह अचेत हो गई। उसे पास के 100 बेड अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर ने पूजा को मृत घोषित कर दिया। वहीं उसके दो वर्षीय बेटे को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

### पूर्व सपा नगर अध्यक्ष ने प्लॉट पर कब्जे का लगाया आरोप

**शुक्लागंज (उन्नाव), अमृत विचार :** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के सीताराम कॉलोनी निवासी समाजवादी पार्टी के पूर्व नगर अध्यक्ष उमालाल यादव ने अपने प्लाट पर कब्जे की कोशिश का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस को प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उनका प्लाट पोनी रोड स्थित परमसुख खेड़ा के पास है, जहां उन्होंने बाउंड्री वॉल और तारबंदी कर अमरूद, सहजन के पेड़ और मौसमी सब्जियों की खेती कर रखी है। शनिवार सुबह जब वे पेड़ों में पानी देने पहुंचे तो देखा कि कुछ महिलाएं और पुरुष ट्रैक्टर-ट्राली लेकर प्लाट की जुताई करवा रहे हैं। विरोध करने पर उन्होंने गाली-गलौज शुरू कर दी और फावड़ा लेकर हमला करने की कोशिश की। पीड़ित ने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों के बीच बीच-बचाव कराया। पूर्व नगर अध्यक्ष ने मामले को लेकर गंगाघाट कोतवाली में शिकायत दर्ज कराने पहुंचे। पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर जांच शुरू कर दी है और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

### आत्महत्या को उकसानें में पति को पांच साल की सजा

**अमृत विचार उन्नाव :** सदर कोतवाली क्षेत्र के गंगाखेड़ा गांव निवासी रानी ने अजगैन कोतवाली में बेटी शांति की संदिग्ध मौत होने पर उसके ससुरालियों पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका आरोप था कि उसने बेटी की शादी अजगैन कोतवाली क्षेत्र के पाडन खेड़ा निवासी रामसेवक के बेटे मनोज से की थी। शादी के कुछ समय बाद ससुरालियों ने बेटी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। इससे तंग आकर उसने आत्महत्या कर ली। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपी पति मनोज व सास बाबूदेई व ससुर रामसेवक पर दहेज हत्या व दहेज उत्पीड़न आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। एसआई रजनीश कुमार ने दहेज हत्या के पर्याप्त साक्ष्य न मिलने पर आत्महत्या के लिए उकसाने और दहेज उत्पीड़न में आरोप पत्र 16 सितंबर-2020 को कोर्ट दाखिल किया था। शनिवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता अलंकार द्विवेदी की दलीलों व साक्ष्य के आधार पर न्यायाधीश शिप्रा आर्या ने आरोपी पति मनोज को पांच साल की सजा के साथ 20 हजार का जुर्माना लगाया। वहीं साक्ष्य के अभाव में ससुर रामसेवक व सास बबूदेई को दोषमुक्त करार दिया।

# दम घुटने से हुई थी किसान की मौत, पुलिस ने मानी हत्या

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुए खुलासे के बाद एएसपी व सीओ ने किया घटनास्थल का निरीक्षण, जांच में जुटीं 3 टीमें

संवाददाता शुक्लागंज (उन्नाव)

**अमृत विचार:** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के गजिया खेड़ा गांव में शुक्रवार को खेत में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत मिले किसान की मौत की गुत्थी सुलझाने में पुलिस सक्रिय हो गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की पुष्टि के बाद पुलिस ने इसे हत्या मानते हुए जांच तेज कर दी है। शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर सोनम सिंह ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और मृतक के परिजनों व ग्रामीणों से विस्तृत जानकारी ली। गांव निवासी शिव नारायण निषाद (60) गांव के ही रज्जन यादव का खेत बटाई पर लेकर फसलें बोता था। गुरुवार शाम वह खेत की रखवाली के लिए निकले थे, लेकिन शुक्रवार सुबह पत्नी कमला देवी ने खेत पर चारपाई में उनका शव पड़ा देखा। शव के मुंह और नाक से खून निकल रहा था, जिससे परिजनों ने हत्या की आशंका जताई थी। मौके पर पहुंची फील्ड यूनिट ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दम घुटने से मौत की पुष्टि होने के बाद मामला हत्या में बदल गया।


घटना स्थल का निरीक्षण करते एएसपी अखिलेश सिंह। अमृत विचार

**हत्या की पुष्टि**

- मृतक की पत्नी की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज
- शुक्रवार को चारपाई पर मिला था किसान का शव

शनिवार को मृतक की पत्नी कमला देवी ने गंगाघाट कोतवाली में तहरीर दी, जिसपर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एएसपी अखिलेश सिंह, सीओ सोनम सिंह, कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा और जाजमऊ चौकी इंचार्ज विनय यादव ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास के खेतों में मौजूद लोगों से पूछताछ की। इसके पश्चात एएसपी व सीओ ने गंगाघाट थाने पर मृतक के परिजनों से भी बातचीत की और घटना की पूरी जानकारी ली। पुलिस अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि हत्यारों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। कोतवाली प्रभारी प्रमोद कुमार मिश्रा ने बताया कि हत्या के खुलासे के लिए तीन टीमें गठित की गई हैं, जो तकनीकी साक्ष्य, संदिग्धों की गतिविधियां और कॉल डिटेल्स की गहनता से जांच कर रही हैं। जल्द ही इस हत्या का खुलासा किया जाएगा।


गंगाघाट कोतवाली में बैठे मृतक की पत्नी, बेटा और परिजन। अमृत विचार

## गैंगरेप के दो दोषियों को मिली 20-20 साल की सजा

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार:** गैंग रेप के दो दोषियों को कोर्ट ने सुनवाई के बाद दो दोषियों को 20- 20 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोषियों पर 29-29 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। कोर्ट ने जुर्माना राशि का 50% पीड़िता को देने का आदेश दिया है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की महिला ने को पुलिस को दी तहरीर में बताया उसकी नाबालिग बेटी 19 जून - 2017 की रात एक बजे घर के अंदर लेटी थी। तभी गांव के युवक चंदन, गुड्डू उसका भाई राजू उसकी बेटी को अगवा कर चंदन के घर ले गए। जहां पर तीनों ने मिलकर उसकी बेटी से दुष्कर्म किया था। 11 सितंबर - 2017 को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। विवेचना उपरांत पुलिस ने सभी के विरुद्ध 13 दिसंबर - 2017 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। मुकदमे की सुनवाई के दौरान एक आरोपी गुड्डू की मौत हो गई थी। अधिवक्ता प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने कुल सात गवाहों को पेश किया। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद न्यायाधीश शैलेंद्र सिंह ने राजू व चंदन को 20-20 साल की सजा सुनाई।

## शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं बकरीद : एसडीएम

**अमृत विचार, सफीपुर:** कोतवाली परिसर में शनिवार शाम को आगामी ईद-उल-अजहा (बकरीद) पर्व को लेकर उपजिलाधिकारी शिवेंद्र कुमार वर्मा व सीओ मधुप नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में पीस कमेटी बैठक हुई। इसमें उपस्थित धर्मगुरु, ग्राम प्रधान व संभ्रांत नागरिकों से शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने की अपील की गई। उपजिलाधिकारी ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारे व खुशियों के साथ मनाएं। उन्होंने मुस्लिम समाज के लोगों से आह्वान किया कि खुले में कुर्बानी न करें व सभी की भावनाओं का ध्यान रखें। कुर्बानियों का खून नालियों में न बहाएं। बल्कि गड्ढा खोदकर उसमें दबाएं। सीओ ने कहा कि कोई भी नई परंपरा न डाली जाए। किसी तरह की अफवाहों पर ध्यान न दें। सौहार्द बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। प्रभारी निरीक्षक सुब्रत नारायण ने कहा कि त्योहार खुशियों से मनाएं। कुर्बानी के समय का वीडियो बनाकर कोई भी सोशल मीडिया पर वायरल करता है तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान पूर्व चैयरमैन नसीम अहमद, मौलाना हशमत उल्ला, मौलाना जीशान, मौलाना मो. अहमद, शारिक सफवी, सरोज मिंया, इरफान अहमद, रिजवान शेख, एड. जमाल अहमद व नगर पंचायत लिपिक होरीलाल, सभासद सारुख खान, राजा शर्मा, रामखेलावन पाल, बेचेलाल गुप्ता, कृष्णा पाल, राजू बिमल, संजय कुमार आदि उपस्थित रहे।


सफीपुर कोतवाली में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में मौजूद अधिकारी व अन्य।

## सार-संक्षेप

### छेड़छाड़ के दो दोषियों को 5-5 साल की सजा

**कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार :** किशोरी से छेड़छाड़ करने के दो आरोपियों को कोर्ट ने अंतिम सुनवाई के बाद दोषी ठहराते हुए 5-5 साल की सजा सुनाई है। कोर्ट ने दोनों पर 31-31 हजार का जुर्माना भी लगाया है। फतेहपुर चैरासी थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी नाबालिग बेटी से 5 अगस्त-2017 को छेड़छाड की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसका आरोप था कि 3 अगस्त-2017 को वह अपनी बीमार सास को देखने पत्नी रजनी के साथ ससुराल कानपुर गया था। उसके चारों बच्चे घर की छत पर सो रहे थे। तभी देररात एक बजे गांव निवासी राजकुमार व गुड्डू उसके घर की छत पर चढ़ आए और नाबालिग बड़ी बेटी को बुरी नीयत से दबोच कर अश्लील हरकत करने लगे। बेटी के चीखने पर अन्य बच्चे व पड़ोसी जाग गए और उन्हें आता देख दोनों उन्हें मारपीट कर भाग निकले। लौटने पर बेटी ने परिजनों को आपबीती बताई थी। पुलिस आरोपियों की तलाश में थी तभी उन्होंने 28 सितंबर-2017 को कोर्ट में आत्म समपर्ण कर दिया था। एसआई धर्मेंद्र सिंह ने साक्ष्य जुटाते हुए कोर्ट में 24 मार्च-2018 को चार्जशीट दाखिल की थी। तभी से केस पाक्सो एक्ट कोर्ट में विचाराधीन था। शनिवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई के बाद शासकीय अधिवक्ता कविता सिंह की दलीलों व साक्ष्य के आधार पर न्यायाधीश विवेकानंद विश्वकर्मा ने राजकुमार व गुड्डू को छेड़छाड़ व पाक्सो एक्ट का दोषी ठहराते हुए 5-5 साल की सजा सुनाई।

### पति समेत छह पर दर्ज कराई प्रताणना की रिपोर्ट

**अमृत विचार सफीपुर :** सदर कोतवाली क्षेत्र के दोस्ती नगर गांव निवासी बिन्दा प्रसाद की बेटी पूनम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वर्ष 2017 में उसकी शादी सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के करौंदी गांव निवासी खुमानी के बेटे रामकिशोर से हुई थी। परिजनों ने हैसियत के अनुसार दहेज भी दिया था लेकिन 3 लाख के अतिरिक्त दहेज के लिए पति रामकिशोर, ससुर खुमानी, सास शालिनी, ननद सीमा, नीलम व ससुर की बहन बिशुना प्रताणित कर उससे मारपीट करती हैं। यही नहीं उसे घर से बाहर अलग कमरे में रहने को मजबूर कर दिया है। वह बीते दो साल से मायके से राशन लाकर तीन बच्चों के साथ गुजर-बसर कर रही थी। शुक्रवार को वह अपना इलाज कराने के लिए मदद मांगने गई तो पति ने उसे लाठी डंडों से जमकर पीट दिया। जिससे वह घायल हो गई। आरोप है कि पति उसे फांसी पर लटकाने की धमकी देता है। एसओ एसएन त्रिपाठी ने बताया कि पति सहित छह लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### एसडीएम के आदेश पर जांच टीम गठित, फंस सकते लेखपाल

**अमृत विचार, हसनगंज :** तहसील क्षेत्र में लेखपाल द्वारा बिना पूर्व सूचना के पीड़ित के खेत की मेड़ तुड़वाकर पड़ोसी काश्तकार को कब्जा कराने के मामले में एसडीएम ने जांच टीम गठित की है। जिससे लेखपाल की गर्दन फंसती नजर आ रही है। बता दें कि मकदूमपुर चुर्मा निवासी गीता देवी उर्फ गुड्डी देवी पत्नी रामअवतार व सरोजनी देवी पत्नी स्व. अर्जुन ने मुख्यमंत्री, कृषि मंत्री, जिलाधिकारी सहित एसडीएम हसनगंज को शिकायती पत्र देकर बताया था कि उनकी भूमि गाटा संख्या-148 व 149 में उनके नाम बतौर संक्रमणीय भूमिधर के रूप में दर्ज है। जिस पर उनका कब्जा भी है। लेकिन क्षेत्रीय लेखपाल ने बिना पूर्व सूचना व किसी कोर्ट के आदेश के खेत पर जाकर पड़ोसी काश्तकार कमलेश पुत्र महाबली को उनके खेत की मेड़ तुड़वाकर छह बिसुआ खेत पर कब्जा करा दिया। साथ ही उसमें नई मेड़ भी डलवा दी। जबकि उनके साथ कोई सक्षम अधिकारी भी नहीं था। इस संबंध में एसडीएम हसनगंज प्रज्ञा पांडे ने बताया कि शिकायती पत्र मिला है। जांच टीम गठित कर दी है। अगर लेखपाल की गलती मिलती है तो कार्यवाही की जाएगी।

### दुष्कर्म आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा कोर्ट

**अमृत विचार, बांगरमऊ :** एसपी दीपक भूकर के निर्देश पर अपराध व अपराधियों के विरुद्ध चल रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म के एक आरोपी को पकड़ा है। पुलिस ने उसके विरुद्ध कार्रवाई कर कोर्ट भेज दिया। बता दें कि कोतवाली पुलिस ने थानाक्षेत्र की एक किशोरी से हुए दुष्कर्म की रिपोर्ट बीती 1 मार्च को दर्ज की थी। विवेचना के दौरान मुकदमे में पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की गई थी। शनिवार को कोतवाली के दरोगा अचल रावत व आरक्षी रविकांत पटेल ने मामले में वांछित प्रेम निवासी गांव खिम्मा पुरवा थाना अरवल हरदोई को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे के हरदोई मार्ग ओवर ब्रिज के नीचे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके विरुद्ध कार्यवाही कर कोर्ट भेज दिया।

### छात्र-छात्राओं को मिलेगा प्रैक्टिकल लर्निंग का लाभ


चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी की ओर से आयोजित पैनल में चर्चा के दौरान मौजूद एक्सपर्ट व यूनिवर्सिटी के प्रतिनिधि। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उन्नाव, अमृत विचार : चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी यूपी फिनटेक और बैंकिंग एजुकेशन में अब अहम रोल निभाएगी। इस इंडस्ट्री कोलैबोरेशन से स्टूडेंट्स को प्रैक्टिकल लर्निंग का लाभ मिल सकेगा। यूनिवर्सिटी बैंकिंग व फाइनेंशियल सर्विसेज कंपनियों के लिए इंडस्ट्री-रेडी प्रोफेशनल्स भी तैयार करेगी। उन्नाव में लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित नवाबगंज क्षेत्र स्थित चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में यूपी की बिज़नेस और कॉमर्स फैकल्टी ने 2030 में शिक्षा के द्वारा देश में होने वाले परिवर्तन व देश को सात ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने के लक्ष्य को लेकर एक पैनल चर्चा का आयोजन किया गया। जिसमें इंडस्ट्री लीडर्स, शिक्षाविद समेत एक्सपर्ट पैनलिस्ट ने भाग लिया। इस दौरान दो सत्रों में शिक्षा में बदलाव और इकोनॉमी का फ्यूचर व सात ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी का रोडमैप जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इसका संचालन प्रो. अलका सिंह, फैकल्टी ऑफ बिज़नेस एंड कॉमर्स, चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी, यूपी ने किया। वहीं दूसरे सत्र में भारत को सात ट्रिलियन डॉलर इकॉनॉमी बनाने का रोडमैप जिसमें भारत की अर्थव्यवस्था को अगले स्तर तक पहुंचाने के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा की गई। संचालन प्रो. आशुतोष बाजपेयी ने किया।

**विश्व तंबाकू निषेध दिवस** — डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार- प्रत्येक वर्ष 80 लाख लोग तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों से जान गवां रहे हैं

# तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक : सीएमओ

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

**अमृत विचार:** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शनिवार को कार्यवाहक सीएमओ व नोडल अधिकारी ने लोगों को तंबाकू का प्रयोग न करने की शपथ दिलाई। इसके साथ ही हस्ताक्षर अभियान भी चलवाया। कार्यवाहक सीएमओ डॉ. हरिनंदन प्रसाद ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर प्रेसवार्ता में तंबाकू के सेवन से होने वाली बीमारियों की जानकारी देते हुए बताया कि तंबाकू के सेवन से होने वाली गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने डब्ल्यूएचओ (विश्व स्वास्थ्य संगठन) द्वारा जारी आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि पूरे विश्व में 1.25 बिलियन लोग तंबाकू या इससे बने उत्पाद का सेवन करते हैं। जिसमें प्रति वर्ष 8 मिलियन (80 लाख) से अधिक लोग तंबाकू से होने वाली बीमारियों से जान गवां देते हैं। बताया कि तंबाकू के सेवन से ओरल, फेफड़ों के कैंसर, हृदय रोग सहित नपुंसकता व बांझपन आदि गंभीर बीमारी होती हैं। बताया कि सभी सीएचसी, पीएचसी में इसके निकोटिन च्विंगम उपलब्ध हैं। जिसके प्रयोग से लोग तंबाकू सेवन की आदत से छुटकारा पा सकते हैं। एसीएमओ व नोडल अधिकारी डॉ. नरेंद्र सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग का तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ लगातार विद्यालयों, कार्यालयों व गावों में मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करेगा।


विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जानकारी देते कार्यवाहक सीएमओ व अन्य।

### तंबाकू सेवन से स्वास्थ्य पर पड़ता है विपरीत असर

**अमृत विचार, नबावगंज :** विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर नवाबगंज सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि तंबाकू सेवन से कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफड़ों की बीमारी, मुंह के रोग जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ता है। भारत में लाखों लोग हर साल तंबाकू जनित बीमारियों से अपनी जान गंवाते हैं। धूम्रपान करने वाले के साथ रहने वाले (पैसिव स्मोकर) लोगों पर भी इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। युवाओं को तंबाकू से दूर रखना हमारी जिम्मेदारी है। डॉ. अखिलेश विक्रम ने कहा कि तम्बाकू के उत्पाद जैसे बीड़ी, सिगरेट, गुटखा, खैनी स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं। तंबाकू निषेध योजनाओं का समर्थन करें और लोगों को इसे छोड़ने को प्रेरित करें। इस दौरान डॉ. सिद्धार्थ आनंद, डॉ. जियाउल हक, फार्मासिस्ट विजय कुमार, स्वयंबर सिंह, नन्द कुमार, इंटर्न रामकृष्णा, देवेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

## एसडीएम से लगाई घर व पेड़ बचाने की गुहार

**बांगरमऊ, उन्नाव, अमृत विचार :** तहसील प्रशासन द्वारा क्षेत्र के गांव चहलहा स्थित बांगरमऊ-बरुआघाट मार्ग किनारे स्थित एक दर्जन पक्के मकानों को अवैध अतिक्रमण घोषित करने का फरमान जारी कर दिया है। इस जमीन के गरीब बाशिंदे ने अपने बच्चों के साथ एसडीएम के सामने पहुंचकर इस पर रोक लगाने की गुहार लगाई है। चहलहा गांव स्थित बांगरमऊ-बरुआघाट मार्ग किनारे बीते करीब आधा दशक से एक दर्जन गरीब परिवार मकान बनाकर रह रहे हैं। तहसील कार्यालय द्वारा इस बस्ती की जमीन को सरकारी संपत्ति घोषित करने का फरमान जारी कर दिया गया है। शनिवार को वन विभाग के दरोगा पप्पू यादव अचानक इन मकानों के आगे लगे हरे पेड़ कटवाने पहुंचे। जिससे इस जमीन पर बसे बाशिंदों में हड़कंप मच गया। तभी बस्ती निवासी शिव कुमार अपनी पत्नी व बच्चों के साथ तहसील कार्यालय पहुंचा और एसडीएम शुभम यादव से पेड़ बचाने की गुहार लगाई।

# देश में कोरोना के 3,395 मरीज, 4 की मौत

## केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े, संक्रमण से जान गंवाने वालों में यूपी का भी एक व्यक्ति

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत में कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या बढ़कर 3,000 से अधिक हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आंकड़ों के अनुसार केरल में सबसे अधिक 1,336 लोग संक्रमित हैं। मंत्रालय के अनुसार, बीते 24 घंटे में देश में कुल चार रोगियों की मौत हुई है। दिल्ली, केरल, कर्नाटक और उत्तर प्रदेश में एक-एक व्यक्ति ने जान गंवाई है। एक्टिव केस की संख्या दो साल में पहली बार 3000 पार पहुंची हैद्ध

आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि भारत में कोविड-19 की स्थिति पर करीबी नजर रखी जा रही है। सूत्रों ने कहा कि संक्रमण की गंभीरता कम है, ज्यादातर मरीजों की घर पर ही देखभाल की जा रही है और चिंता की कोई बात नहीं है। देश में 22 मई को रोगियों की संख्या 257 थी। 26 मई तक यह आंकड़ा बढ़कर 1,010 हो गया और शनिवार को 3,395 पर पहुंच गया। आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में 685 नए मामले सामने आए हैं और चार लोगों की मौत हुई है। आंकड़ों में कहा गया है कि केरल में 1,336, महाराष्ट्र में 467, दिल्ली में 375, गुजरात में 265, कर्नाटक में 234, पश्चिम बंगाल में 205, तमिलनाडु में 185 और उत्तर प्रदेश में 117 लोग संक्रमित हैं। वहीं, ओडिशा में दो और लोगों के कोरोना से संक्रमित पाए जाने के बाद राज्य में कुल मामलों की संख्या सात हो गई है। राज्य के स्वास्थ्य सचिव अश्वथी एस ने यह जानकारी दी।

उन्होंने लोगों से न घबराने की अपील करते हुए कहा कि सभी मरीजों की हालत स्थिर है। उन्होंने कहा, आईसीएमआर की ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि मौजूदा स्वरूप में गंभीर लक्षण नहीं दिखते और ज्यादातर मामले हल्के हैं। साथ ही, केंद्र ने कोई दिशा-निर्देश जारी नहीं किए हैं, लेकिन सभी को बदलते मौसम के मद्देनजर सतर्क रहने की सलाह दी है। अधिकारी ने कहा कि राज्य सरकार आवश्यक सावधानी बरत रही है।

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद ने सोमवार को कहा था कि पश्चिम और दक्षिण भारत में नमूनों की जीनोम अनुक्रमण से पता चला है कि नये स्वरूप गंभीर नहीं हैं और ये ओमीक्रॉन के उप-स्वरूप हैं। उन्होंने कहा था कि पहले तीन स्वरूप के मामले ज्यादा हैं। डॉ. बहल ने कहा था, हम स्थिति पर करीब से नजर रख रहे हैं। इस समय, कुल मिलाकर, हमें निगरानी रखनी चाहिए, सतर्क रहना चाहिए, लेकिन चिंता की कोई बात नहीं है।



● एक्टिव केस की संख्या दो साल में पहली बार 3000 पार, केरल में सबसे अधिक 1,336 लोग संक्रमित

### हमें और होशियार रहने की जरूरत

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने मुताबिक हम स्थिति पर नजदीकी निगाह रखे हुए हैं। इस स्थिति में हमें और होशियार रहने की जरूरत है। लेकिन बहुत ज्यादा डरना नहीं है। अब तक ओमिक्रॉन के 4 सबवैरिएंट मिले हैं– एलउफ.7, एक्सएफजी, जेएन.1 और एनबी.1.8.1 मिले हैं। इनमें पहले तीन ज्यादा तेजी से फैलते हैं।

# राहुल को नहीं दी जाएगी सावरकर के पोते के मातृवंश की जानकारी, याचिका खारिज

पुणे, एजेंसी

पुणे की एक कोर्ट ने शनिवार को विनायक दामोदर सावरकर के पोते सत्यकी सावरकर की मातृवंश की जानकारी मांगने वाली राहुल गांधी की अर्जी खारिज कर दी। कांग्रेस नेता द्वारा सावरकर पर की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में सत्यकी ने मानहानि की शिकायत दर्ज कराई है और राहुल ने कोर्ट में अर्जी देकर उनकी मां के परिवार की जानकारी मुहैया कराने का अनुरोध किया था।

न्यायिक मजिस्ट्रेट ने आवेदन को यह कहते हुए खारिज कर दिया कि यह मामला लंदन में राहुल गांधी द्वारा दिए गए कथित अपमानजनक भाषण से संबंधित है, न कि सत्यकी सावरकर की मां दिवंगत हिमानी अशोक सावरकर के मायके से। हिमानी सावरकर महात्मा गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे के छोटे भाई गोपाल विनायक गोडसे की बेटी थीं। गांधी ने अपने वकील के जरिये दलील दी थी कि शिकायतकर्ता ने शिकायत दर्ज करते समय अपने पिता के परिवार का विवरण तो दिया था, लेकिन अपनी मां के मायके की जानकारी नहीं दी है। बचाव पक्ष ने दलील दी कि यह जानकारी सुनवाई के लिए महत्वपूर्ण थी। कोर्ट कहा, यह मामला दिवंगत हिमानी अशोक सावरकर के वंश से संबंधित या विवाद को लेकर नहीं है। इसलिए, आरोपी के आवेदन में कोई गुण नहीं दिखती। मामले को आगे जांच के लिए भेजने की भी कोई जरूरत नहीं है। इस बीच, अदालत ने गांधी की जमानत रद्द करने का अनुरोध करने वाली सत्यकी सावरकर की याचिका को भी खारिज करते हुए कहा कि दिए गए आधार ऐसी कार्रवाई के लिए पर्याप्त नहीं हैं।



**मानहानि मामला**

● कांग्रेस नेता पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कराई गई थी शिकायत दर्ज

● राहुल ने अदालत में अर्जी देकर उनकी मां के परिवार की जानकारी मुहैया कराने का अनुरोध किया था

## एक नजर

### नामपट्टिका पर पेशाब करने के आरोपी पर मामला दर्ज

**पुणे।** अम्बेगांव बुद्रुक में स्थित शिवाजी महाराज को समर्पित शिवसृष्टि थीम पार्क के गेट पर लगी नामपट्टिका पर शनिवार तड़के पेशाब करने के आरोप में 59 वर्षीय एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया नवनाथ अमराले की शिकायत के आधार पर भारती विद्यापीठ पुलिस ने अमोल अरुण कुलकर्णी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा, शिकायतकर्ता दोस्त के साथ घर लौट रहा था, जब तड़के तीन बजे उसने एक व्यक्ति को शिवसृष्टि के गेट पर लगी नामपट्टिका पर पेशाब करते देखा।

### आय से अधिक संपत्ति में घिरे अफसरों के ठिकानों पर छापे

**बेलागवी।** कर्नाटक लोकायुक्त ने राज्य भर में उन सरकारी अधिकारियों से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी की जिन पर आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का आरोप है। बेलगावी, बागलकोट, बल्लारी, उडुपी, दावणगेरे, धारवाड़ और गदग सहित सात जिलों में छापेमारी की गई। जिन स्थानों पर छापे मारे गए वे बेलगावी में डी देवराज उर्स पिछड़ा अभिवृद्धि निगम के जिला प्रबंधक सिद्धलिंगप्पा, बागलकोट में ग्रामीण अभिवृद्धि और पंचयात राज विभाग के प्रथम श्रेणी सहायक शैला सुभाष तत्राणी तथा बल्लारी में पीडब्ल्यूडी से जुड़े हैं।

# भारतीय सेना ने किया अगली पीढ़ी की रक्षा प्रौद्योगिकियों का परीक्षण

नई दिल्ली, एजेंसी

● तकनीकी क्षमता को मजबूत करना और इसकी परिचालन तत्परता को बढ़ाना लक्ष्य

भारतीय सेना कई अत्याधुनिक रक्षा प्रणालियों का युद्ध जैसी परिस्थितियों में परीक्षण कर रही है, ताकि उनके प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन किया जा सके। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इन परीक्षणों का उद्देश्य सेना की तकनीकी क्षमता को मजबूत करना और इसकी परिचालन तत्परता को बढ़ाना है।

रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मूल्यांकन के दौर से गुजर रहे सैन्य साजो सामान में मानव रहित हवाई प्रणाली (यूएएस), यूएवी लॉन्च्ड प्रिसिजन गाइडेड म्यूनिशन, रनवे इंडिपेंडेंट, रिमोटली पायलटेड एरियल सिस्टम और काउंटर-यूएएस समाधान शामिल हैं। इन मूल्यांकनों के माध्यम से, भारतीय सेना का लक्ष्य अपनी तकनीकी बढ़त को विस्तार देना, परिचालन तत्परता को बढ़ाना और रक्षा क्षमता विकास में स्वदेशी नवाचार व आत्मनिर्भरता के प्रति अपनी वचनबद्धता की पुष्टि करना है। भारतीय सेना वर्तमान में पोकरण फील्ड फायरिंग रेंज, बबीना फील्ड फायरिंग रेंज और जोशीमठ सहित देश भर के प्रमुख स्थानों पर व्यापक क्षमता विकास प्रदर्शन कर रही है।

**जागरूकता अभियान**




कोलकाता में शनिवार को विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर जागरूकता अभियान में हिस्सा लेते स्वयंसेवक। इस दौरान तंबाकू के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में लोगों बताया गया। एजेंसी

# वायुसेना प्रमुख का हालिया बयान चिंताजनक : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को कहा कि वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी से जुड़ी टिप्पणी चिंता का विषय है और ऐसे में सरकार को जरूरी सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए।

सिंह ने गुरुवार को ऑपरेशन सिंदूर को राष्ट्रीय विजय करार दिया था और विभिन्न रक्षा अधिग्रहण परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अत्यधिक देरी पर गंभीर चिंता जताई थी। भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों तक चले सैन्य संघर्ष के बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में एयर चीफ मार्शल ने कहा कि एक भी परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई है। कांग्रेस नेता और तेलंगाना सरकार के मंत्री उत्तम कुमार रेड्डी ने कहा, पार्टी भारत-पाकिस्तान संघर्ष में एक बहुत ही निर्णायक जीत में वायु सेना की भूमिका की सराहना करती है।

● कहा- परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी से जुड़ी टिप्पणी चिंता का विषय सरकार उठाए सुधारात्मक कदम

# प्रधानमंत्री ने देश में राजनीति की संस्कृति बदली : नड्डा

जयपुर, एजेंसी

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में राजनीति की संस्कृति बदली और आज रिपोर्ट कार्ड की राजनीति हो रही है। नड्डा यहां लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर महिला सशक्तीकरण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि 2014 के बाद से देश की तस्वीर बदली है। आज प्रधानमंत्री के नेतृत्व में 140 करोड़ लोगों का देश दौड़ लगाते हुए आगे बढ़ रहा है। इस बात को हम लोगों ने देखा है। हम अगर आपके पास आते हैं तो या तो कोई योजना देकर जाते हैं, बटन दबाकर आपके खाते में कुछ देकर जाते हैं और आपका सशक्तीकरण करने का काम करते हैं, यह हमारे काम करने का तरीका है।



● कहा- पहले नेता आते थे एक दूसरे के दोषारोपण में समय गुजारते थे, लेकिन आज रिपोर्ट कार्ड की राजनीति हो रही

# एनआईए ने तीन नक्सलियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने झारखंड में तीन नक्सलियों के खिलाफ प्रतिबंधित संगठन में लोगों की जबरन भर्ती और वसूली में कथित रूप से शामिल होने के लिए आरोपपत्र दाखिल किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड के रांची में एक विशेष अदालत के समक्ष शुक्रवार को दाखिल पूरक आरोपपत्र में एनआईए ने कृष्णा हांसदा उर्फ सौरव दा उर्फ अविनाश दा, अभिजीत कोरा उर्फ मतला कोरा उर्फ सुनील कोरा और रामदयाल महतो उर्फ नीलेश दा उर्फ बच्चन दा पर 2023 के भाकपा (माओवादी) साजिश मामले में शामिल होने का आरोप लगाया है।

● प्रतिबंधित संगठन में लोगों की जबरन भर्ती और वसूली का मामला

# जयपुर में दो प्रमुख होटलों को बम से उड़ाने की धमकी, कार्यक्रम में तीन मंत्री भी थे मौजूद

जयपुर, एजेंसी

● धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद होटलों को खाली करवाया

जयपुर के दो प्रमुख होटलों में शनिवार को विस्फोटक होने की धमकी वाला ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई और इन होटलों को खाली करवाया गया। शनिवार को जब यह धमकी भरा ईमेल मिला उस समय राज्य सरकार के तीन मंत्री एक होटल में कार्यक्रम में भाग ले रहे थे।

हालांकि, होटल की गहन तलाशी ली गई लेकिन कोई विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। शहर में स्थित हॉलिडे इन होटल को शनिवार सुबह ईमेल के माध्यम से परिसर में बम होने की धमकी मिली। उस समय वहां एक कार्यक्रम चल रहा था। इसके मेहमानों में गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम, उद्यमिता मंत्री के.के. बिश्नोई और सहकारिता राज्य मंत्री गौतम दक शामिल थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार मंत्री बेढम को कार्यक्रम के दौरान धमकी के बारे में बताया गया। उन्होंने कार्यक्रम में होटल को खाली करने की घोषणा की। इसके तुरंत बाद तीनों मंत्री वहां से चले गए।

अतिरिक्त उपायुक्त (दक्षिण) ललित शर्मा ने बताया कि बम और स्वान दस्ते ने होटल की गहन तलाशी ली लेकिन कोई विस्फोटक या संदिग्ध सामग्री नहीं मिली। इसके कुछ ही देर बाद, दिल्ली रोड पर स्थित रैफल्स होटल को ईमेल के जरिए ऐसी ही धमकी मिली। आतंकवाद निरोधक दस्ते (एटीएस) और बम निरोधक दस्ते की टीम दोनों जगहों पर पहुंच गईं।

## कारोबार/कृषि

# इस्पात आयात पर शुल्क दोगुना कर 50 प्रतिशत करेंगे ट्रंप

## भारत में आवास, वाहन और अन्य सामान की बढ़ सकती हैं कीमतें

पेन्सिल्वेनिया, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को पेन्सिल्वेनिया के इस्पात कर्मियों से कहा कि वह उनके उद्योग की रक्षा के लिए इस्पात आयात पर शुल्क को दोगुना करके 50 प्रतिशत कर रहे हैं। यह एक नाटकीय वृद्धि है, जो आवास, वाहन और अन्य सामान बनाने के लिए उपयोग की जाने वाली धातु की कीमतों को और बढ़ा सकती है।

जीटीआरआई के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, ये निर्यात अब तेजी से बढ़ते अमेरिकी शुल्क से प्रभावित होंगे, जिससे भारतीय उत्पादकों और निर्यातकों की लाभप्रदता को खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा, ट्रंप द्वारा शुल्क को दोगुना करने के बाद, यह देखना बाकी है कि क्या भारत एक महीने के भीतर कुछ अमेरिकी निर्यात पर शुल्क बढ़ाकर जवाबी कार्रवाई करेगा। भारत ने पहले ही डब्ल्यूटीओ में एक औपचारिक नोटिस दिया है, जिसमें उसने इस्पात पर पहले लगाए गए शुल्क के जवाब में अमेरिकी वस्तुओं पर जवाबी शुल्क लगाने के अपने इरादे का संकेत दिया है।

ट्रंप ने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि एल्युमीनियम शुल्क को भी दोगुना करके 50 प्रतिशत किया जाएगा, और दोनों शुल्क बढ़ोतरी बुधवार से लागू होंगी। ट्रंप ने उपनगरीय पिट्सबर्ग में यूएस स्टील के मोन वैली वर्क्स-इरविन संयंत्र में बात की, जहां उन्होंने एक विस्तृत सौदे पर भी चर्चा की जिसके तहत जापान की निप्पॉन स्टील प्रतिष्ठित अमेरिकी स्टील विनिर्माता में निवेश करेगी। हालांकि, ट्रंप ने शुरू में पिट्सबर्ग स्थित यूएस स्टील को खरीदने के लिए जापानी स्टील विनिर्माता की बोली को रोकने की बात कही थी, लेकिन उन्होंने पिछले सप्ताह अपना रुख बदल दिया और निप्पॉन द्वारा 'आंशिक स्वामित्व' के लिए एक समझौते की घोषणा की। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि उनके प्रशासन द्वारा मध्यस्थता में किया गया सौदा अंतिम रूप ले चुका है या नहीं, या स्वामित्व किस तरह का होगा। यूएस स्टील के एक गोदाम में आयोजित कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए ट्रंप ने कहा, हम आज यहां एक ब्लॉकबस्टर समझौते का जश्न मनाने के लिए आए हैं, जो यह सुनिश्चित करेगा कि यह प्रतिष्ठित अमेरिकी कंपनी एक अमेरिकी कंपनी बनी रहे।

उन्होंने कहा, आप एक अमेरिकी कंपनी बने रहेंगे, आप यह जानते हैं, है न? शुल्क के बारे में, ट्रंप ने कहा कि आयातित इस्पात पर शुल्क दोगुना करने से 'अमेरिका में इस्पात उद्योग और भी सुरक्षित हो जाएगा। लेकिन इतनी नाटकीय वृद्धि कीमतों को और भी अधिक बढ़ा सकती है। सरकार के उत्पादक मूल्य सूचकांक के अनुसार, जनवरी के मध्य में ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद से इस्पात की कीमतों में 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

● एल्युमीनियम शुल्क में भी बढ़ोतरी बुधवार से होंगी लागू



### स्टील, एल्युमीनियम पर ऊंचे शुल्क से भारतीय निर्यातक चिंतित

नई दिल्ली, एजेंसी

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (फियो) ने अमेरिकी में स्टील और एल्युमीनियम पर आयात शुल्क को 25 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने की हाल की घोषणा पर चिंता व्यक्त की है और सरकार से भारतीय स्टील निर्यात की सुरक्षा के लिए अमेरिका के साथ कूटनीतिक प्रयास करने का आग्रह किया है। निर्यातकों का कहना है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ऐसी कार्रवाई से भारत के स्टील और एल्युमीनियम निर्यात, विशेष रूप से मूल्यवर्धित और तैयार स्टील उत्पादों और वाहनों के कल पुर्जों का निर्यात प्रभावित होगा भारत के निर्यातकों के शीर्ष मंच फियो के अध्यक्ष एससी रल्हन ने कहा कि अमेरिकी स्टील और एल्युमीनियम आयात शुल्क में प्रस्तावित वृद्धि का विशेष रूप से स्टेनलेस स्टील पाइप, स्ट्रक्चरल स्टील कंपोनेंट और ऑटोमोटिव स्टील पार्ट्स जैसी अर्ध-तैयार और तैयार इस्पात उत्पादों के निर्यात पर प्रभाव पड़ेगा। ये उत्पाद भारत के बढ़ते इंजीनियरिंग निर्यात का हिस्सा हैं, और उच्च शुल्क अमेरिकी बाजार में हमारी मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता को कम कर सकते हैं। भारत ने वित्त वर्ष 2024-25 में अमेरिका को लगभग 6.2 अरब डॉलर मूल्य के स्टील और तैयार स्टील उत्पादों का निर्यात किया, जिसमें इंजीनियर्ड और फैब्रिकेटेड स्टील घटकों की एक विस्तृत श्रृंखला और लगभग 86 करोड़ डॉलर के एल्युमीनियम और उसके उत्पाद शामिल हैं।

**सरकार से निर्यात की सुरक्षा के लिए कूटनीतिक प्रयास करने का आग्रह**

# कच्चे खाद्य तेल पर सीमा शुल्क में 10% की कमी

● शुल्क बदलाव का उद्देश्य पाम ऑयल, सोया ऑयल और सूरजमुखी तेल की कीमतों को कम करना

नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य तेल की कीमतों को कम करने के उद्देश्य से सरकार ने कच्चे खाद्य तेलों पर मूल सीमा शुल्क को 20 प्रतिशत से कम करके 10 प्रतिशत कर दिया है। हालांकि रिफाइंड ऑयल पर शुद्ध सीमा शुल्क अभी 35.25 प्रतिशत है। वित्त मंत्रालय द्वारा कल देर रात जारी अधिसूचना के अनुसार यह कमी शुक्रवार से प्रभावी हो गया है। इसके बाद कच्चे खाद्य तेल पर शुद्ध सीमा शुल्क 16.5 प्रतिशत हो गया है।

शुल्क में बदलाव का उद्देश्य पाम ऑयल, सोया ऑयल और सूरजमुखी तेल की कीमतों को कम करना है।सरकार ने यह कदम खाद्य तेल कीमतों में उछाल के बीच उठाया है। भारत में इस साल सरसों की बंपर फसल के प्रभाव को नकारते हुए खाद्य तेलों की कीमतें वैश्विक स्तर पर बढ़ गई हैं।आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार सरसों तेल की कीमतें औसतन 25 प्रतिशत बढ़कर 170 रुपये प्रति लीटर से अधिक हो गई हैं। एक साल पहले की तुलना में 28 मई को पाम ऑयल की औसत खुदरा कीमत 34 प्रतिशत बढ़कर 134 रुपये प्रति लीटर हो गई जबकि सूरजमुखी की कीमतें 30 प्रतिशत अधिक थीं। सोया तेल में सबसे कम 18 प्रतिशत की वृद्धि हुई और घरेलू बाजार में इसकी कीमत करीब 147 रुपये प्रति लीटर है।



# नैतिक तरीकों से अर्जित लाभ से राष्ट्र के लिए संपत्ति का सृजन: सीतारमण

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार उद्यमियों को संपत्ति सृजनकर्ता कहती है। उन्होंने कहा कि नैतिक तरीकों से उनके द्वारा अर्जित लाभ विकास लक्ष्यों को हासिल करने में मदद करते हैं।

उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद व्याख्यान के 60 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय स्मारक संगोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा, "भारत में संपत्ति सृजन कभी भी वर्जित नहीं रहा है। हमने संपत्ति सृजन को बढ़ावा दिया है। हम संपत्ति सृजन चाहते हैं। यही कारण है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत में उद्यमियों को हम संपत्ति सृजनकर्ता कहते हैं। वे चोर नहीं हैं। पंडित उपाध्याय जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक थे। यह पार्टी ही अप्रैल 1980 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के रूप में सामने आई। उन्होंने कहा, हम चाहते हैं कि वास्तविक नैतिक प्रथाओं द्वारा लाभ अर्जित किया जाए। इससे ही राष्ट्र के लिए संपत्ति का सृजन होगा। एक बार जब आपके पास संपत्ति होगी, तो आप श्रम को गरिमा देंगे, आप शिक्षा देंगे, आप कौशल देंगे, और आप राष्ट्र की गति और भावना को बढ़ावा देंगे। भारत के लिए दीनदयाल उपाध्याय के विचार को याद करते हुए, सीतारमण ने कहा कि योजना बनाते समय, हमें व्यवस्था के सबसे निचले पायदान पर मौजूद व्यक्ति को ध्यान में रखना चाहिए ताकि उसकी गरिमा को बरकरार रखते हुए उसका उत्थान किया जा सके।



# 8,450 करोड़ की तीन संपत्तियां इनविट फंड में स्थानांतरण को मंजूर

**नई दिल्ली।** देश के पहले सूचीबद्ध अवसंरचना निवेश ट्रस्ट आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर ट्रस्ट ने अपनी तीन राजमार्ग संपत्तियों को आईआरबी इनविट फंड में स्थानांतरित करने का फैसला किया है।

इन संपत्तियों का कुल उद्यम मूल्य लगभग 8,450 करोड़ रुपये के करीब है। आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स की सहायक कंपनियों के बीच शेयर खरीद समझौता शुक्रवार को हुआ। यह लेन-देन वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही तक पूरा होने की उम्मीद है।

# कोटक महिंद्रा बैंक ने पारितोश का पदोन्नयन ईडी के रूप में किया

नई दिल्ली, एजेंसी

निजी क्षेत्र के ऋणदाता बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक ने कार्यकारी निदेशक (ईडी) के पद के लिए वर्तमान में समूह अध्यक्ष, पारितोश कश्यप को पदोन्नयन देने की घोषणा की। यह फैसला, नियामकीय अनुमोदन के अधीन है। कश्यप, कोटक समूह के साथ तीन दशकों से अधिक समय से है और वर्ष 2022 से थोक बैंकिंग व्यवसाय का नेतृत्व कर रहे हैं।

उन्होंने समूह के साथ अपने लंबे करियर के दौरान व्यवस्थित वित्त, रियल एस्टेट और ऋण पूंजी बाजार सहित कई प्रमुख व्यवसायों का नेतृत्व किया है। बैंक ने कहा कि शांती एकम्बराम, उप प्रबंध निदेशक, अपने वर्तमान कार्यकाल के पूरा होने पर, 31 अक्टूबर, 2025 को अपनी भूमिका से सेवानिवृत्त होंगे। कोटक महिंद्रा बैंक ने एक बयान में कहा कि निदेशक मंडल ने कोटक समूह में एकम्बराम के योगदान की गहरी सराहना की गई। इस बदलाव पर टिप्पणी करते हुए, कोटक महिंद्रा बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ अशोक वासवानी ने कहा, शांती, कोटक की यात्रा की आधारशिला रही हैं।

### खाद्य तेलों पर आयात शुल्क में कटौती से रिफाइनरों को संरक्षण मिलेगा: उद्योग निकाय

**नई दिल्ली।** खाद्य तेल उद्योग निकाय एसईए और आईवीपीए ने कच्चे तेलों पर मूल सीमा शुल्क को घटाकर 10 प्रतिशत करने के सरकार के फैसले की सराहना करते हुए कहा है कि इस कदम से तैयार उत्पादों के आयात को हतोत्साहित किया जाएगा और घरेलू तेल परिशोधक कंपनियों (रिफाइनरों) के हितों की रक्षा होगी। इन तीनों उत्पादों पर प्रभावी आयात शुल्क (मूल सीमा शुल्क और अन्य शुल्क सहित) अब 16.5 प्रतिशत होगा, जबकि पहले यह 27.5 प्रतिशत था। पिछले छह महीनों में रिफाइंड पामोलीन के आयात में तेज वृद्धि होने के बाद, दोनों उद्योग निकाय, सरकार से कच्चे खाद्य तेलों और रिफाइंड खाद्य तेलों के बीच शुल्क अंतर को बढ़ाने का आग्रह करते आ रहे हैं। सरकार के इस निर्णय का स्वागत करते हुए सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एसईए) के अध्यक्ष संजीव अस्थाना ने कहा, शुल्क अंतर को 8.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 19.25 प्रतिशत करने का सरकार का निर्णय एक साहसिक और समय पर उठाया गया कदम है।

**आज का मुकाबला**

पंजाब किंग्स
बनाम
मुंबई इंडियंस
शाम 7:30 बजे





**औरेंज कैप**
साई सुदर्शन
(गुजरात)



**759** रन

**पर्पल कैप**
प्रसिद्ध कृष्णा
(गुजरात)



**25** विकेट

### उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 2. सूर्य कुमार यादव (मुंबई) | 673 रन |
| 3. शुभमन गिल (गुजरात) | 650 रन |
| 4. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 627 रन |
| 5. विराट कोहली (बेंगलुरु) | 614 रन |

### सर्वाधिक विकेट

| | |
|---|---|
| 2. नूर अहमद (चेन्नई) | 24 विकेट |
| 3. जोश हैजलवुड (बेंगलुरु) | 21 विकेट |
| 4. ट्रेंट बोल्ट (मुंबई) | 21 विकेट |
| 5. साई किशोर (गुजरात) | 19 विकेट |

### एक पारी में उच्चतम स्कोर

| | |
|---|---|
| 1. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 141 रन |
| 2. रिषभ पंत (लखनऊ) | 118* रन |
| 3. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 117 रन |
| 4. केएल राहुल (दिल्ली) | 112* रन |
| 5. साई सुदर्शन (गुजरात) | 108* रन |

### सर्वाधिक छक्के

| | |
|---|---|
| 1. निकोलस पूरन (लखनऊ) | 40 छक्के |
| 2. मिचेल मार्श (लखनऊ) | 37 छक्के |
| 3. सूर्यकुमार यादव (मुंबई) | 35 छक्के |
| 4. श्रेयस अय्यर (पंजाब) | 31 छक्के |
| 5. अभिषेक शर्मा (हैदराबाद) | 28 छक्के |

# आईपीएल फाइनल की दूसरी टीम का फैसला आज

## पंजाब किंग्स के सामने होगी मुंबई इंडियंस की कड़ी चुनौती



हार्दिक पंड्या

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अपने पहले खिताब की कवायद में लगी पंजाब किंग्स की टीम को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के दूसरे क्वालीफायर में रविवार को यहां पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा। श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली पंजाब किंग्स को पहले क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के हाथों करारी हार का सामना करना पड़ा। जिससे निश्चित तौर पर उसका आत्मविश्वास डिग गया होगा।


पंजाब किंग्स को अगर पहली बार चैंपियन बनना है, तो उसे इस मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। दोनों टीमों के लिए यह मैच सेमीफाइनल जैसा है। मुंबई इंडियंस ने एलिमिनेटर में खिताब की प्रबल दावेदार गुजरात टाइटंस को हराकर छठे खिताब की ओर एक और कदम बढ़ाया। इस जीत से मुंबई का निश्चित तौर पर आत्मविश्वास बढ़ा होगा।

आरसीबी और पंजाब किंग्स की तुलना में मुंबई इंडियंस की टीम नॉकआउट चरण में जीत दर्ज करने का अधिक अनुभव रखती है। उसके मुख्य कोच माहेला जयवर्धने के सामने चुनौती अपनी टीम को संगठित रखने की होगी। श्रीलंका के पूर्व कप्तान ने हालांकि अभी तक यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। पिछले सत्र में सबसे निचले पायदान पर रही मुंबई इंडियंस को प्लेऑफ में पहुंचाने में उन्होंने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), सूर्यकुमार यादव, रोहित शर्मा, तिलक वर्मा, बेवोन जैकब्स, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), कृष्णन श्रीजीत, नमन धीर, राज बावा, मिशेल सेंटनर, जसप्रीत बुमराह, अर्जुन तेंदुलकर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, कर्ण शर्मा, ट्रेंट बोल्ट, दीपक चाहर, सत्यनारायण राजू, मुजीब उर रहमान, रघु शर्मा, जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन, चैरिथ असलंका।


**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नेहल वढेरा, विष्णु विनोद (विकेटकीपर), जोश इंग्लिस, हरनूर पन्नू, पाइला अविनाश, प्रभसिमरन सिंह, शशांक सिंह, मार्कस स्टोइनिस, हरप्रीत बराड़, अजमतुल्लाह उमरजई, प्रियांश आर्य, आरोन हार्डी, मुशीर खान, सूर्यांश शेडगे, मिच ओवेन, अर्शदीप, युजवेंद्र चहल, विशाल विजयकुमार, यश ठाकुर, कुलदीप सेन, जेवियर, प्रवीण दुबे।

**मौसम का हाल :** पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस के मैच के दौरान अहमदाबाद में बारिश की संभावना न के बराबर है। तापमान 35 डिग्री सेल्सियस से लेकर 33 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रह सकता है।



अहमदाबाद में नरेंद्र मोदी स्टेडियम में अभ्यास करते पंजाब किंग्स के खिलाड़ी। ● एजेंसी

पंजाब किंग्स में कप्तान श्रेयस अय्यर और मुख्य कोच रिकी पोंटिंग की जोड़ी के लिए चुनौती यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके खिलाड़ी पिछले मैच में मिली करारी हार को भूल जाएं और अपनी ऊर्जा को उन चुनौतियों से लड़ने में लगाएं। जो विशेषकर गेंदबाजी विभाग में कुछ खिलाड़ियों के बाहर हो जाने से सामने आई हैं। इससे उसके मुख्य तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर अतिरिक्त दबाव बन रहा है। मार्को यानसन की अनुपस्थिति और आईपीएल में सर्वाधिक विकेट लेने वाले युजवेंद्र चहल की अनुपलब्धता टीम के लिए परेशानी का सबब बन गई है क्योंकि उसने इन खिलाड़ियों की जगह पर जो विकल्प आजमाए वे अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर सके।



श्रेयस अय्यर

### किंग्स के बल्लेबाजों को सुधार करना होगा

पंजाब किंग्स के बल्लेबाजों को अच्छा प्रदर्शन करना होगा। आरसीबी के खिलाफ पिछले मैच में उसके बल्लेबाज नहीं चल पाए थे। टीम प्रबंधन अब अच्छी तरह से जानता है कि किसी भी विभाग में गलती करने का बड़ा खामियाजा भुगतना होगा। जहां तक मुंबई इंडियंस का सवाल है तो अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा ने शुरू में मिले दो जीवनदान का फायदा उठाकर गुजरात टाइटंस के खिलाफ बड़ी पारी खेली।

### रोहित लौटे लय में, अंकुश लगाना आसान नहीं

रोहित फिर से लय में लौट आए हैं और पंजाब किंग्स के गेंदबाजों के लिए उन पर अंकुश लगाना आसान नहीं होगा। अगर समग्र तौर पर देखा जाए तो मुंबई इंडियंस की टीम में कोई कमी नजर नहीं आ रही है क्योंकि उसने खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। फाइनल में पहुंचने के लिए उसकी टीम काफी हद तक रोहित, जसप्रीत बुमराह, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा और कप्तान हार्दिक पंड्या पर निर्भर रहेगी।

## काउंटी क्रिकेट ने मुझे 'बेसिक्स' की याद दिलाई: सुदर्शन

**मुल्लांपुर, एजेंसी**

भारत के उदीयमान बल्लेबाज साई सुदर्शन को काउंटी क्रिकेट में कुछ मैच खेलने के बाद यकीन हो गया कि बल्लेबाजी में 'बेसिक्स' (बुनियादी चीजों पर ध्यान देना) सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है। इससे इंग्लैंड के अपने पहले टेस्ट दौरे से पहले उन्हें काफी आत्मविश्वास मिला है।

सुदर्शन ने आईपीएल में शानदार बल्लेबाजी करते हुए गुजरात टाइटंस के लिए 54.21 की औसत से 759 रन बनाए। उनकी टीम के शुक्रवार की रात को एलिमिनेटर में मुंबई इंडियंस से हारने के बाद उनका ध्यान लाल गेंद की क्रिकेट पर केंद्रित हो गया है। पिछले कुछ सत्र

● आईपीएल में 54.21 की औसत से सर्वाधिक 759 रन बनाए हैं साई ने



में सरे के लिए खेलने वाले बाएं हाथ के इस बल्लेबाज के छह जून से नॉर्थम्पटन में भारत ए और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे मैच में खेलने की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें यकीन नहीं है कि ऐसा संभव है। टेस्ट टीम छह जून को इंग्लैंड के लिए रवाना होगी।

सुदर्शन ने कहा मैंने काउंटी क्रिकेट में सात मैच खेले हैं, इसलिए ईमानदारी से कहूं तो इससे मुझे बहुत अच्छा अनुभव हासिल हुआ। इससे मेरी बल्लेबाजी में तकनीक और बुनियादी बातों के मामले में कई गुना सुधार हुआ। इससे मुझे पता चला कि बल्लेबाजी में 'बेसिक्स' सबसे महत्वपूर्ण चीज हैं। उन्होंने पीटीआई के सवाल के जवाब में कहा इसलिए, मुझे लगता है कि इससे मुझे मदद मिलेगी और मैंने जो सीखा है उस पर अधिक ध्यान दूंगा। में सीरीज से पहले खुद को जागरूक करने और जागरूकता पैदा करने पर ध्यान दूंगा। सुदर्शन ने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से सीमित ओवरों की क्रिकेट में खेल रहे हैं और सफेद गेंद से खेलने की आदत तुरंत छोड़ना मुश्किल होगा लेकिन पहला टेस्ट मैच 20 जून से शुरू होगा और उनके पास लंबी अवधि के प्रारूप में खेलने के लिए सामंजस्य बिठाने के लिए पर्याप्त समय है।

उन्होंने कहा निश्चित रूप से, सफेद गेंद के टूर्नामेंट के तीन महीने के लंबे समय के बाद आपकी बल्लेबाजी में कुछ चीजें बदल गई होंगी। मुझे लगता है कि 'बेसिक्स' पर अधिक ध्यान केंद्रित करने और उन्हें लाल गेंद के क्रिकेट में लागू करने में कुछ समय लगेगा, लेकिन सीरीज शुरू होने से पहले तैयारी करने के लिए हमारे पास कुछ अच्छा समय होगा। सुदर्शन से पूछा गया कि क्या आईपीएल में शानदार प्रदर्शन के बाद उन्हें भारत की टी20 टीम में चुने जाने की उम्मीद है, उन्होंने कहा देश के लिए खेलना हर किसी का सपना होता है।

### भारत की युवा टीम इंग्लैंड में कुछ खास हासिल करने में सक्षम : डिविलियर्स

**मुंबई :** दक्षिण अफ्रीका के धाकड़ बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने शनिवार को यहां कहा कि भारत के युवा खिलाड़ियों में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में कुछ खास हासिल करने की क्षमता है, बशर्ते वे खुद पर भरोसा रखें। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि नई पीढ़ी आगे आए। 25 वर्षीय शुभमन गिल की अगुवाई में भारत अगले महीने इंग्लैंड के पांच टेस्ट मैचों के दौरे के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का नया चक्र शुरू करेगा। भारत को रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ियों की सेवाएं नहीं मिलेगी। इन दोनों ने हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। भारत को ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन की भी कमी खलेगी, जिन्होंने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान संन्यास ले लिया था। इसके अलावा तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की भी कमी खलेगी, जो टेस्ट क्रिकेट में खेलने के लिए पूरी तरह से फिट नहीं हैं। डिविलियर्स ने यहां एनजीओ प्रोजेक्ट मुंबई कार्यक्रम के इतर पत्रकारों से कहा हां, अब समय आ गया है कि युवा खिलाड़ी आगे आएं। शुभमन गिल जिम्मेदारी लें। उन्होंने कहा भारत में बहुत प्रतिभा है और इसका श्रेय काफी हद तक आईपीएल को जाता है, क्योंकि यह बहुत कम उम्र में ही कुछ युवाओं को अच्छा प्रदर्शन का मौका दे रहा है। यह भारतीय क्रिकेट के लिए एक बेहतरीन मंच है।



### वर्षों से बनी जीत की संस्कृति बड़े मैचों में मदद करती है: माहेला

**मुल्लापुर :** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच माहेला जयवर्धने का मानना है कि उनकी टीम ने अपने मुख्य खिलाड़ियों के साथ वर्षों से जो जीत की संस्कृति बनाई है, उससे उन्हें दबाव की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने में मदद मिलती है। पांच बार की चैंपियन मुंबई की टीम ने शुक्रवार को यहां आईपीएल के एलिमिनेटर में गुजरात टाइटंस को हराकर दूसरे क्वालीफायर में प्रवेश किया जहां उसका सामना रविवार को पंजाब किंग्स से होगा। जयवर्धने ने बड़े मैचों में टीम के अच्छे प्रदर्शन के संदर्भ में कहा कि जीत की संस्कृति बनाए रखने से उन्हें काफी मदद मिलती है। जयवर्धने ने रोहित शर्मा, सूर्यकुमार, हार्दिक पंड्या और जसप्रीत बुमराह सहित टीम के मुख्य खिलाड़ियों का जिक्र करते हुए कहा इसलिए, हमारी बातचीत, रणनीति और सब कुछ इस बारे में है कि हम कैसे बेहतर हो सकते हैं, हम कैसे आगे बढ़ सकते हैं। ये खिलाड़ी वर्षों से टीम के विजयी अभियान का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सीनियर खिलाड़ी जीत के बारे में सब कुछ जानते हैं।

## अल्काराज और होल्गर रूण फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

**पेरिस, एजेंसी :** गत चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने चार सेट तक चले संघर्ष पूर्ण मुकाबले में जीत दर्ज करके होल्गर रूण के साथ फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के चौथे दौर में प्रवेश किया।

अल्काराज ने रात के सत्र में खेले गए मैच में बोस्निया के 33 वर्षीय खिलाड़ी दामिर दजुमुर को 6-1, 6-3, 4-6, 6-4 से हराया। यह पहला अवसर था जबकि स्पेन के दूसरी वरीयता प्राप्त अल्काराज बोस्निया के खिलाड़ी के खिलाफ खेल रहे थे। उन्होंने स्वीकार किया कि इस मैच में जीत हासिल करना आसान नहीं था। अल्काराज ने कहा आज मुझे काफी परेशानी हुई। पहले दो सेट में मैंने नियंत्रण बनाए रखा था लेकिन इसके बाद उसने आक्रामक होकर खेलना शुरू कर दिया। यह मेरे लिए वास्तव में मुश्किल था। चौथे दौर में उनका सामना बेन शेल्टन से होगा। इस बीच डेनमार्क के 10वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी रूण ने फ्रांस के क्वेंटिन हेलिस को पांच सेट तक चले मैच में 4-6, 6-2, 5-7, 7-5, 6-2 से हराकर चौथे दौर में जगह बनाई। रूण ने इस दौरान एक दर्शक को बाहर करने की अपील भी की जो लगातार उन पर चिल्ला रहा था। चौथे दौर में उनका मुकाबला इटली के आठवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेट्टी से होगा।



बोस्निया के दामिर दजुमुर को हराने के बाद जश्न मनाते स्पेन के कार्लोस अल्काराज़।

### खेल डायरी

### जय शाह ने म्यूनिख में यूईएफए अध्यक्ष सेफरिन से मुलाकात की



**नई दिल्ली :** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह ने इंटर मिलान और पेरिस सेंट जर्मेन के बीच एलियांज एरिना में खेले जाने वाले चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन से मुलाकात की। बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह ने शुक्रवार को सेफरिन से मुलाकात की। शाह ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट किया चैंपियंस लीग फाइनल से पहले म्यूनिख में क्रिकेट का प्रतिनिधित्व करने और यूईएफए के अध्यक्ष अलेक्जेंडर सेफरिन के साथ चर्चा करने का सम्मान मिला। हमारे खेल को विश्व स्तर पर पहुंचाने के लिए अन्य खेलों के प्रमुखों से मुलाकात करना हमेशा महत्वपूर्ण होता है। शाह ने इस वर्ष की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के पूर्व अध्यक्ष थॉमस बाक से मुलाकात की थी। लॉस एंजिलिस में 2028 होने वाले ओलंपिक खेलों में क्रिकेट की वापसी होगी।

### ललित ने आईबीबीएफ विश्व चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण जीते

**अहमदाबाद :** गुजरात के ललित पटेल ने थाईलैंड के पटाया में आयोजित आईबीबीएफ विश्व पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप में तीन स्वर्ण पदक जीते। मास्टर टू श्रेणी (83-93 किग्रा) में चुनौती पेश करने वाले पटेल ने 10 से 12 मई के बीच आयोजित प्रतियोगिता में बेंच प्रेस डेडलिफ्ट और 'स्क्वाट' स्पर्धाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया।

### सात्विक-चिराग का सफर सिंगापुर ओपन में खत्म

**सिंगापुर :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय जोड़ी का सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार सफर पुरुष युगल के सेमीफाइनल में शनिवार को यहां मलेशिया के आरोन चिया और सोह वूई यिक के खिलाफ हार के साथ खत्म हो गया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी पहले गेम की बढ़त को भुनाने में नाकाम रही और 64 मिनट तक चले मुकाबले को 21-19, 10-21, 18-21 से गंवा बैठी।

## नायर के दोहरे शतक से भारत ए के 557 रन, चाय तक लायंस के एक विकेट पर 75 रन

**कैंटरबरी (इंग्लैंड) :** करुण नायर के शानदार दोहरे शतक से भारत ए ने शनिवार को यहां चार दिवसीय अनधिकृत टेस्ट के दूसरे दिन पहली पारी में 557 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया जिसके बाद इंग्लैंड लायंस ने चाय तक एक विकेट गंवाकर 75 रन बना लिए। सलामी बल्लेबाज बेन मैकिनी (16) के जल्दी आउट होने के बाद एमिलियो गे 28 रन और टॉम हेन्स 25 रन बनाकर क्रीज पर थे। लायंस अभी 482 रन से पीछे हैं।

अंशुल कंबोज ने मैकिनी का विकेट झटका और अपनी सटीक और स्विंग गेंदबाजी से प्रभावित किया। इससे पहले नायर के दोहरे शतक से भारत ए ने इंग्लैंड लायंस पर दबदबा बनाया जिन्होंने 281 गेंद का सामना करते हुए 26 चौके और एक छक्का जड़कर 204 रन बनाए। भारत ए की टीम सुबह तीन विकेट पर 409 रन से खेलने उतरी। नायर ने 186 रन से आगे खेलना शुरू किया और तेज गेंदबाज एडी जैक की गेंद पर कवर के ऊपर से चौका लगाकर 272 गेंद में 200 रन पूरे किए। भारत ए ने ध्रुव जुरेल (94) और नीतिश कुमार रेड्डी (07) के रूप में दो विकेट जल्दी गंवा दिए थे। नायर और जुरेल ने चौथे विकेट के लिए 195 रन जोड़े।

## भारत 24 पदक के साथ एशियाई एथलेटिक्स में दूसरे स्थान पर

**गुमी (दक्षिण कोरिया), एजेंसी**

भारत ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में एक नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड, कई व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन और अंतिम दिन छह पदकों के साथ कुल 24 पदकों के साथ अपना अभियान खत्म किया।

भारतीय खिलाड़ी प्रतियोगिता के आखिरी दिन शनिवार को स्वर्ण पदक जीतने में नाकाम रहे लेकिन उन्होंने शानदार प्रदर्शन से तीन रजत और इतने ही कांस्य पदक हासिल किए। पारुल चौधरी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दूसरा रजत पदक जीता और भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव भी दूसरे स्थान पर रहे जबकि धावक अनिमेष कुजूर ने राष्ट्रीय रिकार्ड तोड़ते हुए कांस्य पदक जीता। विथ्या रामराज और पूजा ने भी अपनी-अपनी स्पर्धाओं में कांस्य पदक जीते। अभिनया राजराजन, स्नेहा एसएस, श्राबनी नंदा और नित्या गंधे की चौकड़ी ने महिलाओं की चार गुणा 400 मीटर रिले में सत्र के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 43.86 सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया जो इस प्रतियोगिता में भारत का आखिरी पदक रहा। भारत का अभियान इस तरह आठ स्वर्ण, 10 रजत और छह कांस्य पदकों के साथ खत्म हुआ। भारतीय दल पिछले सत्र में 27 पदक जीते थे। भारत के कुल पदकों की संख्या पिछली बार से तीन कम है लेकिन भारतीय खिलाड़ियों ने इस बार दो स्वर्ण पदक अधिक जीते हैं। भारत पदक तालिका में चीन के बाद दूसरे स्थान पर रहा। चीन ने 19 स्वर्ण, नौ रजत और चार कांस्य पदक के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत का यह 2017 में भुवनेश्वर में हुए इन खेलों के बाद सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। भुवनेश्वर में भारत 29 पदक (10 स्वर्ण, छह रजत और 13 कांस्य) के साथ तालिका में शीर्ष पर था। जापान पांच स्वर्ण, 11 रजत और 12 कांस्य पदक के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर रहा। पारुल महिलाओं की 5000 मीटर दौड़ में 15 मिनट 15.33 सेकंड (15:15.33 सेकंड) का समय लेकर दूसरे स्थान पर रहीं। उन्होंने इससे पहले 3000 मीटर मीटर स्टीपलचेज में भी रजत पदक जीता था।




● सचिन, पारुल और महिला रिले टीम ने रजत पदक जीता



सचिन यादव। ● एजेंसी

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा की अनुपस्थिति में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में दोनों भारतीय खिलाड़ियों ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रयास किए। उभरते सितारे 25 वर्षीय यादव ने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 85.16 मीटर तक भाला फेंका। वह मौजूदा ओलंपिक चैंपियन अरशद नदीम से पीछे रहे, जिन्होंने 86.40 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। सचिन यहा विश्व चैंपियनशिप के क्वालीफिकेशन मार्क 85.50 मीटर को मामूली अंतर से चूक गये। उन्होंने अपने टखने और कंधे की चोट का जिक्र करते हुए कहा कि वह अपने प्रदर्शन से संतुष्ठ नहीं है। उत्तर प्रदेश में बागपत के निकट खेकड़ा गांव के एक किसान परिवार में जन्में यादव का इससे पहले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 84.39 मीटर था। इस स्पर्धा में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी यशवीर सिंह ने भी प्रभावित किया तथा 82.57 मीटर का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया। कुजूर ने प्रतियोगिता के अंतिम दिन पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.32 सेकंड का नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए कांस्य जीता।

## जान बचाने की जद्दोजहद



मणिपुर के इंफाल ईस्ट जिले में मूसलधार बारिश के बाद जलजमाव की स्थिति बन गई है। इस दौरान पानी से घिरे इलाकों में फंसे लोगों की मदद के लिए रस्सी के सहारे कमर तक भरे कीचड़युक्त पानी में बचावकर्मी संघर्ष कर रहे। मणिपुर में लगातार हो रही बारिश के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, जबकि राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है। बारिश के कारण ऊपरी इलाके लोग घरों में कैद हो गए है और नीचले क्षेत्र में पानी भर जाने से तबाही सा मंजर बना हुआ है। एजेंसी

# भारतीय रुपया विदेश में कितना ताकतवर

रुपया (आईएनआर) भारत की आधिकारिक मुद्रा है, लेकिन इसकी स्वीकार्यता सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। भारत के कुछ पड़ोसी देशों और अन्य देशों में भी यह मुद्रा या तो अनौपचारिक रूप से उपयोग की जाती है या कानूनी मान्यता प्राप्त है। भारत का आर्थिक प्रभाव, पर्यटकों की संख्या, और पड़ोसी देशों के साथ ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंध इसके प्रमुख कारण हैं। कुछ देशों में भारतीय मुद्रा को सीमित सीमा तक स्थानीय दुकानों या बाजारों में स्वीकार किया जाता है, जबकि जिंबाब्वे जैसे देश में इसे कानूनी मुद्रा के रूप में मान्यता प्राप्त है। हालांकि, विदेश यात्रा करते समय भारतीय रुपये की सीमित मात्रा ले जाने की अनुमति होती है, और हर देश की अपनी विनिमय नीतिया होती हैं।

### रुपया कहां-कहां मान्य

**भारतीय रुपया मुख्यत:** भारत की मुद्रा है, लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कुछ देशों में यह मुद्रा स्वीकार की जाती है। इन देशों में इसका उपयोग दो श्रेणियों में होता है- अनौपचारिक रूप से स्वीकार किया गया और कानूनी रूप से मान्यता प्राप्त।

### अनौपचारिक रूप से स्वीकार करने वाले देश

**नेपाल में रुपया की मान्यता :** भारत और नेपाल के बीच सामाजिक संबंध हैं। भारतीयों की संख्या अधिक होने से 100 रुपये तक के नोट स्वीकार हैं।

**भूटान में रुपये की उपयोगिता :** भूटान की मुद्रा नगुलत्रुम भारतीय रुपये के बराबर है। भारत और भूटान के बीच आर्थिक साझेदारी से 100 रुपये तक के नोट उपयोग हैं। भूटान में रुपया पर्यटन और व्यापार में सहायक है।

**बांग्लादेश में रुपये का सीमित प्रयोग :** भारत से सटे बांग्लादेशी सीमावर्ती इलाकों में व्यापार और चिकित्सा कारणों से भारतीय मुद्रा का अनौपचारिक प्रयोग होता है। स्थानीय दुकानों में 50 और 100 रुपये के नोटों को स्वीकार किया जा सकता है।



### मालदीव में पर्यटक करते हैं उपयोग

मालदीव में भारतीय पर्यटकों की संख्या बहुत अधिक है। होटल, रिसॉर्ट और कुछ स्थानीय दुकानों में भारतीय रुपया स्वीकार किया जाता है, लेकिन यह पूरी तरह कानूनी नहीं है। विदेशी मुद्रा में भुगतान को प्राथमिकता दी जाती है।

### इन बातों का रखें ध्यान

संबंधित देश की मुद्रा नीति की जानकारी लें।

आईबीआई की वेबसाइट या वित्तीय सलाहकार से मार्गदर्शन लें।

कुछ देशों में केवल छोटे मूल्य के नोट ही मान्य होते हैं।

मुद्रा विनिमय दरों की जांच करें।

### कितनी राशि ले जाने की अनुमति

भारतीय रिजर्व बैंक के नियमों के अनुसार, नेपाल और भूटान को छोड़कर आप विदेश यात्रा में अधिकतम 25,000 रुपये ही साथ ले जा सकते हैं। इससे अधिक राशि ले जाना अवैध माना जाता है। वहीं नेपाल में अब 4.25 लाख रुपये लेकर भारतीय पर्यटक जा सकते हैं। नेपाल सरकार ने अपने आर्थिक बजट में इसे शामिल किया है। नेपाल के अर्थ मंत्री विष्णु प्रसाद पौडेल ने यह प्रावधान रखा, जिसमें अब भारतीय पर्यटक 4.25 लाख नकद लेकर नेपाल में प्रवेश कर सकेंगे।

### रुपया यहां कानूनी मुद्रा

जिंबाब्वे में 2009 से अपनी अस्थिर मुद्रा के स्थान पर कई विदेशी मुद्राओं को कानूनी दर्जा दिया गया। अमेरिकी डॉलर, दक्षिण अफ्रीकी रैंड के साथ भारतीय रुपया भी कानूनी रूप से मान्य है। इसका उपयोग व्यापार और रोजमर्रा की खरीदारी में होता है।

## एक नजर

### सेना प्रमुख ने सीमा पर की तैयारियों की समीक्षा

**जम्मू।** सेना प्रमुख (सीओएएस) जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शनिवार को जम्मू के परगवाल सेक्टर के दौरे के दौरान परिचालन तैयारियों की समीक्षा की और ऑपरेशन सिंदूर में पूर्व सैनिकों की भूमिका की सराहना की। जम्मू स्थित रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल सुनील बर्तवाल ने कहा, सीओएएस जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने जम्मू-कश्मीर के परगवाल सेक्टर में परिचालन तैयारियों की समीक्षा की और टाइगर डिवीजन का दौरा किया, जहां उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सैनिकों की सराहना की। उन्होंने उभरती सुरक्षा गतिशीलता के जवाब में चुस्त और सतर्क रहने के महत्व पर जोर दिया।

### मणिपुर में नौ उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** सुरक्षाबलों ने मणिपुर में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के तीन, पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के तीन काडर और प्रतिबंधित कंगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (केसीपी) के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया।

### इंडोनेशिया में खदान ढहने से अब तक 14 की मौत

**सिरेबोन (इंडोनेशिया)।** इंडोनेशिया के पश्चिमी जावा प्रांत में शुक्रवार को खदान के धंस जाने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। सिरेबोन जिले में गुनुंग कुडा खदान ढहने से दो दर्जन से अधिक लोग मलबे में फंस गए थे। शुरुआत में बचावकर्मियों ने तलाश अभियान के दौरान मलबे से एक दर्जन घायल लोगों और 10 शवों को निकाला था। राष्ट्रीय खोज एवं बचाव एजेंसी ने बताया कि शुक्रवार देर रात को तीन और शव बरामद किए गए तथा एक अन्य कर्मचारी की अस्पताल में मौत हो गई जिससे मरने वालों की संख्या 14 हो गई।

### बलूच हमले में पाकिस्तानी अधिकारी की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र बलूचिस्तान प्रांत में बलूच चरमपंथियों के हमले में पाकिस्तान सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) के चरमपंथियों ने शुक्रवार देर रात खुजदार जिले के सोराब शहर पर हमला कर उस पर कुछ समय के लिए कब्जा कर लिया और कई संपत्तियों को आग के हवाले किया तथा एक बैंक को लूट लिया।

# चीन के आसन्न खतरे के खिलाफ हिंद प्रशांत सहयोगियों के साथ अमेरिका

## अमेरिकी रक्षा मंत्री ने कहा- चीन के बढ़ते दबाव को झेल रहे देशों को अकेला नहीं छोड़ेंगे

- पीट हेगसेथ बोले- अमेरिका के सहयोगी देशों को भी बढ़ाना चाहिए अपना रक्षा खर्च
- अमेरिका सुरक्षा व्यवस्था करेगा मजबूत ताकि ताइवान के प्रति चीन के रुख का कर सके मुकाबला

सिंगापुर, एजेंसी

अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिकी सहयोगियों से शनिवार को कहा कि उनका देश चीन की ओर से बढ़ते सैन्य और आर्थिक दबाव का सामना करने के लिए उन्हें अकेला नहीं छोड़ेगा, लेकिन इन देशों को भी अपना रक्षा खर्च बढ़ाना चाहिए।

हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका देश के बाहर अपनी सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करेगा ताकि वह चीन की ओर से तेजी से बढ़ रहे खतरों, विशेष रूप से ताइवान के प्रति उसके आक्रामक रुख का मुकाबला कर सके। चीन ने यह परीक्षण करने के लिए कई (सैन्य) अभ्यास किए हैं कि स्वशासित द्वीप ताइवान की नाकाबंदी कैसी की जा सकती है। चीन ताइवान पर अपना दावा करता है और अमेरिका ने इसकी रक्षा करने का संकल्प जताया है।

सिंगापुर में आयोजित सुरक्षा सम्मेलन में अमेरिकी रक्षा मंत्री हेगसेथ ने कहा कि चीन की सेना किसी बड़ी घटना की तैयारी के लिए अभ्यास कर रही है। हम चिकनी चुपड़ी बात नहीं करेंगे। चीन द्वारा उत्पन्न खतरा वास्तविक है और यह निकट भविष्य में सामने आ सकता है।




### वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन 'शांगरी-ला वार्ता' में हेगसेथ ने रखे विचार

हेगसेथ ने 'इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर सिक्योरिटी स्टडीज' की ओर से आयोजित वैश्विक सुरक्षा सम्मेलन 'शांगरी-ला वार्ता' में कहा कि चीन अब ताइवान पर कब्जा करने के लिए न केवल अपने सैन्य बलों को मजबूत कर रहा है बल्कि वह ''इसके लिए हर दिन सक्रिय रूप से प्रशिक्षण आयोजित भी कर रहा है।'' हेगसेथ ने लैटिन अमेरिका में चीन की महत्वाकांक्षाओं, विशेषकर पनामा नहर पर प्रभाव बढ़ाने के उसके प्रयासों की भी आलोचना की। उन्होंने क्षेत्र के देशों से आग्रह किया कि वे रक्षा व्यय को अपने सकल घरेलू उत्पाद के पांच प्रतिशत के बराबर स्तर तक बढ़ाएं।

### सभी को देना होगा योगदान, अमेरिका अकेले आगे बढ़ने की रूचि नहीं रखाता

हेगसेथ ने कहा कि हम सभी को अपना योगदान देना होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन ने कुछ महीने पहले पैट्रियट मिसाइल रक्षा बटालियन को पश्चिम एशिया में भेजने के लिए इसे हिंद-प्रशांत क्षेत्र से हटा दिया। हेगसेथ ने गया कि अगर हिंद-प्रशांत अमेरिका के लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र है तो अमेरिका ने उन संसाधनों को वहां से क्यों हटाया। हेगसेथ ने इसका कोई सीधा जवाब नहीं दिया लेकिन कहा कि यमन से किए गए हूती मिसाइल हमलों से बचाव और अमेरिका में अवैध आव्रजन के खिलाफ सुरक्षा को मजबूत करने के लिए संसाधनों का स्थानांतरण आवश्यक था। उन्होंने अमेरिकी सहयोगियों और साझेदारों द्वारा अपने रक्षा खर्च और तैयारियों को बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि अमेरिका अकेले आगे बढ़ने में रुचि नहीं रखता।

# कोलंबिया ने बयान लिया वापस भारतीय नीति का किया समर्थन

- ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में हुई क्षति पर व्यक्त की थी संवेदना

बोगोटा, एजेंसी

कोलंबिया ने पहलगाम हमले के जवाब में भारत के सैन्य हमलों के बाद हुए जान-माल के नुकसान को लेकर पाकिस्तान के प्रति संवेदना व्यक्त करने वाला अपना बयान वापस ले लिया है। भारत के प्रतिनिधिमंडल ने पाकिस्तान के आतंकवाद को समर्थन देने की बात कोलंबिया के सामने रखी जिसके बाद कोलंबिया ने अपना बयान वापस ले लिया।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे शशि थरूर ने कोलंबिया की उप विदेश मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेंशियो से मुलाकात के बाद बोगोटा द्वारा विवादास्पद बयान वापस लेने की पुष्टि की। थरूर सीमा पार आतंकवादी गतिविधियों को पाकिस्तान के समर्थन और आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने के भारत के दृष्टिकोण से अवगत कराने के लिए कोलंबिया की यात्रा पर गए हैं। कोलंबिया से प्रतिनिधिमंडल ब्राजील जाएगा। यह पांच देशों की अपनी यात्रा के अंतिम चरण में अमेरिका जाएगा।



बोगोटा में कोलंबिया की विदेश उप मंत्री रोजा योलांडा विलाविसेन्सियो के साथ शशि थरूर और प्रतिनिधिमंडल के सदस्य।

### आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ इथोपिया

**अदीस अबाबा।** इथोपिया की राजधानी अदीस अबाबा गए प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को उप प्रधानमंत्री अदेम फराह से मुलाकात की। फराह ने आतंकवाद से निपटने में भारत के साथ मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। राकंपा (एसपी) की सांसद सुप्रिया सुले का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को अदीस अबाबा पहुंचा था। इथोपिया में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर लिखा, इथोपिया में प्रतिनिधिमंडल ने प्रॉस्पेरिटी पार्टी के उपाध्यक्ष और उप प्रधानमंत्री अदेम फराह से मुलाकात की।

### लातविया ने आतंकवाद के प्रति विरोध जताया

**रीगा।** लातविया पहुंचे भारतीय दल ने विदेश मंत्री एंडजेज विलम्सन से मुलाकात की। विलम्सन ने आतंकवाद के सभी प्रकारों के प्रति लातविया के स्पष्ट विरोध को दोहराया और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति व स्थिरता के लिए भारत की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। सांसद कनिमोई करुणानिधि के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल भारत के कूटनीतिक संपर्क के हिस्से के रूप में लातविया की राजधानी का दौरा कर रहा है। रीगा में भारतीय दूतावास ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, "सीमा पार आतंकवाद के प्रति किसी प्रकार की कोई नरमी नहीं बरतने पर भारत के एकजुट रुख को पेश करते हुए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने विदेश मंत्री एंडजेज विलम्सन और राजदूत एंड्रेज पिल्डेगोविक्स से मुलाकात की।

# परमाणु के लिए यूरेनियम के भंडार में वृद्धि कर रहा ईरान

- आईएईए ने ईरान से अपने रुख में बदलाव और एजेंसी की जांच का अनुपालन करने को कहा

वियना, एजेंसी

अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) ने शनिवार को एक गोपनीय रिपोर्ट में खुलासा किया कि ईरान ने अपने यूरेनियम संवर्द्धन भंडार को हथियार स्तर तक बढ़ा दिया है। आईएईए ने ईरान से तत्काल अपने रुख में बदलाव करने और एजेंसी की जांच का अनुपालन करने को कहा गया है।

आईएईए की यह रिपोर्ट ऐसे समय सामने आई है, जब ईरान और अमेरिका संभावित परमाणु समझौते को लेकर कई दौर की वार्ता कर चुके हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप इस मामले में किसी समझौते पर पहुंचने का प्रयास कर रहे हैं। वियना स्थित आईएईए की इस रिपोर्ट का एसोसिएटेड प्रेस ने अवलोकन किया है। 17 मई तक ईरान के पास 60 प्रतिशत तक संवर्धित यूरेनियम 408.6 किलोग्राम था, जो फरवरी की पिछली रिपोर्ट से 133.8 किलोग्राम अधिक है। यह हथियार बनाने के लिए जरूरी 90 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम से एक कदम पीछे है। फरवरी में एक रिपोर्ट में बताया गया था कि ईरान के पास 60 प्रतिशत संवर्धित यूरेनियम का भंडार 274.8 किलोग्राम है।

## रूसी हमले में एक बच्ची की मौत, एक व्यक्ति घायल

**कीव।** यूक्रेन के अग्रिम क्षेत्र में रूसी मिसाइल हमले में एक बच्चे की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। यूक्रेनी वायु सेना ने बताया कि रूसी सैनिकों ने शनिवार यूक्रेन में 109 ड्रोन और पांच मिसाइलें दागीं। वायु रक्षा प्रणाली ने तीन मिसाइलों और 42 ड्रोन को नष्ट किया जबकि 30 अन्य ड्रोन बिना नुकसान पहुंचाए अपने लक्ष्य तक पहुंचने में विफल रहे।

जापोरिज्जिया के गवर्नर इवान फेडोरोव ने बताया कि जापोरिज्जिया क्षेत्र के डोलिंका में अग्रिम पंक्ति के एर गांव पर हमले में नौ वर्षीय एक बच्ची की मौत हो गई और 16 वर्षीय एक नाबालिग घायल हुआ है। फेडोरोव ने टेलीग्राम पर लिखा, एक घर नष्ट हो गया। विस्फोट से उत्पन्न कंपन ने कई अन्य घरों, कारों और बाहरी इमारतों को भी नुकसान पहुंचाया। मॉस्को ने हालिया हमले पर कोई टिप्पणी नहीं की। स्थानीय कार्यवाहक गवर्नर अलेक्जेंडर खिनशटेन ने बताया कि शनिवार को रूस के रिल्स्क शहर और पश्चिमी कुर्स्क क्षेत्र के आर्टाकोवो गांव में इमारतों पर यूक्रेनी ड्रोन से किये गये हमले में 14 लोग घायल हो गए।

# हार्वर्ड आने वाले आवेदकों की जांच करेगा अमेरिका

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी संघीय अधिकारी हार्वर्ड विवि में पढ़ने, काम करने या वहां जाने की योजना बनाने वाले वीजा आवेदकों के सोशल मीडिया खातों की जांच करेंगे ताकि यह पता लगाया जा सके कि कहीं उनका रुख यहूदी विरोधी तो नहीं है।

शुक्रवार को भेजे गए विदेश मंत्री मार्को रुबियो द्वारा हस्ताक्षरित संदेश में विश्वविद्यालय पर हिंसा और परिसर में यहूदी विरोधी गतिविधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम रहने का आरोप लगाया गया है। यह पत्र 'एसोसिएटेड प्रेस' के पास उपलब्ध है। इसमें कहा गया है कि इस कदम से वाणिज्य दूतावास अधिकारियों को उन आवेदनों की पहचान करने में मदद मिलेगी जिनका रिकॉर्ड संबंधित अपराधों में संलिप्त होने का रहा हो और अमेरिकी आव्रजन कानून के तहत उनकी वीजा पात्रता पर उचित विचार किया जा सकेगा। यह जांच तुरंत प्रभाव से लागू हो गई है और अमेरिकी दूतावासों एवं वाणिज्य दूतावासों को पत्र भेज दिया गया है।



गोपनीय पत्र के अनुसार, इसे प्रायोगिक व्यवस्था के रूप में लागू किया जाएगा जिसे और अधिक व्यापक रूप से विस्तारित किया जा सकता है। इस पर हार्वर्ड की प्रतिक्रिया के लिए ईमेल किया गया लेकिन फिलहाल कोई जवाब नहीं आया है।

### कर्मियों को नौकरी से निकालने के ट्रंप के आदेश पर रोक कायम

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका की अपीलीय अदालत ने कैलिफोर्निया के न्यायाधीश के उस आदेश पर रोक लगाने से शुक्रवार को मना कर दिया, जिसमें संघीय कार्यबल में कटौती के राष्ट्रपति ट्रंप के नेतृत्व वाले प्रशासन के आदेश पर रोक लगी थी। इसका मलतब है कि सरकार दक्षता विभाग (डीओजीई) की सिफारिश वाली श्रमबल कटौती फिलहाल स्थगित रहेगी। रिपब्लिकन प्रशासन ने सैन फ्रांसिस्को और शिकागो सहित कई शहरों एवं श्रमिक संघों द्वारा दायर मुकदमे में सैन फ्रांसिस्को के न्यायाधीश सुसान इलस्टन द्वारा जारी आदेश पर तुरंत रोक लगाने का अनुरोध किया था। न्यायाधीश ने अपने आदेश में सवाल उठाया कि क्या ट्रंप प्रशासन द्वारा संघीय कर्मचारियों को नौकरी से निकालने का प्रयास वैधानिक रूप से सही है।

# भारत-पाकिस्तान में संभावित परमाणु युद्ध को व्यापार के जरिए रोकना गर्व की बात

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि जिस 'सौदे' पर उन्हें सबसे अधिक गर्व है, वह यह है कि वह भारत और पाकिस्तान के बीच संभावित परमाणु युद्ध को गोलियों के बजाय व्यापार से रोकने में सफल रहे। ट्रंप ने कई बार दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान से कहा कि अगर वे संघर्ष नहीं रोकेंगे तो अमेरिका दोनों देशों के साथ व्यापार बंद कर देगा।

भारत ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ सैन्य संघर्ष के दौरान भारतीय और अमेरिकी नेताओं में व्यापार पर कोई चर्चा नहीं हुई। भारत ने अमेरिका के इस दावे को खारिज किया कि व्यापार संबंधी उसके प्रस्ताव से संघर्ष रोकने पर सहमति बनी। ट्रंप ने शुक्रवार को कहा कि मुझे लगता है कि जिस सौदे पर मुझे सबसे अधिक गर्व है, वह यह है कि हम भारत के साथ काम कर रहे हैं, हम पाकिस्तान के साथ काम कर रहे हैं और हम गोलियों के बजाय व्यापार के माध्यम से संभावित परमाणु युद्ध को रोकने में सफल रहे।



- भारत ने अमेरिकी राष्ट्रपति के दावे को किया है खारिज

ट्रंप ने कहा कि आमतौर पर वे गोलियों के माध्यम से ऐसा करते हैं। हम व्यापार के माध्यम से ऐसा करते हैं, इसलिए मुझे इस पर बहुत गर्व है। कोई भी इसके बारे में बात नहीं करता है, लेकिन पाकिस्तान और भारत के बीच एक बहुत ही भयानक संभावित युद्ध हो रहा था। अब यदि आप देखें तो वे सही दिशा में काम कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, यह बहुत बुरा होता जा रहा था। यह बहुत खराब होता जा रहा था। वे दोनों परमाणु शक्ति संपन्न देश हैं। पाकिस्तानी प्रतिनिधि अगले सप्ताह अमेरिका आ रहे हैं। ट्रंप ने 'एयर फोर्स वन' से निकलने के बाद 'जॉइंट बेस एंड्रयूज' में कहा, जैसा कि आप जानते हैं, हम भारत के साथ सौदा करने के बहुत करीब हैं। अगर वे एक-दूसरे के साथ युद्ध करते हैं तो मुझे उनमें से किसी के साथ सौदा करने में कोई दिलचस्पी नहीं होगी। मैं ऐसा नहीं करूंगा और मैं उन्हें बता दूंगा। यह एक दिन में दूसरी बार है जब ट्रंप ने अपना यह दावा दोहराया है।

## अंतरिक्ष की यात्रा

### गगनयान मिशन के तहत अंतरिक्ष में जाएंगे भारतीय, नए लॉन्च व्हीकल्स के विकास पर भी जोर

# चांद के साथ अंतरिक्ष में मानव भेजने की तैयारी में इसरो

चेन्नई, एजेंसी

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) अब चांद पर मिशन के साथ ही अंतरिक्ष में मानव भेजने की भी तैयारी कर रहा है। गगनयान मिशन के तहत भारतीय अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में जाएंगे। वहीं, निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने और नए लॉन्च व्हीकल्स के विकास पर भी जोर दिया जा रहा है।

इसरो चंद्रयान, गगनयान और भारत-अमेरिका निसार मिशन सहित कई सफल प्रक्षेपण के साथ ही एक्सिओम-4 मिशन पर देश के पहले अंतरिक्ष यात्री को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर भेजने के लिए प्रतिबद्ध है। इसरो ने अपनी उपलब्धियों को गिनाते हुए यह नवीनतम जानकारी साझा की। एजेंसी ने कहा कि श्रीहरिकोटा के अंतरिक्ष केंद्र से पांच प्रक्षेपण सफल रहे हैं जिनमें आठ भारतीय अंतरिक्ष यान, एक विदेशी उपग्रह और पीओईएम 3 और 4 सहित छह रॉकेट निकायों का सटीक प्रक्षेपण है। इनमें पीएसएलवी-सी58/एक्सपोसैट, पीएसएलवी-सी59/प्रोबा-3, पीएसएलवी-सी60/एसपीएडेक्स डॉकिंग प्रायोगिक मिशन, जीएसएलवी-एफ14/इनसैट-3डीएस और एसएसएलवी-डी3/ईओएस-08 मिशन शामिल थे। इन सभी ने अपनी कक्षा में पेलोड को प्रक्षेपित किया। अपनी उपलब्धियों को दर्शाते हुए इसरो ने बताया कि संगठन के जीसैट-20 को स्पेसएक्स के फाल्कन-9 ब्लॉक 5 द्वारा केप कैनावेरल से लॉन्च किया गया। टीएसएटी-1 ए को भी फाल्कन-9 द्वारा ही लॉन्च किया गया जिसके परिणामस्वरूप कुल आठ भारतीय उपग्रहों, एक विदेशी उपग्रह, और छह रॉकेट निकाय (पोयम -3 और पोयम - 4 सहित) को उनकी इच्छित कक्षाओं में प्रक्षेपित किया गया। वेबसाइट के मुताबिक पिछले साल 31 दिसंबर तक निजी आपरेटरों/शैक्षणिक संस्थानों सहित कुल 36 भारतीय अंतरिक्ष यान पृथ्वी की कक्षा में प्रक्षेपित किये गये। भारत सरकार के स्वामित्व वाले परिचालन उपग्रहों की संख्या लियो (निम्न पृथ्वी कक्षा) में 22 और जियो (भू-समकालिक पृथ्वी कक्षा) में 31 है। भारतीय अंतरिक्ष मिशन -अर्थात् चंद्रयान-2 ऑर्बिटर (सीएच 20) और सूर्य-पृथ्वी लैग्रेंज बिंदु पर आदित्य-एल1 भी सक्रिय थे। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान के प्रणोदन मॉड्यूल ने चंद्र कक्षा से स्थानांतरित होने के बाद उच्च पृथ्वी की कक्षा में काम करना जारी रखा।




### पीएसएलवी - सी 3 का मलबा अभी भी कक्षा में है मौजूद

इसरो अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने इसरो सिस्टम फॉर सेफ एंड सस्टेनेबल स्पेस ऑपरेशंस मैनेजमेंट द्वारा संकलित भारतीय अंतरिक्ष स्थिति आकलन रिपोर्ट जारी करते हुए कहा कि पीएसएलवी -सी 3 का ऊपरी चरण 2001 में टूट गया था, जिससे 371 टुकड़े हुए थे और वायुमंडल में प्रवेश कर गए हैं। 2024 के अंत तक पीएसएलवी - सी 3 का मलबा कक्षा में ही है। 34 रॉकेट निकायों ने पृथ्वी के वायुमंडल में पुन: प्रवेश किया और उस समय ऐसे पांच पुन:प्रवेश हुए। इसरो की वेबसाइट के मुताबिक सभी एलवीएम 3 रॉकेट निकाय क्षय हो चुके हैं और केवल एलवीएम 3 एम 2 वन वेब इंडिया- मिशन से एक ही राकेट कक्षा में बचा हुआ है। जीएसएलवी रॉकेट निकायों में से केवल जीएसएलवी -एफ 12 और जीएसएलवी- एफ 14 रॉकेट निकाय कक्षा में हैं। वर्ष 2024 के अंत तक कुल 31 भारतीय उपग्रह वायुमंडल में पुन: प्रवेश कर चुके हैं। वर्ष 2024 में नौ भारतीय उपग्रह वायुमंडल में पुन: प्रवेश कर चुके हैं।